भारत ने अब तक ऐसे संदेश दिए हैं, जिसमें वह छोटे परंतु विशिष्ट एआइ माडल्स या एप्लिकेशंस बनाने को प्राथमिकता देगा। संप्रभु एआइ किसी देश की वह क्षमता है, जिसके तहत वह घरेलू आधारभूत ढांचे, स्थानीय डाटा, मानवीय प्रतिभा और कानूनी ढांचे का प्रयोग कर एआइ सिस्टम्स को विकसित, लागू और नियंत्रित कर सकता है। इसमें सेमीकंडक्टर, सेमीकंडक्टर चिप का जटिल प्रारूप यानी जीपीयू, बहुकार्मिक क्षमता वाले विशालकाय प्रोग्राम यानी फाउंडेशनल माडल, भाषाओं के बहुत बड़े डाटा पर अभ्यास कराए गए लार्ज लैंग्वेज माडल (एलएलएम), महाकाय डाटा सेंटर आदि की आवश्यकता पड़ती है। ऐसा नहीं है कि इन क्षेत्रों में काम नहीं हुआ है। देश में सर्वम, कृत्रिम और भारतजेन नामक पूर्णतः स्वदेशी एलएलएम विकसित हुए हैं। साथ ही सी डैक ने एआइ स्टैक के रूप में ऐरावत नामक सुपर कंप्यूटर भी तैयार किया है। शोधकर्ताओं और डेवलपर्स को आवश्यक गैर-व्यक्तिगत डाटासेट और माडल रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए एआइ कोश भी बनाया गया है। ये कदम सराहनीय हैं, पर अमेरिकी और चीनी कंपनियों के मुकाबले काफी छोटे हैं। भारत को एक-दो नहीं, बल्कि कई एलएलएम खड़े करने होंगे। आपसी प्रतिस्पर्धा इन माडल्स को धार और विस्तार देगी। भारतीय परिदृश्य में दूसरे स्तर पर एप्लिकेशंस और माडल्स को ट्रेन करने के लिए डाटा की उपलब्धि एक बड़ी चुनौती है। संवेदनशील और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित न करने वाला डाटा इन स्टार्टअप्स के साथ साझा करना सरल बनाना होगा। एआइ या डाटा संप्रभुता को बड़े निवेश की दरकार है। उदाहरण के लिए एंथ्रोपिक ने पिछले दो वर्षों में प्रतिवर्ष छह से सात अरब डालर खर्च किया है। ऐसे निवेश के लिए निजी एवं सरकारी सहयोग से धन जुटाना होगा। निवेश के अलावा संप्रभु एआइ के लिए ऊर्जा भी एक बड़ी चुनौती बनेगी, जिसका प्रबंध सरकार को करना पड़ेगा।



अवधेश राजपूत

नौकरशाही हस्तक्षेप को न्यूनतम रखते हुए विषय विशेषज्ञों की निगरानी में समय-समय पर सरकारी और बड़े निजी संस्थानों में एआइ अंगीकरण और अनुवर्ती क्षमता विकास को मैप किया जाए। बहुत संभव है कि शुरुआती माडल अन्य बड़े माडलों के मुकाबले उतने परिपक्व न हों। चैटजीपीटी जैसे माडल भी प्रारंभिक अवस्था में इतने दक्ष नहीं थे। ऐसे में विचलित हुए बिना एआइ संप्रभुता की ओर कदम बढ़ाने होंगे। संप्रभु एआइ के लिए डाटा की संप्रभुता भी अनिवार्य है।

लगभग 135 देश डाटा रेजिडेंसी नामक अवधारणा के तहत अपने महत्वपूर्ण डाटा को देश में रखे सर्वरों पर ही रखना अनिवार्य करते हैं। भारत को भी ऐसा करना चाहिए। एआइ समिट में भारत सरकार द्वारा गूगल के साथ किए गए करार में ऐसी सुरक्षा शर्त रखनी चाहिए थी। गूगल द्वारा 15 अरब डालर का यह निवेश आर्थिक रूप से अवश्य लाभकारी है, पर इस सेंटर पर अभ्यास कराया गया भारतीय डाटा गूगल के ही स्वामित्व में रहेगा। गूगल एक अमेरिकी कंपनी है, इसलिए आयात-निर्यात के जिन नियमों की वजह से एंथ्रोपिक को अपने दो माडल हटाने पड़े, वह नियम जैमिनी पर भी लागू हो सकते हैं।

भारत कुछ ऐसा नया भी सोच सकता है, जिसमें विश्व में सबसे रचनात्मक और रोचक एआइ इनोवेशन हब का निर्माण हो पाए और जिसमें विश्व के एआइ उद्यमी निवेश करने में रुचि दिखाएं। चूंकि एआइ एक नया पाठ्यक्रम है, इसलिए प्रयास होने चाहिए कि विश्व के सबसे अच्छे शिक्षकों से भारतीय विद्यार्थियों को शिक्षण प्राप्त हो सके। भारत को अपने आप को ऐसे गंतव्य के रूप में स्थापित करना चाहिए, जो इस क्षेत्र के सर्वोत्तम मानव संसाधन को आकर्षित कर सके। ऐसे कई प्रसंग हैं जब प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर लगी रोक के बाद भारत ने अपनी क्षमताओं को साबित किया। क्रायोजेनिक इंजन, परम सुपर कंप्यूटर और परमाणु कार्यक्रम की सफलता ऐसे तीन बड़े उदाहरण हैं। अमेरिकी सरकार द्वारा एंथ्रोपिक टूल्स पर प्रतिबंध को भी ऐसी ही एक चुनौती मानकर हमें संप्रभु एआइ के लिए मिशन मोड में काम करना चाहिए।

(लेखक इंडिक अकादमी के सदस्य एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# हर ज्ञान की एक उम्र होती है



क्षमा शर्मा

**यदि हम बच्चों को बचपन से ही बड़ों के जीवन वाला ज्ञान देने लगेंगे, तो कई बार वह विपरीत परिणाम देगा**

हाल में इटली से खबर आई कि वहां स्कूलों में यौन शिक्षा देने के लिए पहले माता-पिता और अभिभावकों से अनुमति लेनी होगी। वहां के वामपंथियों और ग्रीन पार्टी वालों ने इसका विरोध किया। कहा कि यह आदेश तो ऐसा है जैसे इटैलियन भाषा सिखाने से पहले माता-पिता से पूछा जाए। इटली यूरोप का देश है। वहां ऐसा क्यों हो रहा है? अब तक यौन शिक्षा देने की वजह यह बताई जाती रही है कि इससे बच्चों के प्रति अपराधों में कमी आती है। बच्चे अपना अच्छा-बुरा समझते हैं, लेकिन यदि पश्चिमी देशों में इसके खिलाफ आवाज उठने लगे, तो इसका अर्थ यही माना जाना चाहिए कि वहां जनता का एक बड़ा तबका ऐसा नहीं चाहता। इसका एक कारण यह भी है कि वहां बच्चे बहुत कम उम्र से ही यौन क्रियाओं में लिप्त हो जाते हैं। बहुत से बच्चे खेलने और पढ़ने की उम्र में माता-पिता बन जाते हैं। कई बार तो मात्र 10-12 वर्ष की उम्र में ही। वहां टीन एज प्रेगनेंसी भी बहुत है।

कुछ समय पहले ब्रिटेन की एक खबर यह थी कि वहां एक 14 साल की लड़की ने एक बच्चे को जन्म दिया। बाद में उस लड़की ने कहा कि उसकी समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ, क्योंकि उसने गर्भ निरोधकों का इस्तेमाल किया था। उसका मासिक धर्म भी नियमित था। ऐसी ही एक और खबर थी कि 12 वर्ष का एक बच्चा पिता बन गया। इस बच्चे के संपर्क में आने वाली लड़की की उम्र 15 साल थी। ऐसा तब हुआ, जब ब्रिटेन समेत अन्य पश्चिमी देशों में स्कूलों में बचपन से ही यौन शिक्षा दी जाती है और स्कूलों में गर्भ निरोधक गोलियों की मशीनें भी लगी रहती हैं। पश्चिमी देशों में रहने वाले बहुत से भारतीय माता-पिता इससे परेशान हैं। अमेरिका में रहने वाली एक भारतीय मूल की महिला, जिनकी दो बच्चियां हैं, का कहना है कि वे उन्हें यहां नहीं पालना चाहतीं। वे भारत वापस आना चाहती हैं, क्योंकि वहां के डाक्टरों ने सलाह दी कि बच्ची के नौ वर्ष के हो जाने के बाद उसे नियमित रूप से गर्भ निरोधक गोलियां दी जाएं, जिससे वह अनचाहे गर्भ से बच सके। यह स्थिति डरावनी भी है। क्या वाकई स्कूलों में यौन शिक्षा देने से बच्चों को कोई सीख मिलती है?



स्कूलों में यौन शिक्षा के औचित्य पर सवाल ।फाइल

2024 में यूनिसेफ ने दुनियाभर में होने वाले यौन अपराधों का आंकड़ा प्रस्तुत किया था। दुनिया में आठ में से एक बच्ची या किशोरी के साथ यौन अपराध होता है। सिर्फ लड़कियां ही नहीं, 11 में से एक लड़का भी इसका शिकार बनता है। अमेरिका में हर नौ मिनट में एक बच्चा ऐसे अपराधों का शिकार होता है। वहां की चाइल्ड प्रोटेक्टिव सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार हर साल 63 हजार बच्चे ऐसे अपराधों का शिकार बनते हैं-नौ में से एक लड़की और 20 में से एक लड़का। इनमें से 82 प्रतिशत लड़कियां 18 वर्ष से कम उम्र की होती हैं। इन आंकड़ों के अनुसार देखा जाए, तो एप्स्टीन फाइल्स तो एक उदाहरण मात्र है। चाइल्ड राइटस संस्था ने अपने सर्वेक्षण में यह पाया कि पश्चिमी यूरोप के देशों में लगभग पचास लाख बच्चे दुष्कर्म और अन्य यौन अपराधों के शिकार हैं। लड़कियों में यह संख्या 9.7 प्रतिशत और लड़कों में 3.9 प्रतिशत है। 19 यूरोपियन देशों के अध्ययन में पता चला कि 5.3 प्रतिशत लड़कियां और 1.6 प्रतिशत लड़के दुष्कर्म जैसे अपराध झेलते हैं।

अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देश ऐसे हैं, जिनके यहां स्कूलों में यौन शिक्षा दी जाती है। मगर इस कारण यौन अपराध रुक गए हों, ऐसा नहीं है। वहां बहुत से लोग यह भी कहते हैं कि बच्चों का यौन गतिविधियों में लिप्त होना उनका अधिकार है। भारत समेत तमाम एशियाई देशों की इस बारे में आलोचना की जाती है कि इन देशों में बच्चों को माता-पिता और अभिभावक अपने दवाब में रखते हैं। वे उन्हें यौन आजादी नहीं देते। यौन शिक्षा का भी अभाव है। फिर एक ही झटके में भारत जैसे तमाम देशों को वैचारिक रूप से पिछड़ा साबित कर दिया जाता है।

हमारे यहां भी इन बातों से प्रेरणा लेकर बहुत से लोग स्कूलों में यौन शिक्षा देने की वकालत करते नजर आते हैं। यदि वाकई इससे बच्चों के प्रति ये भयंकर अपराध रुक सकते हों, तो पश्चिमी देशों में आज तक ऐसा क्यों नहीं हो पाया है? यदि बारह-चौदह साल की उम्र में माता-पिता बनना ठीक है, तो उन तर्कों का क्या हो, जो कहते हैं कि कम उम्र में मां बनना लड़कियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अगर कोई लड़की बचपन में ही मां बन जाएगी, तो वह पढ़ेगी-लिखेगी क्या? इस बच्ची के बच्चों को पालने की जिम्मेदारी भी उसके माता-पिता की होगी। एक तरह से दोहरा भार। जब से इटली की खबर पढ़ी है, तब से यही लग रहा है कि एक तरफ तो वहां परिवार का ही निषेध किया जाता है, तो दूसरी तरफ बच्चे मां-बाप बन जाते हैं। इसीलिए वे लोग भी चाहते हैं कि बच्चे पहले पढ़ें, लिखें, फिर जीवन की अन्य गतिविधियों में शामिल हों। वे ये भी जानते हैं कि यौन शिक्षा से अपराध भी कम नहीं होते। इसीलिए यह बात सही मालूम पड़ती है कि हर संस्कृति की अपनी एक समझ होती है। हर ज्ञान की एक उम्र होती है। बचपन से ही बड़ों के जीवन का ज्ञान देने लगेंगे, तो कई बार वह औंधे मुंह गिरेगा। इसके अतिरिक्त जिन कारणों के निवारण के लिए उसे दिया गया, उसका भी निदान नहीं हो सका।

(लेखिका साहित्यकार हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### सहिष्णुता की सीमा

अवांछनीय या आपत्तिजनक व्यवहार से असहज, क्रोधित, क्षुब्ध या आहत हो जाना सामान्य मानवीय स्वभाव है। सुधीजन प्रतिकूल परिस्थिति में प्रतिक्रिया नहीं करेगा, बल्कि सुविचार से समग्र परिस्थिति को समग्रता में समझने का यत्न करेगा। यही सहिष्णुता है। दूसरों के कहे-लिखे से संतुलन खो देना सहिष्णुता का अभाव दर्शाता है। अप्रिय व्यवहार का कारण अज्ञान भी हो सकता है। आज की बहुरंगी दुनिया में स्वयं से इतर माटी या मान्यताओं को भी स्वीकार किया जाना है, तभी समाज में सुख-शांति रहेगी। सुधीजन जानता है कि भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमि, प्रवृत्ति, आकांक्षा और अभिरुचि के व्यक्तियों के बीच हमें जीवन बिताना है। दूसरों की भावना और मंतव्य को नहीं बूझेंगे, तो द्वंद्व और कटुताएं पनपेंगी, बढ़ेंगी और आवश्यक कार्य बाधित होंगे।

सहिष्णुता उच्च मानवीय गुण है। आदिग्रंथों ने इसे सराहनीय और अनुकरणीय गुण बताया है। धैर्यशील व्यक्ति सम्मान का पात्र होता है। घर-परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में दुविधा के क्षणों में धैर्यशील व्यक्ति से मार्गदर्शन लिया जाता है। उसके कार्यों की सदा सराहना होती है। उस अप्रिय वचन, व्यवहार को सहन करना श्रेष्ठ है, जिसकी परिणति हितकारी हो। घरेलू, सामाजिक या वृहत्तर स्तर पर घट रहे अवैध, अनैतिक, अमानवीय कृत्यों या हिंसा को सहता रहा जाए, यह तो पाप को प्रोत्साहन हुआ। प्रश्न है, किनके प्रति कितनी सहिष्णुता बरती जाए? सहिष्णुता कमजोरी नहीं, बल्कि सशक्तता का परिचायक है। सुशिक्षित व्यक्ति सहिष्णु होगा। असहिष्णुओं से सहिष्णुता बरतने वाले समाज में असहिष्णुओं के वर्चस्व की प्रबल आशंका उत्पन्न हो जाती है। अतः जहां सहिष्णुता को कायरता समझा जाए, वहां सिद्ध अन्याय या कदाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता ही श्रेयस्कर है।

हरीश बड़थ्वाल

# पोषण के मोर्चे पर दोहरी चुनौती

रंजना मिश्रा

> **जब खून की कमी से जूझ रही एक महिला मां बनती है, तो वह एक कुपोषित बच्चे को ही जन्म देती है**

हाल में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की साल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में नाटेपन (स्टंटिंग) की दर का पिछले सर्वेक्षण के 35.5 प्रतिशत से घटकर 29.3 प्रतिशत पर आना एक राहत भरी खबर है। हालांकि देश में बाल वेस्टिंग की दर लगभग 18.7 प्रतिशत बनी हुई है, जो दुनिया में सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक है। एक बच्चा जिसकी लंबाई तो अपनी उम्र के हिसाब से ठीक बढ़ रही है, लेकिन उसका वजन बहुत कम है, यह बताता है कि उसे रोजमर्रा के जीवन में पर्याप्त पौष्टिक भोजन नहीं मिल पा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में छह से 23 महीने के उम्र के केवल 15 प्रतिशत बच्चों को ही संतुलित आहार मिल पाता है। इसका अर्थ यह है कि 85 प्रतिशत बच्चे अपनी उम्र के उस सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर सही पोषण से वंचित रह जाते हैं, जब उनके मस्तिष्क और शरीर का सबसे तेजी से विकास हो रहा होता है।

देश की आधे से अधिक (लगभग 53.7 प्रतिशत) महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। जब एक कमजोर और खून की कमी से जूझ रही महिला मां बनती है, तो वह एक कुपोषित बच्चे को ही जन्म देती है। इसे 'प्रच्छन्न भुखमरी' या 'हिडन हंगर' कहा जाता है, जहां व्यक्ति का पेट तो किसी तरह भर जाता है, लेकिन शरीर को जरूरी विटामिन और खनिज नहीं मिल पाते। इस बार की रिपोर्ट अति-पोषण या मोटापा का और भी ध्यान खींचती है। एक तरफ हमारे गांव और गरीब बस्तियों में बच्चे बुनियादी भोजन के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहरी और मध्यम वर्ग में डिब्बाबंद खाना, अत्यधिक चीनी वाले आहार और शारीरिक मेहनत कम होने के कारण बच्चों से लेकर बड़ों तक में मोटापा एक नई महामारी बनकर उभर रहा है। यह स्थिति आने वाले समय में हमारे स्वास्थ्य तंत्र पर डायबिटीज और हृदय रोगों जैसे गंभीर गैर-संक्रामक रोगों का भारी बोझ डालने वाली है।

इन सभी चुनौतियों से निपटने के लिए अब हमें अपनी रणनीतियों और सोच दोनों को बदलना होगा। कुपोषण को दूर करने का मतलब अब सिर्फ मुफ्त राशन बांटना या मिड-डे मील से बच्चों का पेट भरना नहीं रह गया है। हमें 'भोजन की उपलब्धता' को 'पोषण की गुणवत्ता' के साथ गहराई से जोड़ना होगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में केवल गेहूं और चावल तक सीमित रहने के बजाय मोटे अनाज (मिलेट्स या श्री अन्न), स्थानीय दालों और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों को सिर्फ सरकारी योजनाएं लागू करने का केंद्र न मानकर उन्हें पोषण शिक्षा के जीवंत केंद्रों में बदलना होगा। वहां माताओं को स्थानीय और मौसमी खान-पान के सही तरीकों की व्यावहारिक जानकारी मिलनी चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### खेल सिखाते हैं जीवन के कौशल

भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने "बच्चों के सीखने का जरिया हैं खेल" शीर्षक से लिखे आलेख में केवल खेल के महत्व को ही नहीं बताया है, बल्कि हमें उस सामाजिक कौशल से भी परिचित कराया है जिसे आज का समाज धीरे-धीरे भूलता जा रहा है। आज का समय तकनीक और प्रतिस्पर्धा का युग है, जहां बच्चों का बचपन धीरे-धीरे मोबाइल स्क्रीन और कोचिंग संस्कृति में सिमटता जा रहा है। अभिभावक का ध्यान बच्चों की शारीरिक और खेल गतिविधियों के बजाय अधिक अंक और किताबी ज्ञान अर्जित करने पर रहता है, जिससे बच्चा जीवन के महत्वपूर्ण कौशलों को सीखने से वंचित रह जाता है। खेल के मैदान में बच्चा अनुशासन सीखता है, टीम भावना विकसित करता है, हार को स्वीकार करना और जीत में विनम्र रहना सीखता है। यही गुण आगे चलकर उसे एक जिम्मेदार नागरिक, पेशेवर और संवेदनशील इंसान बनाते हैं। आज खेलों के प्रति लोगों के मन में सकारात्मक सोच विकसित तो हो रहा है, किंतु शहरों की भागदौड़ और खेल के मैदानों में कमी के कारण पारंपरिक खेलों की संस्कृति कमजोर पड़ रही है जिससे बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक व्यवहार प्रभावित हो रहा है। एक पुरानी कहावत थी कि पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे, कूदोगे तो बनोगे खराब, लेकिन इस परिभाषा को आज तमाम खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के दम पर गलत साबित कर रखा है। कम पढ़े-लिखे खिलाड़ी भी आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल जाति, धर्म, भाषा और आर्थिक असमानताओं की दीवारों को तोड़कर समानता और भाईचारे की भावना विकसित करते हैं। भविष्य का भारत केवल तकनीकी रूप से सक्षम नहीं, बल्कि मानसिक रूप से स्वस्थ, नैतिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों वाला होना चाहिए और इसके लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

शिवम सिंह, बांदा, उप्र

### समावेशी विकास की असली परीक्षा

ए. सूर्यप्रकाश के 'मोदी सरकार की प्राथमिकता में वंचित वर्ग' शीर्षक से लिखे गए विचार को पढ़ते हुए यह स्पष्ट होता है कि सामाजिक न्याय केवल योजनाओं की घोषणा से नहीं, बल्कि उनके अंतिम लाभार्थी तक प्रभावी क्रियान्वयन से सिद्ध होता है। बीते वर्षों में आवास, शौचालय, नल-जल, स्वास्थ्य बीमा, खाद्यान्न और वित्तीय समावेशन जैसी पहलों ने अनेक वंचित परिवारों के जीवन में परिवर्तन लाया है। फिर भी बहस का प्रश्न यह है कि क्या इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समान रूप से पहुंच रहा है, अथवा क्षेत्रीय असमानताएं, प्रशासनिक शिथिलता और सूचना का अभाव अभी भी बड़ी बाधाएं बने हुए हैं। ग्रामीण भारत में आज भी अनेक परिवार दस्तावेजों की त्रुटियों, डिजिटल साक्षरता की कमी, बैंकिंग सुविधाओं की दूरी तथा स्थानीय स्तर पर समन्वय के अभाव के कारण सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और आदिवासी अंचलों जैसे क्षेत्रों में यह चुनौती अधिक स्पष्ट दिखाई देती है। योजनाओं की सफलता का मूल्यांकन केवल लाभार्थियों की संख्या से नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार सृजन, पोषण स्तर, कृषि आय, महिला स्वावलंबन तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़े दीर्घकालिक प्रभाव से भी होना चाहिए। सामाजिक न्याय तभी सार्थक होगा जब अवसरों की समानता स्थायी रूप से विकसित हो। प्रत्येक जिले में स्वतंत्र सामाजिक अंकेक्षण, ग्रामसभा आधारित जन-समीक्षा, वास्तविक समय की सार्वजनिक प्रगति रिपोर्ट तथा स्थानीय निकायों की जवाबदेही को और सशक्त बनाया जाए। लाभार्थियों के अनुभवों को नीति-निर्माण का आधार बनाया जाए तथा योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लचीला बनाया जाए। समावेशी विकास का लक्ष्य तभी पूर्ण होगा जब सरकारी प्रतिबद्धता, प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसहभागिता मिलकर वंचित वर्ग को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया का भागीदार बना दें।

awanishg30@gmail.com

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**650** करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी में दवाओं व चिकित्सा उपकरणों की खरीद में। आरंभिक जांच में सरकारी अस्पतालों के लिए दवा, चिकित्सा उपकरणों आदि की खरीद में अनियमितता की बातें साम्ने आई हैं।



आजकल



लालजी जायसवाल
लोकनीति विश्लेषक

# साइबर धोखाधड़ी पर नियंत्रण का प्रयास

**भारत तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूपीआइ, डिजिटल बैंकिंग, आनलाइन निवेश और ई-गवर्नेंस ने आम नागरिक के जीवन को सरल बनाया है। किंतु इसी डिजिटल क्रांति के साथ साइबर अपराध भी अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने साइबर अपराधियों को 'परजीवी' बताते हुए कहा कि वे निवेशकों की गाढ़ी कमाई को धोखे से हड़प लेते हैं, इसलिए ऐसे अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी समाज के हित में नहीं हो सकती। न्यायालय की यह टिप्पणी इस गंभीर चुनौती को रेखांकित करती है**



प्रतीकात्मक

साइबर अपराध अब केवल तकनीकी अपराध नहीं रह गए हैं, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न बन चुके हैं। आज फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, आनलाइन ट्रेडिंग फ्राड, यूपीआइ धोखाधड़ी, फिशिंग और डीपफेक तकनीक के माध्यम से लाखों लोगों को ठगा जा रहा है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्रतिदिन हजारों शिकायतें दर्ज हो रही हैं। अपराधी आधुनिक तकनीक का उपयोग कर लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने धोखाधड़ी के नए रास्ते खोल दिए हैं। किसी व्यक्ति की आवाज और वीडियो की नकल कर परिवारजनों से पैसे मांगने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

हालांकि साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं केवल कानून व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, बल्कि डिजिटल साक्षरता की कमी का भी परिणाम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों को अक्सर साइबर अपराधी आसान लक्ष्य बना लेते हैं। इसलिए केवल कठोर दंड पर्याप्त नहीं होगा, नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

**साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएं :** साइबर अपराध केवल बैंक खाते से पैसे चोरी नहीं करता, बल्कि नागरिकों के मन से विश्वास भी चुरा लेता है। जब कोई व्यक्ति डिजिटल भुगतान, आनलाइन निवेश या सरकारी पोर्टल पर भरोसा खोने लगता है, तब नुकसान केवल उस व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल भारत अभियान का होता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा साइबर अपराधियों को 'परजीवी' कहना केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ का सटीक चित्रण है। परजीवी स्वयं उत्पादन नहीं करते, बल्कि दूसरों की मेहनत पर जीवित रहते हैं। साइबर अपराधी भी समाज की उत्पादक शक्ति को कमजोर कर आर्थिक विकास को भीतर से खोखला करते हैं।

भारत में साइबर व वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में तेजी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026 में 48 हजार करोड़ की बैंक धोखाधड़ी के 10,114 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा, 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी के बड़े मामले रिपोर्ट हुए हैं। बता दें कि साल 2018-19 में डिजिटल बैंकिंग फ्राड 74 प्रतिशत बढ़कर 71,543 करोड़ रुपये का हो गया था। पिछले 11 वर्ष में बैंक फ्राड के कुल 53,334 मामले सामने आए हैं, जबकि इनके जरिये 2.05 लाख करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-2023 में 30 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की बैंक धोखाधड़ी की शिकायतें देश में दर्ज की गई थीं। अभी तक साइबर अपराधी यूपीआइ धोखाधड़ी, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, ओटीपी धोखाधड़ी, नौकरी के नाम पर ठगी, सामान आपूर्ति ठगी आदि के जरिये लोगों को ठगते आ रहे हैं। अब 'डिजिटल अरेस्ट' भी साइबर अपराधियों का एक बड़ा हथियार बनकर सामने आ रहा है।

**ठगी से सुरक्षा की रणनीति :** साइबर ठगी पर नियंत्रण के लिए अन्य देशों से सीखने की जरूरत है। सिंगापुर ने एक विशिष्ट ढांचा लागू किया है, जिसके तहत फिशिंग और आनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में बैंक और टेलीकाम कंपनियों की जवाबदेही तय की जाती है। यदि वे सुरक्षा मानकों में चूक करते हैं, तो उन्हें पीड़ित को मुआवजा देना पड़ता है। यूके में बैंकों को संदिग्ध धोखाधड़ी वाले लेनदेन में देरी करने का कानूनी अधिकार दिया गया है। इसके तहत वे धन निकासी को 72 घंटे तक रोक सकते हैं, ताकि धोखाधड़ी की जांच की जा सके। यूरोपीय देशों और अमेरिका में, धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए एआइ और मशीन लर्निंग का उपयोग हो रहा है। ये प्रणालियां यूजर के व्यवहार (जैसे टाइप करने की गति, माउस का मूवमेंट और नेविगेशन पैटर्न) का विश्लेषण करती हैं। असामान्य व्यवहार दिखने पर यह तुरंत अलर्ट जारी कर देती हैं।

इसी प्रकार भारत में भी नवाचार व्यवस्था पर ध्यान देना होगा जिससे ठगी की घटनाएं नियंत्रित हो सकें। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना होगा। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ग्रामीण पंचायतों में एक ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाए जो ग्रामवासियों को डिजिटल मिशन के प्रति प्रेरित भी करें और धोखाधड़ी से अपने धन की सुरक्षा के उपाय बाबत पुख्ता प्रशिक्षण भी किसानों, मजदूरों अथवा कम शिक्षित लोगों को प्रदान करे। आजकल वीडियो काल से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को ध्यान रखना होगा कि किसी भी अनजान नंबर से आए वीडियो काल को स्वीकार नहीं करना है। अन्यथा डिजिटल अरेस्ट के शिकार बन सकते हैं। अगर जागरूकता रहेगी तो साइबर अपराध से आसानी से बचा जा सकता है।

भारत का भविष्य डिजिटल है, लेकिन डिजिटल भविष्य तभी सुरक्षित होगा, जब नागरिकों का विश्वास सुरक्षित रहेगा। साइबर अपराधी वास्तव में डिजिटल अर्थव्यवस्था के "परजीवी" हैं, जो लोगों की गाढ़ी कमाई पर हमला करते हैं। इसलिए केवल कानून की कठोरता पर्याप्त नहीं है, तकनीकी सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, संस्थागत क्षमता और जन-जागरूकता को समान रूप से मजबूत करना होगा। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो साइबर अपराध डिजिटल भारत की सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है। वहीं यदि सरकार, न्यायपालिका, तकनीकी संस्थान और नागरिक मिलकर प्रयास करें तो इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल नहीं है।

## हेल्पलाइन के माध्यम से बचाव की पुख्ता व्यवस्था



आलोक वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) से लैस करने का निर्णय एक सकारात्मक कदम है। परंतु तकनीकी उन्नयन तभी सार्थक होगा, जब उसके साथ जमीनी क्रियान्वयन, बैंकिंग समन्वय व नागरिक-केंद्रित जवाबदेही का ढांचा भी खड़ा हो। हालांकि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन '1930' के पुनर्गठन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग का निर्देश देकर यह संकेत दिया है कि वह इस चुनौती को गंभीरता से ले रही है। यह निर्णय सही दिशा में उठाया गया कदम है, किंतु अकेले तकनीक किसी भी व्यवस्था की खाइयों को नहीं भर सकती। इसके लिए व्यवस्था के बाकी हिस्सों को भी संकल्पित होना पड़ेगा।

आज स्थिति यह है कि साइबर ठगी का शिकार नागरिक जब 1930 डायल करता है, तो उसकी सबसे बड़ी जरूरत होती है- तत्काल कार्रवाई। विलंब होने की स्थिति में कई बार शिकायतकर्ता ही आरोपी बना नजर आता है। ऐसे दर्जनों लोग पुलिस और प्रशासन के चक्कर काटते मिल जाएंगे जो विलंबित कार्रवाई के शिकार हैं। वस्तुतः वित्तीय धोखाधड़ी में 'गोल्डन आवर' की अवधारणा निर्णायक है। ठगी के बाद के पहले कुछ घंटों में यदि बैंक खाते को फ्रीज किया जा सके तो रकम की वसूली की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। एआइ-आधारित प्रणाली शिकायतों का वर्गीकरण भले ही तेज कर दे, लेकिन यह समन्वय बैंकों, राज्य पुलिस और आइ4सी (इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर) के बीच वास्तविक समय में होना चाहिए और इसके लिए तकनीक से कहीं अधिक, प्रशासनिक इच्छाशक्ति एवं संस्थागत तैयारी चाहिए। वैसे एआइ शिकायतों को फिल्टर और वर्गीकृत कर सकता है, लेकिन न्याय देने की क्षमता व्यवस्था की है, एल्गोरिदम की नहीं। इस सच को समझने की जरूरत है।

बहुभाषी समर्थन का प्रविधान इस पहल का सबसे समावेशी पहलू है। भारत के उन करोड़ों नागरिकों के लिए जो हिंदी या अंग्रेजी में अभिव्यक्त होने में असहज हैं, यह सुविधा शिकायत दर्ज कराने की सबसे बड़ी बाधा को दूर कर सकती है। बशर्ते, एआइ का प्रशिक्षण केवल भाषाओं के मानक अनुवाद तक सीमित न रहे, स्थानीय बोलियों, मुहावरों और सांस्कृतिक संदर्भों को भी आत्मसात करना होगा। इसके बाद ही एआइ के बहुभाषी होने का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकता है। साथ ही पीड़ित को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि उसकी शिकायत किस चरण में है, कौन सी एजेंसी उस पर काम कर रही है और अपेक्षित समाधान कब तक संभव है। एआइ-आधारित निगरानी इसमें पारदर्शिता ला सकती है।

साइबर अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है। म्यांमार जैसे देशों से संचालित संगठित गिरोह, डीपफेक तकनीक से बने जाल और केवाइसी की खामियों का दोहन- ये सब मिलकर एक बहुआयामी खतरा खड़ा कर रहे हैं। इसका उत्तर भी बहुआयामी होना चाहिए। एआइ के साथ-साथ राज्यों की साइबर इकाइयों का वास्तविक एकीकरण, वित्तीय संस्थाओं के साथ सूचना-साझाकरण की रफ्तार और अभियोजन की दर में ठोस सुधार, ये वो आयाम हैं जिन पर काम करने की जरूरत है।

ऐसे में 1930 का यह पुनर्गठन एक सुविचारित और समयोचित पहल है। एआइ इस प्रणाली को अधिक कुशल, सुलभ और संवेदनशील बना सकता है, बशर्ते इसे एक साधन की तरह इस्तेमाल किया जाए, साध्य की तरह नहीं। असली सफलता तब मानी जाएगी, जब देश का कोई भी नागरिक, चाहे वह किसी भी भाषा में बोलता हो, किसी भी राज्य में रहता हो, यदि वह 1930 डायल करे तो उसे तसल्ली के साथ-साथ न्याय भी मिले।

खरी-खरी

## शंका का निवारण

विनय कुमार पाठक

गरीबदास की समझ में यह बात नहीं आ रही थी कि कैसे उस नेता को पद्म विभूषण जैसे पुरस्कार से नवाजा जाता है जो सत्ता में रहने के दौरान जमकर घोटाला करता है। जिसके ऊपर हत्या का आरोप लगा होता है, जो घूसखोरी के लिए जाना जाता है, जो आय से हजार गुना अधिक संपत्ति का मालिक होता है। अपने इस दुविधा को दूर करने के लिए हमेशा की तरह उसे कलमदास की शरण में जाना पड़ा। कलमदास शरणागत वत्सल सिद्धांत पर विश्वास करने वाले जीव थे। कोई भी भ्रमित व्यक्ति उनके पास अपने संशय को दूर करने के लिए आता था तो वे उसके शंका का निवारण जरूर करते थे, चाहे बात उस विषय की जो जिसकी उन्हें रत्ती भर भी जानकारी न हो।

तो उन्होंने गरीबदास को कुछ इस तरह समझाया कि भाईचारा बहुत ही महत्वपूर्ण होता है आज के युग में। यह भाईचारा और किसी के बीच हो न हो, मौसेरे भाइयों के बीच जरूर होता है। सत्ता स्वभावतः किसी एक के स्वामित्व में नहीं रहती प्रजातंत्र में। आज जो सत्ता में है वह सतत सत्ता में नहीं रह सकता। पांच वर्षों के बाद हो या 25 वर्षों के बाद, सत्ता में परिवर्तन होता ही है। और जब परिवर्तन होता है तो चोर सिपाही के पात्र बदल जाते हैं। वैसे ही जैसे चोर सिपाही के खेल में बदल जाते हैं।

ऐसे में सत्ता में रहने वाला व्यक्ति कुछ सोचकर उस नेता को पद्म विभूषण जैसे पुरस्कार देता है जो हत्यारोपित होता है या अन्य जघन्य अपराध में लिप्त होने का आरोपी होता है। वह समझता है कि आने वाले वर्षों में जब वह सत्ता से बाहर होगा तो सत्तासीन व्यक्ति के हाथ में उसकी जीवनसुख की डोर होगी। यदि वह आज किसी को पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा तो कल जब वह सत्ता से बाहर होगा तो उसे भी इसी तरह सम्मानित किया जाएगा, भले ही उस पर कितने आरोप लगे हों।

जिस व्यक्ति को पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, उसके परम या चरम चमचे सीधे भारत रत्न की मांग करते हैं। देश पर भार 'रत्न' को भारत रत्न की उपाधि दिलाकर वे उस व्यक्ति विशेष के उत्तराधिकारी के गुड बुक में रहने के लिए स्वयं को उसके लायक घोषित कर देते हैं।

पोस्ट

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 72 डालर पर आ गई है। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते जब कच्चे तेल की कीमत 100 डालर से अधिक हो गई थी तो भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम में लगभग आठ रुपये की बढ़ोतरी की गई। तो क्या अब देश की जनता को राहत मिलेगी।

आदेश रावल@AadeshRawal

फुटपाथ वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सही कहा है कि एमवी एक्ट वाहन को केंद्र में रखकर बनाया गया है, फुटपाथ पर चलने वालों के अधिकारों को ध्यान में रख कर नहीं। अब सरकार को इस कानून में संशोधन कर देना चाहिए, ताकि बड़े पैमाने पर फुटपाथ बनाए जा सकें। सड़कों के नए टेंडर फुटपाथ के साथ ही जारी हों।

आरके विज@ipsvijrk



तकनीकी दृष्टि से सरकार का कहना सही है कि पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं होता, लेकिन जनहित की दृष्टि से यह आवश्यक है कि नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की एक विस्तृत और स्पष्ट सूची व्यापक रूप से सार्वजनिक की जाए। इससे इस विषय पर चल रही भ्रम और बहस की स्थिति समाप्त हो सकेगी।

संकेत उपाध्याय@sanket

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या पाकिस्तान के साथ ट्रैक-2 वार्ता होना सही है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का नए सिरे से गठन होना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

सावरकर को आप ही कहते 'माफी वीर',
पर खुद माफी मांगते राहुल बने अधीर।
राहुल बने अधीर बोलते बिना विचारे,
जब सम्मन आ जाय उन्हें दिखते हैं तारे!
मांगे दसियों बार क्षमा अपने घर रहकर,
काला पानी जाय सजा काटे सावरकर!!

-ओम प्रकाश तिवारी

बिहार डायरी



अरुण अशेष
उप राजनीतिक संपादक, बिहार

# अब नहीं हो रही योगी माडल की मांग

उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी एनकाउंटर और बुलडोजर के माध्यम से शासन चलाने का आग्रह करने वाले लोग इन दिनों दुखी हैं। वे अब दोनों तरह की कार्रवाई का न केवल विरोध कर रहे हैं, बल्कि सरकार से दो-दो हाथ करने को तत्पर हैं। उन्हें लगने लगा है कि शासन अगर इन दोनों शस्त्रों का प्रयोग अविवेकपूर्ण तरीके से करने लगे तो इसकी चपेट में वे भी आ सकते हैं। एनकाउंटर और बुलडोजर को न्याय का रास्ता समझने वालों को भरत भूषण तिवारी की मौत से गहरा झटका लगा है। इसी 16 जून को भरत की मौत पुलिस की गोली से हुई। पुलिस के अनुसार यह एनकाउंटर था। स्वजन और दूसरे लोगों का आरोप है कि भरत की पुलिस ने हत्या कर दी।

विवाद बढ़ा तो सरकार की ओर से न्यायिक जांच की घोषणा हुई। पटना हाई कोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। जांच शुरू भी हो गई है। न्यायिक जांच के समानांतर प्रशासनिक कार्रवाई भी हो रही है। भरत की मां की लिखित सूचना पर उन पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हो गई, जिन्हें पहली नजर में इस घटना के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। कुल मिलाकर शासन के स्तर पर इस घटना से उत्पन्न आक्रोश को कम करने के लिए जितने उपाय किए जा सकते हैं, किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कह रहे हैं न्याय होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी के समय आपदा में अवसर का सूत्र दिया था। उद्यमी और दूसरे उत्पादक समूहों ने इसके सकारात्मक पक्ष को स्वीकार किया। लेकिन, दूसरे मामलों की तरह राजनीतिक दलों ने इस आपदा में भी अपने लिए अवसर का अलग कोना तलाश लिया। अब यह प्रकरण पूरी तरह राजनीतिक रूप ले चुका है। इसके माध्यम से भाजपा की अगुआई वाली पहली राज्य सरकार की विश्वसनीयता



किसी आरोपित के घर पर बुलडोजर कार्रवाई के प्रति जनता का मोहभंग होता दिख रहा है। फाइल

पर प्रश्न उठाया जा रहा है। इसे जातिवादी रंग देने का प्रयास भी चल रहा है। भरत तिवारी प्रकरण पर इंटरनेट मीडिया में चल रहे विमर्श का विश्लेषण करें तो पता चलेगा कि समाज को एक बार फिर जाति आधारित विभाजन की ओर ले जाने का नियोजित उपक्रम चलाया जा रहा है। सबसे आश्चर्यजनक पक्ष यह है कि पूरे प्रकरण में मुख्य विपक्षी दल राजद कोने में खड़ा है। उसे विश्वास है कि जो काम उसके कार्यकर्ता नहीं कर पाए, एनडीए के नेता और कार्यकर्ता कर दे रहे हैं। पुलिस की भूमिका पर प्रश्न उठाने की पहल भाजपा के नेताओं की ओर से हुई थी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे इन दिनों भाजपा में उपेक्षित चल रहे हैं। इस प्रकरण के माध्यम से वे अपनी सार्थकता सिद्ध करने में लगे हैं। चौबे आगे बढ़े तो भाजपा के दूसरे नेताओं को डर हुआ कि हम कहीं पीछे न छूट जाएं। भाजपा और एनडीए के घटक दलों के नेता बारी-बारी से इसमें कूद पड़े। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा ने पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका रूख संतुलित था। दूसरी तरफ उन्हीं के दल के नेता और राज्य के योजना एवं विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा पुलिस कार्रवाई के पक्ष में खड़े हो गए। जदयू के दूसरे मंत्री डा. अशोक चौधरी की नजर में भी पुलिस कार्रवाई गलत है। वहीं केंद्रीय मंत्री और एनडीए के घटक हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक जीतनराम मांझी ने पहले पुलिस कार्रवाई का समर्थन किया। अब कह रहे हैं कि हम सबको जांच के परिणाम की प्रतीक्षा करनी चाहिए। वैसे मांझी ऐसे नेता हैं जो किसी विषय पर कुछ बोल सकते हैं और फिर अपने कहे से पलट भी सकते हैं।

धारणा यह बन जा रही है कि पुलिस कार्रवाई का विरोध करने वाले तमाम लोग सम्राट चौधरी पर प्रहार कर रहे हैं। इनमें भाजपा के ऐसे नेता शामिल हैं, जो पार्टी में अपनी वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट हैं। उनके लिए यह प्रकरण है। भाजपा भी आपदा में अवसर की खोज करने वाले इन नेताओं पर नजर रख रही है। सम्राट चौधरी कानून व्यवस्था में किसी तरह की ढिलाई देने के पक्ष में नहीं हैं। वे इसे बहाल रखने के लिए किसी सीमा तक जा सकते हैं। वे जानते हैं कि यह मोर्चा अगर कमजोर पड़ा तो विकसित बिहार बनाने की योजना जमीन पर नहीं उतर पाएगी। इसका मतलब यह नहीं कि पुलिस को ज्यादती करने की छूट मिल जाएगी। सम्राट आश्वस्त कर रहे हैं कि संबंधित मामले में भी न्यायिक जांच आयोग की अनुशंसाओं को पूरी तरह लागू किया जाएगा।

संभावना यही बन रही है कि समय के साथ यह प्रकरण ठंडा पड़ जाएगा। हां, एनकाउंटर और बुलडोजर के सहारे शासन चलाने की पैरवी करने वाला समूह जरूर हतोत्साहित हुआ है। अब कहीं से बिहार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के योगी माडल को लागू करने की मांग नहीं हो रही है। यह भी निश्चित है कि भविष्य में भी यह मांग नहीं होगी।

मंथन



डा. वेद प्रकाश
असिस्टेंट प्रोफेसर, किरोड़ीमल कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# बीमार बनता स्वास्थ्य क्षेत्र

**स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता संविधान सम्मत अधिकार है। राज्य और केंद्र मिलकर इस दिशा में आगे बढ़ेंगे तो विकसित भारत की राह में नागरिक अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकेंगे**

स्वस्थ समाज ही विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार कर सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में ढांचागत सुधारों एवं आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। किंतु चिंताजनक यह है कि विकसित भारत का संकल्प लेकर बढ़ रहे भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को भ्रष्टाचार बीमार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच कठिन बनी हुई है। अस्पतालों में तकनीक आधारित पंजीकरण, जांच और इलाज में लापरवाही और इलाज के नाम पर मरीज और परिवार के शोषण का व्यवस्थित तंत्र बन चुका है। अधिकांश सरकारी अस्पतालों में बदहाली फैली है तो निजी अस्पतालों में लूट का तंत्र। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग सेवा मिशन भूलकर कमीशन में लगे हैं। धनबल के जरिये बड़े-बड़े अस्पताल खड़े होना, पेपर लीक और मोटी रकम देखकर मेडिकल की सीट प्राप्त करना सामान्य होता जा रहा है।

हाल ही में दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी में दवाओं व चिकित्सा उपकरणों की खरीद में 650 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला सामने आया है। शुरुआती जांच में सरकारी अस्पतालों के लिए दवा, चिकित्सा उपकरणों, चादरों, एक्स-रे मशीनों और एनेस्थीसिया के आवश्यक उपकरणों की खरीद में भारी अनियमितता का पता चला है। फरवरी 2025 की कैग रिपोर्ट में भी यह सामने आया था कि राजधानी की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई हुई हैं।

वस्तुतः दिल्ली सरकार के अस्पताल और मेडिकल कालेज में डाक्टरों, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। यह भी सामने आया था कि अस्पतालों में दवाओं की खरीद में भी अनियमितता हुई और मरीजों को घटिया दवाएं दी गईं। प्रतिबंधित फर्म से भी दवाएं खरीदी गईं। अस्पतालों की लैब व विभागों में उपकरणों व कर्मचारियों की कमी पाई गई। प्रश्न यह है कि वर्ष 2025 की कैग रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई? हाल ही का दवा घोटाला और समय-समय पर उजागर होने वाले ऐसे ही अनेक घोटाले यह स्पष्ट करते हैं कि भ्रष्टाचार के तंत्र की कई परतें हैं। एक तंत्र भ्रष्टाचार को उजागर करता है तो दूसरा तंत्र उस पर पर्दा डाल देता है और यह वर्षों से जारी है।

**दवाओं की निम्न गुणवत्ता :** जनवरी, 2025 में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन व स्टेट ड्रग अथारिटी की ओर से जारी ड्रग अलर्ट में देशभर की 135 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता में खरे नहीं पाए गए। इनमें सर्दी, खांसी, जुकाम, एलर्जी व दर्द निवारण के लिए प्रयोग होने वाली दवाएं शामिल हैं, जिनका उत्पादन हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, बंगाल, पंजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, असम व हरियाणा के उद्योगों में होता है। इसी प्रकार मार्च 2025 में 145 दवाएं गुणवत्ता की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं। इनमें उच्च रक्तचाप, एलर्जी व संक्रमण जैसी बीमारियों के उपचार की दवाएं शामिल थीं। निम्न गुणवत्ता वाली दवाओं के खिलाफ जारी अभियान के अंतर्गत देशभर में 111 सैंपल गुणवत्ता के मानक पर खरे नहीं उतरे और कुछ सैंपल नकली भी मिले। क्या दोषी लोगों व कंपनियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई? विडंबना यह है कि हृदय रोग और कैंसर जैसी घातक बीमारियों के इलाज में प्रयुक्त होने वाली दवाओं और उपकरण भी नकली अथवा घटिया बेचे जा रहे हैं। बीमार व्यक्ति इन्हें जीवन के लिए आवश्यक समझकर खरीदता है। इनका असर न होने पर फिर वह अस्पतालों के चक्कर लगाता है और फिर नई-नई दवाओं और डाक्टरों के चुंगल में फंसता चला जाता है।



स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार होने की दशा में कठोर दंड का होना चाहिए प्रविधान। फाइल

विगत दिनों छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन लिमिटेड घोटाले में भी यह सामने आया कि दवा कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए 305 करोड़ रुपये की दवाएं उधारी में खरीदी गई थीं। इसी प्रकार सैकड़ों करोड़ के उपकरण भी बिना स्वीकृति के खरीदे गए थे। चिंताजनक यह भी है कि देश में डायबिटीज, हृदय रोग व कैंसर जैसी अनेक बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य केंद्रों एवं डाक्टरों की भारी कमी है। कहीं पर डाक्टर उपलब्ध हैं तो जांच-उपकरण अथवा तकनीक उपलब्ध नहीं है और कहीं तकनीक उपलब्ध है तो डाक्टरों की कमी है। क्या ऐसे में स्वस्थ भारत का संकल्प अधूरा नहीं है? स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार के अधिकांश मामलों में डाक्टर एवं कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ रही है।

सामान्यतः अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामलों में दो-चार दिन जांच के समाचार आते हैं। दो-चार लोगों का निलंबन अथवा स्थानांतरण किया जाता है और फिर मामला लगभग समाप्त हो जाता है। यदि पूर्व में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के लिए दोषियों को कठोर दंड दिया जाता तो आगे भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले खत्म होते। स्वास्थ्य क्षेत्र में भ्रष्टाचार विषयक जीरो टालरेंस और कठोर दंड का प्रविधान कब लागू होगा?

## उबर इंडिया के प्रेसिडेंट प्रभजीत सिंह ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली:** उबर इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रेसिडेंट प्रभजीत सिंह ने कंपनी में एक दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद अपना पद छोड़ दिया है। उबर ने पुष्टि की है कि सिंह किसी दूसरे मौके के लिए कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हम उबर के साथ अपनी एक दशक लंबी यात्रा में प्रभजीत की अगुआई और उनके अहम योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं। हम भारत में वृद्धि के अपने अगले चरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।' (प्रेट्र)

सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में आभूषणों की मांग मजबूत बनी हुई है और ग्राहक खरीदारी टालने के बजाय खरीदारी के नए तरीकों को अपना रहे हैं।
**-संदीप कोहली, सीईओ, इंद्रिय**



## एक नजर में

### रियल एस्टेट में पीई निवेश 23 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली:** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जनवरी-जून के दौरान घरेलू रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश 23 प्रतिशत घटकर 1.13 अरब डालर रह गया। पिछले साल इसी अवधि में पीई निवेश 1.47 अरब डालर था। इस साल की पहली छमाही में कार्यालय संपत्तियों को पीई निवेश का 89 प्रतिशत हिस्सा मिला। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन शिशिर बैजल ने कहा, 'प्राइवेट इक्विटी निवेश में कमी मुख्य रूप से बदलते वैश्विक पूंजी माहौल का नतीजा है।' (प्रेट्र)

### संसदीय समिति क्रिप्टो पर आरबीआइ से करेगी चर्चा

**नई दिल्ली:** संसद की वित्त मामलों की स्थायी समिति दो जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में क्रिप्टोकरेंसी के लिए भविष्य के नियामकीय ढांचे पर आरबीआइ अधिकारियों के साथ बात करेगी। आरबीआइ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद समिति क्रिप्टोकरेंसी और टैक्स नियमों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया के साथ भी चर्चा करेगी। समिति ने 20 मई को विभिन्न घरेलू और वैश्विक क्रिप्टो एक्सचेंजों से उनकी चिंताओं को समझने के लिए मुलाकात की थी। (आइएएनएस)

### गोल्डमैन सैक्स ने भारत का वृद्धि अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली:** गोल्डमैन सैक्स ने वर्ष 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 6.5 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। प्रतिष्ठित इन्वेस्टमेंट बैंक ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के बाद तेल की कीमतें कम होने और आपूर्ति संबंधी रुकावटों के कम होने के चलते आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाने का फैसला किया गया। हेडलाइन मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 0.2 प्रतिशत घटाकर 4.4 प्रतिशत कर दिया है और चालू खाता घाटे के अनुमान को घटा जीडीपी का 1.1% कर दिया है। (आइएएनएस)

# एआइ से पारंपरिक आइटी इंडस्ट्री को नुकसान नहीं

## नासकाम ने कहा-वैश्विक कंपनियों के बदलाव में सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की भूमिका बनी रहेगी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** नासकाम ने आइटी इंडस्ट्री के दिग्गजों की उन चिंताओं को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा जा रहा है कि एआइ के आने से पारंपरिक सूचना-प्रौद्योगिकी (आइटी) सेवाओं का महत्व कम हो जाएगा। सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनियों के संगठन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के इस दौर में भी वैश्विक कंपनियों के बदलाव में आइटी क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

न्यूयार्क में आयोजित 'नासकाम यूएस सीईओ फोरम' को संबोधित करते हुए प्रेसिडेंट राजेश नांबियार ने कहा कि एआइ से उत्पादकता बढ़ेगी और दोहराए जाने वाले कार्यों का दायरा घटेगा, लेकिन इसके साथ ही एआइ के उपयोग के लिए आंकड़ों को तैयार और व्यवस्थित करने, अनुप्रयोगों के आधुनिकीकरण, विभिन्न प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, एआइ प्रशासन, साइबर सुरक्षा, एजेंट प्रबंधन तथा उद्योग-विशिष्ट समाधानों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि लगभग 25 प्रतिशत प्रौद्योगिकी सेवा कंपनियों ने एआइ को उत्पादन स्तर पर लागू कर दिया है। इस क्षेत्र में वर्तमान में 20 लाख से अधिक पेशेवर एआइ कौशल से लैस हैं जबकि एक से दो लाख पेशेवरों को उन्नत एआइ का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। करीब 85 प्रतिशत प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं के पास अब 'एजेंटिक एआइ' प्लेटफार्म उपलब्ध है। नासकाम के अनुसार, वर्ष 2030 तक 'एजेंटिक एआइ' प्रौद्योगिकी सेवा उद्योग को 300 से 400 अरब डालर के अतिरिक्त संभावित व्यय अवसर उपलब्ध करा सकता है। इसमें पुरानी प्रणालियों के आधुनिकीकरण, एआई परिचालन, साइबर सुरक्षा और प्रशासन जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। एजेंटिक एआइ वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रणाली है जो केवल निर्देशों का जवाब देने तक सीमित नहीं रहती बल्कि किसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वयं योजना बनाती है, निर्णय लेती है, विभिन्न चरणों में काम करती है और जरूरत पड़ने पर उपलब्ध उपकरणों या अन्य साफ्टवेयर का भी उपयोग कर सकती है। भारत के महावाणिज्य दूतावास में आयोजित इस फोरम में अमेरिका में परिचालन कर रही भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) ने भाग लिया।

**25** % प्रौद्योगिकी सेवा कंपनियों ने एआइ को उत्पादन स्तर पर लागू किया

**20** लाख से अधिक प्रोफेशनल्स एआइ कौशल से लैस हैं वर्तमान में



जैसे-जैसे एआइ प्रोडक्शन में आएगा, कंपनियों को इस टेक्नोलाजी को जिम्मेदारी से लागू करने और बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने के लिए विशेषज्ञों की जरूरत होगी।
**-राजेश नांबियार**, प्रेसिडेंट, नासकाम

### एआइ को अपनाना विकसित भारत के लिए जरूरी: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि एआइ को जिम्मेदारी के साथ और समावेशी तरीके से अपनाना भारत की विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि एआइ उद्योगों को नया स्वरूप दे रही है और उत्पादकता तथा नवाचार के नए अवसर पैदा कर रही है। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आइसीएआइ) की ओर से आयोजित 'एआइ इनोवेशन समिट' को भेजे अपने संदेश में मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी की प्रगति के कारण अकाउंटिंग और वित्तीय पेशे में भी तेजी से बदलाव आ रहे हैं। मोदी ने देश की प्रगति में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समुदाय के अमूल्य योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे भारत एआइ युग के अवसरों को अपना रहा है, मुझे विश्वास है कि सीए समुदाय वित्तीय क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता का नेतृत्व करते हुए ईमानदारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखेगा तथा विकसित भारत के निर्माण में योगदान देता रहेगा।' आइसीएआइ के पांच लाख से अधिक सदस्य हैं।



नरेन्द्र मोदी

# अस्थायी राहत के बावजूद ईरानी तेल खरीद की गुंजाइश कम

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अमेरिकी प्रतिबंधों में अस्थायी ढील के बावजूद भारतीय तेल कंपनियों के ईरान से कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। राहत अवधि को लेकर अनिश्चितता, भुगतान संबंधी बाधाएं और पहले से तय आपूर्ति अनुबंध इसकी मुख्य वजह है, जिससे नई खरीद की गुंजाइश सीमित हो गई है।

रिफाइनरी और तेल बाजार का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर ने कहा कि अमेरिका ने 60 दिन के लिए प्रतिबंधों में छूट दी है, जिससे अस्थायी रूप से ईरानी कच्चे तेल के निर्यात की अनुमति मिली है। हालांकि, इतनी कम अवधि से चीन के अलावा अन्य खरीदारों की बड़े पैमाने पर वापसी की संभावना नहीं है। भारतीय रिफाइनर आने वाले महीनों के लिए कच्चे तेल की अपनी अधिकांश जरूरतें पहले ही तय कर चुके हैं, क्योंकि खरीद योजनाओं को आमतौर पर दो से तीन महीने पहले अंतिम रूप दिया जाता है। केप्लर के सुमन रिटोलिया ने बताया कि सरकारी और निजी रिफाइनरी कंपनियां फिलहाल अगस्त के आखिर तथा सितंबर में मिलने वाली खेपों की खरीद कर रहे हैं, जिनमें रूस और पश्चिम एशिया के कच्चे तेल का दबदबा है।

वहीं, वेनेजुएला के कच्चे तेल की हिस्सेदारी भी बढ़ रही है। मार्च में भी प्रतिबंधों से इसी तरह की अस्थायी राहत दी गई थी, लेकिन भुगतान और अनुपालन संबंधी समस्याएं बनी रहने के कारण चीन के बाहर बहुत कम खरीदारों ने इसमें रुचि दिखाई।



केप्लर ने कहा-राहत अवधि को लेकर अनिश्चितता और भुगतान संबंधी बाधाओं से नई खरीद की संभावनाएं कम




देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले एमएसएमई तेजी से डिजिटल हो रहे हैं। खरीदारी से लेकर बिलिंग तक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है, लेकिन चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। विश्व एमएसएमई दिवस (27 जून) पर जारी लोकल सर्कल्स के अध्ययन में 137 जिलों के 16,000 से अधिक एमएसएमई से प्राप्त 62,000+ प्रतिक्रियाओं के आधार पर वर्तमान स्थिति का व्यापक आकलन प्रस्तुत किया गया है।

**रिपोर्ट की प्रमुख बातें**

70% एमएसएमई 10 या उससे कम कर्मचारियों के साथ काम कर रहे हैं

**खरीदारी पर बड़ा खर्च**

10% एमएसएमई मासिक खर्च 10 लाख रुपये से ज्यादा है।

**सबसे बेहतर बी2बी प्लेटफार्म**

- एमेजोन बिजनेस
- आफ बिजनेस
- फ्लिपकार्ट होलसेल
- उड़ान

80% डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करने वाले एमएसएमई एक सप्ताह के भीतर खरीद प्रक्रिया पूरी कर लेते हैं।

82% एमएसएमई आने वाले वर्षों में डिजिटल मार्केटप्लेस का उपयोग और बढ़ाना चाहते हैं।

70% ने कहा, गत दो वर्षों में डिजिटल मार्केटप्लेस पर निर्भरता बढ़ी है।

**सबसे बड़ी चुनौतियां**

- सप्लायर प्रबंधन
- जीएसटी-अनुपालित चालान
- भुगतान और क्रेडिट की समस्या
- कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव
- डिजिटल अपनाने की वजह
- बेहतर कीमतें
- अधिक सप्लायर विकल्प
- जीएसटी-अनुपालित बिल
- आसान आर्डर और डिलीवरी

60% एआइ टूल्स अपनाने की योजना बना रहें।

# 61 यूनिकार्न के साथ भारत चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** हुरुन ग्लोबल यूनिकार्न इंडेक्स 2026 में भारत ने 61 यूनिकार्न के साथ दुनिया के शीर्ष स्टार्टअप ईकोसिस्टम में अपनी जगह बरकरार रखते हुए वैश्विक स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप हब में से एक बना हुआ है। बेंगलुरु 25 यूनिकार्न के साथ भारत की 'यूनिकार्न राजधानी' बना हुआ है। उसके बाद 13 यूनिकार्न के बाद मुंबई का नंबर आता है। भारत के सबसे ज्यादा वैल्यूएशन वाले यूनिकार्न ब्रोकरेज, क्विक कामर्स और फिनटेक सेक्टर से जुड़े हैं। इस साल छह भारतीय यूनिकार्न शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुए और यह बेहतर होते आइपीओ माहौल को दिखाता है।

रिपोर्ट में भारतीय उद्यमियों के बढ़ते वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला गया है। भारतीयों ने दुनियाभर के 217 यूनिकार्न की स्थापना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका (संस्थापक या सह संस्थापक) निभाई है। इनमें से 156 भारत के बाहर हैं। इस तरह के 142 यूनिकार्न अमेरिका में हैं जबकि बाकी 61 भारत में काम कर रहे हैं। इन सभी कंपनियों की कुल वैल्यू लगभग 600 अरब डालर है। भारतीय संस्थापक कई कंपनियों के जरिये ग्लोबल एआइ और फिनटेक सेक्टर को तेजी से आकार दे रहे हैं। एआइ ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम के संपत्ति निर्माण के सबसे बड़े स्रोत बनकर उभरे हैं। सभी यूनिकार्न की वैल्यू में एआइ यूनिकार्न का हिस्सा 36 प्रतिशत है। एआइ और फिनटेक यूनिकार्न की संख्या लगभग बराबर (216) है, लेकिन एआइ यूनिकार्न का मूल्य काफी ज्यादा है।




**25** यूनिकार्न के साथ बेंगलुरु देश में पहले नंबर पर, 13 यूनिकार्न के साथ मुंबई दूसरे स्थान पर

### 806 यूनिकार्न के साथ अमेरिका दुनियाभर में अव्वल

अमेरिका 806 यूनिकार्न के साथ दुनिया का सबसे यूनिकार्न ईकोसिस्टम बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर इस साल रिकार्ड 308 स्टार्टअप ने यूनिकार्न का दर्जा हासिल किया। यानी लगभग हर दिन एक यूनिकार्न बना। 75 यूनिकार्न शेयर बाजार में आए और 64 विलय और अधिग्रहण के जरिये यूनिकार्न ईकोसिस्टम से बाहर हुए। 88 कंपनियों ने अपना यूनिकार्न का दर्जा खो दिया, क्योंकि उनकी वैल्यूएशन एक अरब डालर से कम हो गई।

## 96.30 करोड़ डालर बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ ने शुक्रवार को बताया कि 19 जून को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डालर बढ़कर 672.587 अरब डालर हो गया। इससे पहले सप्ताह में कुल भंडार 9.985 अरब डालर घटकर 671.625 अरब डालर हो गया था। इस दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.072 अरब डालर घटकर 541.217 अरब डालर रह गया। डालर के हिसाब से देखें तो, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी गैर-अमेरिकी मुद्रा (यूरो, पाउंड और येन) के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर शामिल होता है। इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 4.110 अरब डालर बढ़कर 107.930 अरब डालर हो गया।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय फलक

# चीन के साथ मिलकर जल्द ही मोंगला पोर्ट विकसित करेगा बांग्लादेश

जयप्रकाश रंजन • जागरण

- मोंगला पोर्ट को महत्वपूर्ण मानता है भारत, रहमान सरकार के कदम से बढ़ सकती है चिंता
- तीस्ता नदी के जल प्रबंधन और सफाई के काम में भी चीन का सहयोग लेगा बांग्लादेश

**नई दिल्ली:** बांग्लादेश के जिस मोंगला पोर्ट को भारत अपने पूर्वोत्तर राज्यों के साथ संपर्क स्थापित करने व 'चिकेन नेक' को चीन की कुदृष्टि से बचाने के विकल्प के तौर पर देख रहा था, अब तारिक रहमान की सरकार ने उस पोर्ट को चीन के साथ ही मिलकर विकसित करने की हामी भर दी है। भारत के लिए यह गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। बांग्लादेश के पीएम रहमान बीजिंग यात्रा पर हैं, जहां उनकी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात हुई। संयुक्त बयान में दोनों देशों ने मोंगला पोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार परियोजना को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। साथ ही चटगांव में चीनी आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर भी जोर दिया गया है।

रहमान और चिनफिंग की वार्ता में चीन की महत्वाकांक्षी वन बेल्ट एंड रोड कार्यक्रम के बांग्लादेश तक विस्तार पर भी सहमति बनी है। चीनी पक्ष ने तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापना परियोजना में अपनी क्षमता के अनुसार समर्थन और मदद देने का वादा किया है। सनद रहे कि पूर्व पीएम शेख हसीना की जून 2024 में भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की थी। भारत ने इस परियोजना के लिए लगभग एक बिलियन अमेरिकी डालर की वित्तीय और तकनीकी सहायता देने की पेशकश की थी। शेख हसीना ने तब कहा था कि हम भारत के साथ मिलकर तीस्ता परियोजना को लागू करेंगे।

अक्टूबर 2018 में दोनों देशों ने चटगांव और मोंगला पोर्ट के उपयोग पर समझौता किया, जिसके तहत बांग्लादेश ने भारत को इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अपने सामान (खासकर पूर्वोत्तर राज्यों के लिए) की ढुलाई और ट्रांस-शिपमेंट के लिए करने की अनुमति दी। यह समझौता जलमार्ग, रेल, सड़क या मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट के माध्यम से लागू होता था। भारत ने 2018 के समझौते के बाद ट्रायल रन भी किए थे और मोंगला पोर्ट के उपयोग को व्यावहारिक बनाने की कोशिश की थी। यही नहीं जुलाई, 2024 में शेख हसीना सरकार ने मोंगला पोर्ट का एक हिस्सा संचालन के लिए भारतीय कंपनी को हस्तांतरित करने का सैद्धांतिक कदम भी उठाया था। लेकिन अगस्त, 2024 में उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। बहरहाल, रहमान ने मोंगला पोर्ट व तीस्ता को लेकर चीन के साथ यह कदम तब उठाया है, जब उनकी सरकार भारत संग पुरानी द्विपक्षीय संधियों और समझौतों की निरंतरता पर स्पष्ट वादा नहीं कर रही है। भारत मोंगला पोर्ट को अपने रणनीतिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है। यह कोलकाता पोर्ट के करीब स्थित है।

## चीन बांग्लादेश के साथ बेल्ट एंड रोड सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार: चिनफिंग

**बीजिंग, एएनआइ:** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि उनका देश बांग्लादेश के साथ बीजिंग के प्रमुख बेल्ट एंड रोड सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है। चिनफिंग ने कहा कि बीजिंग सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की संयुक्त रूप से पहचान करने और हरित और कम-कार्बन उत्सर्जन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी, एआइ और अन्य उभरते क्षेत्रों में अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद रहमान पहली बार चीन के दौरे पर हैं। वह आर्थिक और रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं, जिसमें फाइटर जेट डील मुख्य है। इससे पता चलता है कि ढाका का झुकाव बीजिंग की ओर है। आइएएनएस के अनुसार, यात्रा के दौरान रहमान 24 जे-10सीई फाइटर जेट और यूएवी तकनीक खरीदने के साथ-साथ अन्य संभावित सैन्य सहयोग पर भी अंतिम फैसला ले सकते हैं।



बीजिंग में बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इंटरनेट मीडिया

# सोच लिया था, लौटते हैं तो हमारे हैं, नहीं तो देश के हो जाएंगे

जागरण टीम, नई दिल्ली

- आपरेशन सिंदूर के दौरान देश के लिए बलिदान होने वाले सपूतों पर गर्व से फूले नहीं समा रहा परिवार
- कांगड़ा के सूबेदार पवन कुमार की वीरांगना को पति पर गर्व, बोलीं, बेटे सेना में जाएं तो आशीर्वाद दूंगी

आपरेशन सिंदूर के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सपूतों पर उनके परिवार के साथ पूरा देश नाज कर रहा है। सरकार ने भले अब उन्हें बलिदानी होने का दर्जा दिया है, लेकिन परिवार तो पहले दिन से उनके त्याग पर गर्व कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के पवन कुमार जरयाल की वीरांगना सुषमा बताती हैं, 'जब उनके घायल होने की सूचना आई थी, हमने सोच लिया था कि यदि वह लौट आते हैं तो हमारे हैं और नहीं लौटते हैं तो देश के हो जाएंगे। बच्चे सेना में जाना चाहें तो उन्हें आशीर्वाद दूंगी। यही अनुभूति हरियाणा के दिनेश कुमार, बिहार के सुनील कुमार सिंह, राजस्थान के सुरेंद्र कुमार और दूसरे बलिदानियों के स्वजन के उद्गार से हो रहा है।

कांगड़ा निवासी पवन कुमार जरयाल हेडक्वार्टर 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड में सूबेदार मेजर थे। 9 मई 2025 को पुंछ (कृष्णाघाटी) सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 31 अगस्त, 2026 को सेवानिवृत्त होना था। दैनिक जागण जब उनके घर यह सूचना लेकर पहुंचा कि केंद्र सरकार ने पहली बार जिन छह सैनिकों के नाम आपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सार्वजनिक किए हैं, उनमें पहले क्रम पर पवन कुमार हैं तो स्वजन की भावनाएं दुख और गर्व दोनों को प्रकट कर रही थीं। सुषमा कहती हैं कि मेरे पति का नाम देश के महान वीरों के साथ हमेशा के लिए जुड़ गया है। उनका नाम राष्ट्रीय समर स्मारक के त्याग चक्र में चमकेगा। आने वाली पीढ़ियां जानेंगी कि कैसे सूबेदार पवन कुमार ने असाधारण साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

**लांस नायक दिनेश की पत्नी बोलीं- बेटों को भी सेना में भेजूंगी :** हरियाणा के पलवल के नगला मोहम्मदपुर निवासी लांस नायक दिनेश कुमार शर्मा 7 मई, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उस समय एक बेटा और एक बेटी थी। पत्नी सीमा तीसरी बार गर्भवती थीं। अक्टूबर, 2025 में उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। पति पर नाज करते हुए सीमा कहती हैं कि बेटों को भी सेना में भेजूंगी।

**खुले में आकर करने लगे पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग :** बिहार के बक्सर निवासी हवलदार सुनील कुमार सिंह यादव आपरेशन सिंदूर के समय राजौरी सेक्टर में 237 फील्ड वर्कशाप कंपनी में तैनात थे। नौ मई 2025 की रात सुनील ने दुश्मन के छह ड्रोनों को सेंट्री पोस्ट की ओर बढ़ते देखा तो साथियों को खतरे की सूचना दी और खुले में राइफल से फायरिंग शुरू कर दी। अंतिम सांस तक साथियों को ड्रोन की जानकारी दी।



जम्मू जिले के अरनिया के त्रेवा के निवासी बलिदानी सुनील कुमार की तस्वीर लिए उनके माता-पिता। जागरण

### हम बेटा खोने के बाद भी हिम्मत नहीं हारे...

आपरेशन सिंदूर के दौरान बलिदान के लिए मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित राइफलमैन सुनील कुमार की मां सुदेश कुमारी और पिता यशपाल सिंह का सिर गर्व से ऊंचा है। जम्मू के अरनिया का त्रेवा गांव भी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। सुनील के पिता और दोनों भाई भी सेना में रहे हैं। बेटे के बिछुड़ने का गम गहराई तक समाया हुआ है। मां का दर्द अक्सर आंसुओं में झलक आता है। बेटे को खोने के बाद भी माता-पिता ने हिम्मत नहीं हारी है। 25 वर्षीय सुनील कुमार ने 10 मई 2025 को आरएसपुरा में खरकोला पोस्ट पर पाकिस्तानी गोलाबारी का जवाब देते हुए बलिदान हुए थे।

# आइडीएफसी बैंक घोटाले में गिरफ्तार आइएएस पंकज अग्रवाल निलंबित

राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़

- आरके सिंह और प्रदीप डागर के बाद निलंबित होने वाले तीसरे आइएएस
- आइएफएस नवनीत श्रीवास्तव को भी पहले ही निलंबित कर चुकी है सरकार

661 करोड़ रुपये के आइडीएफसी-एयू बैंक घोटाले में सीबीआइ द्वारा गिरफ्तार आइएएस पंकज अग्रवाल को हरियाणा सरकार ने निलंबित कर दिया है। उन्हें 22 जून को गिरफ्तारी के दिन से ही निलंबित माना जाएगा। इस घोटाले में गिरफ्तार आइएएस आरके सिंह, प्रदीप डागर तथा आइएफएस नवनीत श्रीवास्तव को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। प्रदीप डागर की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, आर्किटेक्चर विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल के खिलाफ यह कार्रवाई अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969 के तहत की गई है, क्योंकि वह 48 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रहे।

सीबीआइ ने भ्रष्टाचार और आपराधिक कदाचार से जुड़े मामले में जांच के लिए पहले राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। राज्य सरकार ने 11 मई को जांच की अनुमति प्रदान कर दी थी। इसके बाद सीबीआइ ने पंकज अग्रवाल को 22 जून की रात हिरासत में लिया था। आदेश में उल्लेख किया गया है कि यह मामला पंचकूला में दर्ज एफआइआर संख्या-04 (23 फरवरी 2026) से जुड़ा है, जिसे बाद में हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार की अधिसूचनाओं के आधार पर सीबीआइ को जांच के लिए स्थानांतरित किया गया था।



पंकज अग्रवाल। फाइल

### निलंबित होने वाले तीसरे आइएएस

हरियाणा सरकार द्वारा आइएएस अधिकारियों आरके सिंह और प्रदीप डागर को बैंक घोटाले में शामिल होने के चलते पहले ही निलंबित किया जा चुका है। पंचकूला के पूर्व नगर निगम कमिश्नर आरके सिंह को सीबीआइ ने 79.46 करोड़ रुपये के सरकारी फंड के दुरुपयोग मामले में गत 18 जून को गिरफ्तार किया था। उन पर सरकारी पैसों की फर्जी एफडी बनाकर शेल कंपनियों में ट्रांसफर करने का आरोप है। आइएएस प्रदीप कुमार डागर पर भी इसी बैंक घोटाले में संलिप्तता के गंभीर आरोप हैं।

# एक बार फिर हुआ हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल, अब हरी झंडी का इंतजार

जागरण संवाददाता, सोनीपत

- अंतिम चरण के ट्रायल में सोनीपत-दिल्ली रूट पर 85 से 120 किमी की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन
- ट्रेन की वायरिंग, बैलेंसिंग, सिग्नल और ब्रेकिंग सिस्टम जैसे मानकों को बारीकी से गया परखा

देश की पहली पर्यावरण-अनुकूल हाइड्रोजन ट्रेन के जींद-सोनीपत रूट पर जल्द परिचालन की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पुरानी दिल्ली-सोनीपत रूट पर शुक्रवार को इस अत्याधुनिक ट्रेन का अंतिम चरण का हाई-स्पीड ट्रायल सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। दोपहर से शाम तक चले इस परीक्षण के दौरान ट्रेन ने 85 से 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रैक पर दौड़ लगाई।

दिल्ली मुख्यालय से आए प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में रेलवे अधिकारियों और तकनीकी विंग ने ट्रेन की वायरिंग, बैलेंसिंग, सिग्नल और ब्रेकिंग सिस्टम जैसे कड़े सुरक्षा मानकों को बारीकी से परखा। सुबह 9:10 बजे जींद से दो डीजल इंजन के सहारे 75 किमी/घंटा की गति से दिल्ली ले जाई गई इस ट्रेन ने दोपहर करीब 12 बजे के बाद सोनीपत के लिए अपना ट्रायल सफर शुरू किया। दोपहर 1:25 बजे सोनीपत स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 पर पहुंचने के बाद ट्रेन को 29 मिनट के लिए रोका गया, ताकि वंदे भारत सहित तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को रास्ता दिया जा सके। इसके बाद ट्रेन ने अप-डाउन ट्रैक पर देर शाम तक कुल चार चक्कर लगाए।

बता दें कि रेलवे प्रशासन चार महीनों से इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की कोशिशों में जुटा है।



सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंची हाइड्रोजन ट्रेन।

पर्यावरण को बचाने का रास्ता तभी निकलेगा, जब हर व्यक्ति इसमें भाग लेगा। -रिचर्ड रोजर्स

## कनिष्क : 41 साल बाद

चार दशकों से भी अधिक समय में पहली बार कनाडाई खुफिया एजेंसी का 1985 में एअर इंडिया के विमान में हुए बम धमाके के लिए आधिकारिक तौर पर कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों को जिम्मेदार ठहराना ओटावा की भाषा में एक बड़े बदलाव को तो दर्शाता ही है, उसकी जमीन से चल रहे चरमपंथी नेटवर्क को लेकर भारत की दशकों पुरानी चिंताओं की भी पुष्टि करता है। उल्लेखनीय है कि 23 जून, 1985 को अटलांटिक महासागर के ऊपर एअर इंडिया फ्लाइट 182 'कनिष्क' में हुए विस्फोट को विमानन इतिहास के सबसे भीषण आतंकी हमलों में गिना जाता है। हमले में चालक दल सहित 329 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। जांच में इस विस्फोट के तार प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा से जुड़े पाए गए थे। दरअसल, यह तथ्य कभी पूरी तरह छिपा ही नहीं था कि इस हमले के पीछे कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी उग्रवादी संगठनों का हाथ था। जांच आयोग और खुफिया रिपोर्टें वर्षों पहले ही इसकी ओर संकेत कर चुकी थीं। अब 41 वर्ष बाद कनाडा का इसे खालिस्तानी आतंकवादियों की सुनियोजित साजिश के रूप में स्वीकारना सिर्फ एक औपचारिक बयान नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक भूल की देर से की गई स्वीकारोक्ति ही है, जो आतंकवाद के प्रति पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये को भी उजागर करती है। यह कबूलनामा ऐसे समय में आया है, जब भारत और कनाडा के रिश्ते वर्तमान कार्नी सरकार से पहले के कुछ वर्षों में गंभीर तनाव से गुजरे हैं। भारत लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि कनाडा की धरती पर खालिस्तानी तत्व खुलेआम भारत विरोधी गतिविधियां संचालित करते रहे हैं, पर तत्कालीन त्रूदो सरकार इन्हें राजनीतिक संरक्षण देती रही। दुनिया ने 11 सितंबर, 2001 के बाद इस सच्चाई को स्वीकार किया कि आतंकवाद के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी अंततः उसी समाज को भारी पड़ती है, जो उसे नजरअंदाज करता है। लेकिन, एअर इंडिया त्रासदी बताती है कि यह सबक दुनिया को उससे भी डेढ़ दशक पहले मिल जाना चाहिए था। आज जब खुद कनाडा यह मान रहा है कि उसके इतिहास का सबसे बड़ा आतंकी हमला



खालिस्तानी आतंकवाद का नतीजा था, तब यह भी जरूरी हो जाता है कि कार्नी सरकार वर्तमान में सक्रिय ऐसे नेटवर्कों के प्रति भी गंभीर कार्रवाई करे। भारत के लिए भी यह अवसर आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद विरोधी सहयोग को अधिक मजबूत बनाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने का होना चाहिए। खोई हुई जिंदगियां तो वापस नहीं आ सकतीं, फिर भी अतीत की ईमानदार स्वीकारोक्ति भविष्य की सुरक्षा का आधार तो बन ही सकती है।

# क्या इसे अंत की तैयारी समझें

**एक समय था, जब पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समाज, तीनों साथ-साथ चलते थे। आज लगभग सभी बंधन टूट चुके हैं। और, बाकी बचे हुए को भी तोड़ने की शुरुआत हो चुकी है। क्या इसे उस अंत की तैयारी समझें, जिसे हमने खुद अपने लिए शुरू किया है।**

अब इसमें कोई भी उदाहरण देने की आवश्यकता नहीं है कि गर्मी हमें धीरे-धीरे घेर रही है। यह कैसी वाली नई गर्मी है, इसे समझ लेना चाहिए। एक समय था, लगभग तीन-चार दशक पहले, जब जून का मतलब वास्तव में जून होता था। उमस वाला नहीं, गर्मी का मौसम कहलाता था, और यह गर्मी कहीं-न-कहीं मानसून की परिस्थितियों को भी पैदा करती थी। लेकिन, आज गर्मी की परिभाषा बदल गई है। आज आप देखिए कि औसतन तापमान 34 से 35 डिग्री के आसपास रहता है, पर जिससे अधिक असहजता होती है, वह है उमस।



अनिल प्रकाश जोशी
*पर्यावरणविद*

आपने यह भी देखा होगा कि अब उमस जून में नहीं, बल्कि मई में ही आने लगी है, जबकि पहले यह अक्सर वर्षा के बाद जुलाई-अगस्त में आती थी। इसे इस रूप में समझने की आवश्यकता है कि जब पृथ्वी का तापक्रम बढ़ता है, तो इसे केवल भूमि ही नहीं, बल्कि समुद्र भी बड़े पैमाने पर झेलते हैं। और चूंकि, पृथ्वी पर समुद्रों का आयतन अधिक है, इसलिए प्रभाव भी व्यापक होता है। अब यदि समुद्र लगातार गर्म होते जाएंगे, तो स्वाभाविक है कि उनमें वाष्पोत्सर्जन बढ़ेगा। इसका पहला और बड़ा प्रभाव यह होगा कि कहीं भी, कभी भी वर्षा हो सकती है। दूसरा बड़ा प्रभाव यह पड़ेगा कि इन हालातों में मानसून पूरी तरह विचलित हो जाएगा। अब देखिए, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस या पश्चिमी विक्षोभ का निर्माण कैस्पियन सागर के क्षेत्र में होता है। वह वहां से चलता हुआ उत्तर-पश्चिमी भारत में प्रवेश करता है और फिर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों तक फैल जाता है। इसका प्रभाव शीतकालीन समय में व्यापक रूप से दिखाई देता है। लेकिन, हाल के वर्षों में यह पश्चिमी विक्षोभ जिस समय सक्रिय होना चाहिए था, उस समय न होकर बाद में सक्रिय होता है।

इसी वर्ष शीतकालीन वर्षा का बड़ा अभाव रहा है। इस कारण एक ओर जहां ऊपरी हिमालयी क्षेत्रों में पर्याप्त बर्फ जमनी थी, वह नहीं जम पाई। वहीं, दूसरी ओर, नमी की कमी के चलते आग ने वनों को लीला। पहाड़ों पर पानी की कमी का असर केवल स्थानीय लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे देश को झेलना पड़ता



है। पूरे देश में अपर्याप्त वर्षा के कारण अब तक कई राज्य और जिले सूखे की स्थिति में पहुंच चुके हैं। अगर पिछले 70 वर्षों का लेखा-जोखा देखें, तो मात्र 25 वर्ष अधिक वर्षा हुई, 28 साल सूखे की स्थिति रही और बाकी सामान्य। इस तरह की खराब परिस्थितियों को केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग 50 देश झेलते हैं। एक समय ऐसा था, जब मानसून, गर्मी और शीतकाल का एक संतुलित व्यवहार हुआ करता था। वह समय तब था, जब हम पारिस्थितिकी तंत्र के साथ अधिक छेड़छाड़ नहीं करते थे। हम उतना ही उपभोग करते थे, जितना आवश्यक था। पर, जब से हमने विलासिता को अपनाया, हम उसकी चपेट में इस हद तक आ गए कि कोई सीमा ही नहीं बची।

अब देखिए, कितनी अजीब स्थिति है-होर्मुज जलमार्ग बंद होने की खबर आते ही पूरी दुनिया में शोर मच गया कि पेट्रोल, डीजल और गैस की किल्लत हो जाएगी। लेकिन, यदि आपने पिछले तीन महीनों में सड़कों पर नजर डाली हो, तो क्या आपको कहीं यह दिखाई दिया कि देश में ईंधन की किल्लत है? शायद नहीं! क्योंकि, हम विलासिता की ऐसी गिरफ्त में हैं कि कितनी भी कीमत चुकानी पड़े, हम तैयार हैं। पर, हम यह भूल गए कि प्रकृति की भी अपनी एक कीमत है, जिसे हम कभी चुका नहीं पाएंगे। और वह अपने तरीके से प्रतिक्रिया करेगी। वही आज हो रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, मानसून को जिस तीव्रता से पूरे देश को भिगो देना चाहिए था, वह दिखाई नहीं दे रही। कारण, अब सब कुछ भटकी हुई स्थिति में है। कितना बरसेगा, कहां बरसेगा, कब बरसेगा, सब कुछ अनिश्चित हो चुका है। आने वाली पीढ़ी को क्या मिलेगा, यह सवाल पीछे छूट गया। उससे पहले वर्तमान ही मारने को तैयार है, जहां एक ओर उमस हमारी जान लेने को उतारू है, तो दूसरी तरफ पीने से लेकर सिंचाई तक, पानी का संकट है। यह बात यहीं तक सीमित नहीं है। फ्रांस जैसे देशों से भी यह खबर आई है कि यूरोप के कई हिस्सों में तापक्रम 40-42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और वहां लोगों की मृत्यु तक दर्ज की गई है। इसमें फ्रांस, इटली, जर्मनी, ब्रिटेन भी शामिल हैं। वहां तो इमरजेंसी जैसी स्थितियां लागू हो गईं। हीट डोम और हीट स्ट्रेस ने यूरोप को दुखी कर दिया है। इन देशों में 1970 की तुलना में दो महीने अधिक उमस वाली गर्मी झेलनी पड़ रही है। ऐसे में, भारत, जो एक उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आता है, में इसका प्रभाव और भी अलग तथा गंभीर रूप में सामने आएगा। यहां उमस सबसे बड़ा संकट बनेगी।

उमस का अर्थ यह भी है कि वर्षा का स्वरूप और अधिक अनिश्चित होगा। जल, जो हमारी तमाम आवश्यकताओं का आधार है, उस पर भी अंकुश लगेगा। खेती-बाड़ी से लेकर तन मन, सब संकट में घिर जाएंगे। और यह सब उसी का परिणाम होगा, जो हमने प्रकृति के साथ किया है।

एक बात जो समझने के लिए ज्यादा जरूरी है कि प्रकृति का कुछ नहीं बिगड़ना, सिवाय उसके तेवर के। जब हम उसकी सीमाएं बार-बार तोड़ेंगे, तो वह मनुष्य को कष्ट देने को ही समाधान मानेगी, क्योंकि यही वह प्रजाति है, जिसने सबसे अधिक नुकसान किया है। इस वर्ष फरवरी असामान्य रूप से गर्म हो गया, मार्च ठंडा रहा, अप्रैल में तापक्रम 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और जून उमस भरा बन गया। आने वाले समय में वर्षा का इंतजार तो है, पर यह कैसे और कहां पड़ेगी, इसकी कल्पना करना भी कठिन है। इसीलिए, वर्षाजनित नदियों की प्रकृति इस हद तक बदल गई है कि अब यह भी निश्चित नहीं रहा कि वे नदी हैं या नाला। हां, शहरी कचरा ढोने का रास्ता जरूर मिल गया है। इन कारणों से पर्यावरण लगभग पूरी तरह असंतुलित हो चुका है।

मनुष्य का व्यवहार देखिए। जब इस प्रजाति का पेट विलासिता से भी नहीं भरा, और अपने सहजीवों-वनस्पतियों और वन्यजीवों को समाप्त कर दिया, तो अब यह आपस में लड़ने पर उतर आई है। ईरान, अमेरिका, इस्राइल, यूक्रेन और रूस के युद्धों को देख लीजिए और उनके कारणों पर विचार कीजिए। मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी उसका अहंकार है और उसका असीम संग्रहण का स्वभाव। चाहे वह प्रकृति से हो, देशों से हो या परिस्थितियों से, सब कुछ अपने पक्ष में खींच लेने की लालसा। वह यह भूल गया है कि आने वाले समय में सबसे अधिक नुकसान उसी का होगा।

एक समय था, जब पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समाज, तीनों साथ-साथ चलते थे। आज लगभग सभी बंधन टूट चुके हैं। और, बाकी बचे हुए को भी तोड़ने की शुरुआत हो चुकी है। और इसे अंत की तैयारी ही समझिए, जो हमने स्वयं अपने लिए शुरू कर दी है।

edit@amarujala.com

मुद्दा

## बिजली क्षेत्र को सुधारों का इंतजार

**भारत ने बिजली उत्पादन बढ़ाने की चुनौती काफी हद तक जीत ली है, लेकिन अब असली परीक्षा यह है कि हर उपभोक्ता तक निर्बाध, पारदर्शी और भरोसेमंद बिजली कैसे पहुंचाई जाए?**

भारत जिस अर्थव्यवस्था का निर्माण करने जा रहा है, उसे भरोसेमंद बिजली आपूर्ति की बेहद जरूरत होगी। अगले विकास चक्र के अगुआ क्षेत्र डाटा सेंटर, सेमीकंडक्टर फैब, बैटरी गीगा फैक्टरी, ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट व एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, सभी में एक बात समान है। इनके लिए कुछ सेकंड की अस्थिरता कोई मामूली परेशानी नहीं, बल्कि वित्तीय प्रणाली पर सीधा असर डालने वाली घटना होती है।

बीते वर्षों में दुनियाभर के डाटा सेंटरों की बिजली खपत में हर साल लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो अन्य सभी क्षेत्रों की कुल बिजली खपत वृद्धि की तुलना में चार गुना से भी ज्यादा तेज है। अप्रैल, 2026 तक देश की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 537 गीगावाट से अधिक हो चुकी है और इसमें गैर-जीवाश्म स्रोतों की हिस्सेदारी लगभग 51 प्रतिशत है। जो देश कभी बिजली कटौती के लिए जाना जाता था, आज वह दुनिया की सबसे बड़ी बिजली प्रणालियों में से एक संचालित कर रहा है। अब सवाल यह नहीं है कि हम बिजली पैदा कर सकते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम उसे बेहतर तरीके से उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं।



गोपाल कृष्ण अग्रवाल

एक आम भारतीय परिवार या फैक्टरी को ही देख लीजिए। अगर ब्रॉडबैंड सेवा खराब हो, तो एक दिन में ऑपरेटर उसे बदल सकता है। अगर कोई बैंक ज्यादा शुल्क वसूलता है, तो ग्राहक दूसरे बैंक का रुख कर सकते हैं। पर, जब बिजली आपूर्ति बाधित होती है या बिलिंग में पारदर्शिता नहीं रहती, तो उपभोक्ता के पास जाने के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। इसी कमी को दूर करने के लिए समानांतर लाइसेंसिंग की अवधारणा लाई जा रही है। बिजली अधिनियम लंबे समय से एक ही क्षेत्र में एक से अधिक वितरण लाइसेंसधारकों को सेवा देने की अनुमति देता है। पिछले दो दशकों में इस क्षेत्र का पूरा ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने, ग्रिड विस्तार करने और उन लोगों तक बिजली पहुंचाने पर रहा, जिनके पास पहले कोई सुविधा नहीं थी। तब वे प्राथमिकताएं सही थीं, लेकिन अब समय बदल गया है। इस समय चल रही गंभीर बहस, खासकर बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे को लेकर है। आशंका जताई जा रही है कि निजी बिजली वितरक सिर्फ मुनाफे वाले शहरी व औद्योगिक उपभोक्ताओं पर ध्यान देंगे, जबकि ग्रामीण-किसान परिवारों की जिम्मेदारी सार्वजनिक कंपनियों पर छोड़ देंगे। पर, मसौदा विधेयक में हर लाइसेंसधारी पर यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन लागू किया गया है। सरकारें सब्सिडी नीति तय करती रहेंगी, ग्रामीण विद्युतीकरण सार्वजनिक दायित्व बना रहेगा और नियामक संस्थाएं नेटवर्क एक्सेस, टैरिफ और उपभोक्ता संरक्षण पर निगरानी रखती रहेंगी।

देशभर में कुल 72 डिस्कॉम संचालित हैं, जिनमें 44 सरकारी, 16 निजी क्षेत्र की कंपनियां और 12 बिजली विभाग शामिल हैं। टाटा पावर डीडीएल ने वित्त वर्ष 2024 तक एटीएंडसी घाटा 53 से घटाकर 5.9 फीसदी कर दिया। वहीं, टोरेंट पावर (अहमदाबाद-गांधीनगर) का टीएंडडी घाटा 2025 की पहली छमाही में 4.5 फीसदी और सीईएससी, कोलकाता का 2025 में 6.5 प्रतिशत रहा। अगर यह मॉडल देश के सबसे जटिल शहरी बाजारों में सफल हो सकता है, तो यह कहना मुश्किल है कि यह दूसरे इलाकों में काम नहीं कर सकता। बिजली उत्पादन में महारत हासिल करने के बाद अब भारत को उसकी निर्बाध और प्रभावी आपूर्ति में भी माहिर होना होगा, और पूरे सिस्टम के केंद्र में उपभोक्ता को रखना होगा।

अगर मशीनें सचमुच बुद्धिमान बन गईं, तो वे भविष्य के आविष्कार भी खुद कर सकेंगी। -निक बोस्ट्रोम



## शिक्षा एक अनंत यात्रा है

**शिक्षा मनुष्य को संकीर्णताओं, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य से ऊपर उठाकर मानवता के उच्चतम आदर्शों तक पहुंचाती है। यह केवल व्यक्ति के आत्मसम्मान को ही नहीं बढ़ाती, बल्कि पूरे विश्व के लिए उसे एक मूल्यवान संपदा भी बना देती है।**

रूमी कहते हैं, 'एक दीपक बनो, एक जीवन-नौका बनो और एक सीढ़ी बनो। किसी की आत्मा के घाव भरने में सहायता करो। अपने घर से ऐसे निकलो, जैसे कोई चरवाहा अपने झुंड का मार्गदर्शन करने निकलता है।' इन पंक्तियों को पढ़कर मुझे एक और पंक्ति याद आ जाती है, जिसे मैंने कभी पढ़ा था। उसमें एक विद्यार्थी अपने शिक्षक से कहता है, 'मुझे इतना दिखाओ कि मैं तुम्हारे कंधों पर खड़ा होकर आगे देख सकूं। अपने ज्ञान का ऐसा प्रकाश दो कि मैं कुछ नया बन सकूं। मुझ पर अपना ज्ञान मत थोपो, मुझे अज्ञात की खोज करने दो और अपनी खोजों का स्वयं स्रोत बनने दो। जो ज्ञात है, वह मेरी मुक्ति बने, मेरी गुलामी नहीं।'



एपीजे अब्दुल कलाम

इन विचारों ने मुझे यह सिखाया कि शिक्षा से ही जीवन सुंदर बनता है। एक सच्चा शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं होता, बल्कि वह नए विचारों का संवाहक, नवाचार का प्रेरक और स्वतंत्र चिंतन का मार्गदर्शक होता है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो मन को प्रज्वलित करे, कल्पनाशक्ति को उड़ान दे व व्यक्ति को नए विचारों के सृजन के लिए प्रेरित करे। सीखने से रचनात्मकता आती है, रचनात्मकता से विचार जन्म लेते हैं, विचार ज्ञान प्रदान करते हैं, और ज्ञान आपको महान बनाता है। एक शिक्षक का लक्ष्य किताबें पढ़ाने के साथ बच्चों के चरित्र का निर्माण करना तथा उनमें मानवीय मूल्यों का विकास करना भी होना चाहिए, ताकि वे निर्भीक होकर सोच सकें, प्रश्न कर सकें और सृजनात्मकता के विकास कर सकें।

जीवन धारा

शिक्षा एक अनंत यात्रा है। यह यात्रा मनुष्य को संकीर्णताओं, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य से ऊपर उठाकर मानवता के उच्चतम आदर्शों तक पहुंचाती है। सच्ची शिक्षा व्यक्ति के आत्मसम्मान को ही नहीं बढ़ाती, बल्कि पूरे विश्व के लिए उसे एक मूल्यवान संपदा भी बना देती है। यदि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के भीतर ज्ञान के साथ-साथ जिज्ञासा, करुणा और नवाचार की ज्योति जला दें, तो वे केवल सफल नागरिक ही नहीं, बल्कि बेहतर इन्सान भी तैयार करेंगे। और जब शिक्षा का यह वास्तविक उद्देश्य हर व्यक्ति के जीवन में उतर जाएगा, तब यह संसार वास्तव में एक बेहतर और अधिक सुंदर स्थान बन सकेगा।

# एआई से डरें नहीं, तैयार रहें

**बेशक एआई द्वारा कुछ क्षेत्रों में नौकरियां खत्म करने की आशंका बनी हो, पर यह कई सेक्टर में रोजगार बढ़ा रहा है।**

पिछले कुछ महीनों में सैकड़ों व्यावसायिक नेतृत्वकर्ताओं के साथ बातचीत के दौरान, मैंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर उनके विचारों में एक बड़ा अंतर देखा है। एक पक्ष को आगे 'नौकरियों का खात्मा' और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी नजर आती है; वहीं दूसरा पक्ष इसे एक बड़ी छलांग के तौर पर देखता है। क्या एआई वाकई श्रम बाजार में उथल-पुथल मचा देगा? जवाब है, बिल्कुल।



डेविड एम सोलोमन
गोल्डमैन सैश के सीईओ

हमारे इतिहास के दूसरे अहम पड़ावों की तरह, यह बदलाव भी नई चुनौतियां लेकर आएगा। खासकर तब, जब एआई श्रम को उत्पादकता से इस हद तक अलग कर देगा, जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा। पर, इतिहास रहा है कि किसी भी बड़े बदलाव के जवाब में नए रोजगार पैदा होते हैं-1900 के दशक में बिजली आने से लेकर 1990 के दशक की डिजिटल क्रांति तक। इसलिए, मुझे कोई वजह नजर नहीं आती कि यह सिलसिला अब रुक जाएगा।




गोल्डमैन सैश के अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि अगले दस वर्षों में, एआई मौजूदा काम के घंटों में से 25 प्रतिशत को स्वचालित कर सकता है। स्टैनफोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार, जिन पेशों में स्वचालन (ऑटोमेशन) की संभावना सबसे ज्यादा है (जैसे कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग या कस्टमर सर्विस) वहां प्रवेश स्तर की नौकरियों में पहले ही 16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। लेकिन, जब आप उन नौकरियों या क्षेत्रों को देखते हैं, जिनका स्वचालन से कम लेना-देना है, तो तस्वीर बदल जाती है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि डाटा सेंटरों की बढ़ती मांग की वजह से 2022 से अब तक 2,00,000 से ज्यादा निर्माण क्षेत्र में नौकरियां पैदा हुई हैं। जहां एक तरफ एआई कुछ सेक्टरों में नौकरियां खत्म करता है, वहीं दूसरी तरफ यह कुछ अन्य सेक्टरों में नौकरियों में बढ़ोतरी का कारण भी बन सकता है।

बेशक, हम ऐसे व्यवधान से होने वाले मानवीय नुकसान को नजरअंदाज नहीं कर सकते। हाल के दशकों में, ऑटोमेशन और वैश्विक आउटसोर्सिंग के कारण विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में काफी गिरावट आई है। पर, तमाम चुनौतियों के बावजूद, ज्यादातर लोगों का जीवनस्तर पहले के मुकाबले काफी बेहतर हो गया है।

तीन ऐसे कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे उम्मीद है कि एआई अर्थव्यवस्था को मजबूत और गतिशील बनाएगा। पहला, अगर मेरा अनुमान सही साबित होता है, तो एआई 25 प्रतिशत नौकरियां खत्म नहीं करेगा। ज्यादा संभावना है कि लोग अपना समय बिताने के ज्यादा उत्पादक तरीके ढूंढ लेंगे। ज्यादा उन्नत उपकरणों के साथ, हमारे काम की जटिलता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। क्या हममें से किसी को भी आजकल ऐसा लगता है कि एक्सेल, ई-मेल या जूम की सुविधा होने के बावजूद, हमारे पास करने के लिए कम काम है?

दूसरा, सिर्फ इसलिए कि एआई किसी नौकरी की जगह ले सकता है, इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा होगा ही। टीवी ने लाइव मनोरंजन की मांग को खत्म नहीं किया और न ही इंटरनेट ने रियल एस्टेट एजेंटों या फिटनेस प्रशिक्षकों का काम-धंधा बंद करवाया। इसके बजाय, इन तकनीकों ने उन पेशों के महत्व को और भी ज्यादा उभारा और बढ़ाया ही है।



### एलिसे एआई

*इसे विशेष रूप से आवास और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में प्रशासनिक व संचार संबंधी कार्यों को स्वचालित बनाने के लिए विकसित किया गया है। यह सामान्य प्रश्नों के उत्तर देने, अपॉइंटमेंट तय करने, फॉलो-अप संदेश भेजने और अन्य नियमित कार्यों को स्वतः पूरा करता है। इससे उपयोगकर्ताओं को महत्वपूर्ण और मानवीय कार्यों पर अधिक समय देने का अवसर मिलता है। यह मरीजों को समय पर जानकारी और सहायता प्रदान करता है। आवास क्षेत्र में यह किरायेदारों की समस्याओं व प्रश्नों का त्वरित समाधान करता है। सेवा की गुणवत्ता व प्रतिक्रिया की गति इसे अधिक विश्वसनीय बनाती है।*

तीसरा, यह अंदाजा लगाना आसान है कि जैसे-जैसे एआई की मदद से और भी ज्यादा नवाचार होंगे, नौकरियों के पैदा होने की रफ्तार और भी तेज हो जाएगी। कंपनियां अब ऐसे लोगों की तलाश कर रही हैं, जो तथाकथित 'एजेंटिक एआई' को प्रबंधित कर सकें और इसे अलग-अलग क्षेत्रों में शामिल कर सकें-अमल करने और कार्यप्रवाह से लेकर अनुपालन और सत्यापन तक। इन सभी कामों के लिए मानवीय सूझ-बूझ की जरूरत होती है।

अगर एआई सचमुच बड़ी संख्या में नौकरियां खत्म करने लगे (और शायद हमारी उम्मीद से भी तेजी से), तो सरकारों और नीति बनाने वालों को इसके लिए कदम उठाने होंगे। उन्हें या तो लोगों को नए कौशल (री-स्किलिंग) सिखाने पर बड़े स्तर पर निवेश करना होगा, या फिर ऐसे एआई को बढ़ावा देना होगा, जो कर्मचारियों की जगह लेने के बजाय उनके काम को आसान और बेहतर बनाए। यह एक संयुक्त प्रयास होना चाहिए।

सार्वजनिक क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, जिसमें व्यावसायिक स्कूलों और कम्युनिटी कॉलेजों में ज्यादा निवेश करना भी शामिल है। वहीं, निजी क्षेत्र को कर्मचारियों के कौशल को बेहतर बनाने और काम के दौरान उन्हें मिलने वाली ट्रेनिंग को नए सिरे से सोचने में मदद करनी चाहिए।

©The New York Times 2026

## शांति समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार या कमजोर मानसून बनेगा बाधा




**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वैश्विक और घरेलू मोर्चों से परस्पर विरोधी संकेत मिल रहे हैं। पश्चिम एशिया शांति समझौते के बाद कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आने लगी है। इस राहत को देखकर वैश्विक ब्रोकरेज फर्म भारत की जीडीपी की वृद्धि के मजबूत अनुमान जारी कर रही हैं। लेकिन इसके ठीक उलट, घरेलू मोर्चे पर अल नीनो के कारण मानसून की सुस्ती से देश के नीति-निर्माताओं और अर्थशास्त्रियों की सांसें अटकी हुई हैं।

वैश्विक निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने भारत का वित्त वर्ष 2026-27 का विकास अनुमान 6.1 फीसदी से बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। एजेंसी का कहना है कि चालू तिमाही की जीडीपी उम्मीद से बेहतर है। कच्चे तेल में गिरावट का सीधा फायदा भारत को मिलेगा। उधर, ईवाई ने चालू वित्त वर्ष में रियल जीडीपी वृद्धि दर 6.6 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एजेंसी के मुताबिक, मजबूत घरेलू बुनियादी कारकों और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र के दम पर देश बाहरी अनिश्चितताओं से आसानी से निपट लेगा। जहां एजेंसियां भारत के पेट्रोलियम रिफाइनिंग इकोसिस्टम और बुनियादी ढांचे को देखकर गदगद हैं, वहीं कृषि और ग्रामीण ऋण विशेषज्ञ अलग हकीकत बयान कर रहे हैं। भारत की 300 अरब डॉलर की कृषि अर्थव्यवस्था और ग्रामीण मांग पूरी तरह दक्षिण-पश्चिम मानसून पर टिकी है।

एलएंडटी फाइनेंस की अर्थशास्त्री रजनी ठाकुर ने कहा कि कम बारिश अपने साथ खराब सेंटीमेंट लेकर आती है, जिसका सीधा असर शेयर बाजार और ग्रामीण खर्च पर पड़ता है। त्योहारी सीजन के दौरान ग्रामीण इलाकों में खर्च में बड़ी कटौती देखने को मिल सकती है। क्वांटइको रिसर्च की युविका सिंघल के मुताबिक, मानसून में 10 फीसदी की कमी से उपभोक्ता महंगाई एक फीसदी तक बढ़ सकती है। ■ बोनस डेस्क

## एआई के डर से कोस्पी इंडेक्स धड़ाम, दूसरी बार रुकी ट्रेडिंग, एक हफ्ते में 16% टूटा

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया का प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक कोस्पी शुक्रवार को एआई के दूसरे बड़े झटके का शिकार हुआ। तेज बिकवाली के चलते एक्सचेंज को इस सप्ताह दूसरी बार 20 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। इससे पहले 23 जून को भी कोस्पी 10 फीसदी लुढ़का था, जो उसके इतिहास की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावटों में शामिल है।

सप्ताहभर में सूचकांक 16 फीसदी से अधिक टूट चुका है। शुक्रवार को कोस्पी में 9 फीसदी तक गिरावट दर्ज की गई। दिन के कारोबार में यह 8,126.84 के निचले स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में कुछ रिकवरी हुई और सूचकांक करीब 5.8 फीसदी की गिरावट के साथ 8,411.21 पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा दबाव तकनीकी और सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चिप्स की मांग को लेकर निवेशकों का उत्साह कमजोर पड़ने से वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर शेयरों में बिकवाली बढ़ी है। ब्यूरो

**भारतीय बाजार पर दिख सकता है असर :** सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च एनलिस्ट विपिन डिक्सेना के मुताबिक, वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला में दक्षिण कोरिया की अहम भूमिका होने के कारण वहां के चिप शेयरों में कमजोरी का असर अन्य एशियाई बाजारों, खासकर भारत पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा, एआई कारोबार में गंभीर और ढांचागत बदलाव जारी है। बढ़ते पूंजीगत खर्च और केंद्रीय बैंकों के सख्त रुख से टेक कंपनियों के वैल्यूएशन में तेज बदलाव हो रहे हैं।

## एक्सप्लेनर

आरबीआई के नए नियम से बढ़ीं मुश्किलें

## टाटा संस की लिस्टिंग पर क्यों मचा है घमासान?

...तो क्या टाटा संस को अब जबरन होना पड़ेगा लिस्ट? टाटा संस का आईपीओ लाने से क्यों डर रहा है टाटा ट्रस्ट?

भारतीय रिजर्व बैंक के नए स्पष्टीकरण ने देश के सबसे बड़े व्यापारिक घराने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के सामने बड़ी नियामक चुनौती खड़ी कर दी है। अब तक टाटा संस एक अनलिस्टेड कंपनी है, लेकिन अब कंपनी के अंदर से ही इसे लिस्ट करने की मांग उठ रही है।

टाटा संस के मौजूदा चेयरमैन नोएल टाटा निजी तौर पर टाटा संस को सूचीबद्ध कंपनी बनाने के खिलाफ हैं, जबकि इसके दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक शापूरजी पालोनजी ग्रुप की ओर से लिस्टिंग का दबाव है, ताकि वह अपनी हिस्सेदारी की बिक्री कर सके।

### विवाद की असली जड़ क्या है?

■ यह पूरा विवाद साल 2024 में तब शुरू हुआ, जब टाटा संस ने आरबीआई के पास आवेदन देकर एक सिस्टमैटिकली इम्पोर्टेंट कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी) के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन सरेंडर करने की अनुमति मांगी। टाटा संस ने तर्क दिया कि उसने अपना 20,000 करोड़ से अधिक का कर्ज चुका दिया है। टाटा संस जनता के पैसे का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। ऐसे में एनबीएफसी के कड़े नियमों से छूट मिलनी चाहिए।

■ आरबीआई इस दलील को पूरी तरह सही नहीं मानता। टाटा संस करीब 1.75 लाख करोड़ रुपये की विशाल संपत्ति वाली तमाम कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है। इसकी टाटा स्टील, टीसीएस, टाटा मोटर्स और टाटा पावर जैसी कंपनियों में भारी हिस्सेदारी है और ये सभी बाजार से भारी फंड जुटाती हैं।




**आरबीआई ने कैसे कसा शिकंजा?**

*आरबीआई ने बड़े वित्तीय संस्थानों के वर्गीकरण और उनके नियमन के दायरे से बाहर निकलने के रास्तों को बेहद कड़ा कर दिया है। केंद्रीय बैंक केवल किसी कंपनी की बैलेंस शीट नहीं देख रहा, बल्कि पूरे कॉर्पोरेट समूह के भीतर सभी आंतरिक संबंधों की कड़ाई से जांच कर रहा है। यदि समूह की किसी ऐसी कंपनी में हिस्सेदारी है जिसकी पहुंच कर्ज बाजार तक है, तो उसे होल्डिंग कंपनी के लिए अप्रत्यक्ष सार्वजनिक धन माना जा सकता है। इसके बाद, भले ही टाटा संस पर प्रत्यक्ष कर्ज नहीं है, लेकिन समूह की कंपनियों से जुड़े होने के कारण डी-रजिस्ट्रेशन कराना बेहद मुश्किल हो गया है।*

### क्या अब टाटा संस की लिस्टिंग अनिवार्य है?

यदि टाटा संस अपर-लेयर एनबीएफसी के दायरे में बनी रहती है, तो उसके लिए शेयर बाजार में लिस्ट होना प्रभावी रूप से अनिवार्य हो जाता है। आरबीआई के मानदंडों के अनुसार, इस श्रेणी की कंपनियों को एक निश्चित समय सीमा के भीतर लिस्ट होना पड़ता है ताकि बाजार में अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। लिस्ट होते ही टाटा संस सीधे बाजार नियामक सेबी के दायरे में आ जाएगी।

### अन्य बड़े कॉर्पोरेट घरानों ने क्या रास्ता चुना?

पिरामल एंटरप्राइजेस और टाटा मोटर्स फाइनेंस जैसी बड़ी संस्थाओं ने अपने लाइसेंस तभी सरेंडर किए, जब वे पहले से विनियमित और लिस्टेड संस्थाओं के साथ विलय हो गईं। अन्य कंपनियों ने भी या तो अपना पुनर्गठन किया या फिर सीधे लिस्टिंग का रास्ता चुना। होल्डिंग स्ट्रक्चर बचा रहे और रेगुलेशन से भी मुक्ति मिल जाए, इस चालाकी को आरबीआई ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। ■ बोनस डेस्क

## न्यूज डायरी

### कच्चा तेल 10 फीसदी साप्ताहिक गिरावट के करीब

**नई दिल्ली।** होर्मुज में टैंकरों की आवाजाही सामान्य होने पर मंडरा रहे नए खतरों के बीच शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 3 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई दोनों बेंचमार्क इस सप्ताह लगभग 10 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट की ओर बढ़ते दिखे। ब्रेंट क्रूड 2.58 डॉलर यानी 3.43 फीसदी गिरकर 72.68 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि डब्ल्यूटीआई का भाव 2.50 डॉलर यानी 3.48 फीसदी टूटकर 69.42 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एजेंसी

### विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर हो गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में 9.98 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जिसके बाद यह 671.62 अरब डॉलर पर आ गया था। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां घटकर 541.21 अरब डॉलर रह गईं। बीते सप्ताह स्वर्ण भंडार में तेज बढ़त हुई। इसका मूल्य 4.11 अरब डॉलर बढ़कर 107.93 अरब डॉलर हो गया। एजेंसी

## होर्मुज खुलने के बाद भी जारी रहेगा तेल संकट 4 महीने में 1.15 अरब बैरल का हुआ नुकसान

**आईईए-अमेरिकी ऊर्जा प्रशासन की रिपोर्ट :** तेल भंडारों को पुराने स्तर पर लौटने में लगेगा लंबा समय

बोनस डेस्क

**नई दिल्ली।** 28 फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट और अमेरिका-ईरान समझौते के बाद आखिरकार सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की उम्मीदें भले ही मजबूत हो रही हैं, लेकिन वैश्विक ऊर्जा बाजार के लिए यह राहत तात्कालिक है। पिछले लगभग चार महीनों से होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद रहने के कारण दुनिया की तेल आपूर्ति को ऐसा गहरा जख्म लगा है, जिसे भरने में महीनों नहीं, बल्कि सालभर से ज्यादा का समय लगेगा।

विश्लेषकों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों का साफ कहना है कि होर्मुज खुलने के बाद भी दुनिया भर के रणनीतिक और वाणिज्यिक तेल भंडार खाली ही रहेंगे, जिससे आने वाले महीनों में कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बना रहेगा।

**मांग पर पड़ेगा असर :** कीमतों के इस ऊंचे स्तर का असर वैश्विक मांग पर भी दिखेगा। साल 2026 में वैश्विक तेल मांग में 2025 के मुकाबले 1.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन की गिरावट आने का अनुमान है। हालांकि, 2027 में व्यापार सामान्य होने पर मांग में दोबारा 2 से 2.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन के बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।



### ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंचे दुनिया के तेल भंडार

अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के ताजा आंकड़े बताते हैं कि युद्ध के दौरान मांग को पूरा करने के लिए सरकारों ने अपने आपातकालीन भंडारों को रिकॉर्ड गति से खाली किया है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक, विकसित देशों के समूह (ओईसीडी) का तेल भंडार गिरकर 1990 के बाद के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। संकट की शुरुआत से अब तक इस बफर स्टॉक से 163 मिलियन बैरल तेल निकाला जा चुका है।

■ अमेरिकी ऊर्जा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका का आपातकालीन रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व गिरकर 340.3 मिलियन बैरल पर आ गया है, जो 1983 के बाद का सबसे निचला स्तर है। वहीं ईआईए के मुताबिक, साल 2026 के अंत तक ओईसीडी देशों के पास केवल 50 दिनों की भावी मांग को पूरा करने का स्टॉक बचेगा, जो 2003 के बाद सबसे कम है।

*एनालिटिक्स फर्म केप्लर और अन्य ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, फारस की खाड़ी से तेल का प्रवाह तुरंत युद्ध-पूर्व स्तर पर नहीं पहुंच पाएगा, जिसके तीन मुख्य कारण हैं:*

■ **बारूदी सुरंगें हटाने की चुनौती :** युद्ध के दौरान जलमार्ग में बिछाई गई समुद्री बारूदी सुरंगों को पूरी तरह साफ करने और नौवहन को सुरक्षित बनाने में कई हफ्तों का समय लगेगा।

■ **लॉजिस्टिक्स और टैंकरों की कमी :** बंद के दौरान वैश्विक रूट से हटाए गए खाली तेल टैंकरों को वापस फारस की खाड़ी के क्षेत्र में लाने और उनके लिए बीमा बहाल करने में समय लगेगा।

■ **बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान :** ईरान, कुवैत व यूएई की कई ऑयल रिफाइनरियों और तेल प्रतिष्ठानों को युद्ध के दौरान भारी भौतिक नुकसान पहुंचा है, जिन्हें दोबारा पूरी क्षमता से शुरू करने में महीनों लगेंगे।

### आगे क्या रहेगी कीमतों की दिशा?

यूएस एनर्जी इंफोर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक जब तक दुनिया के तेल भंडार दोबारा नहीं भर जाते, तब तक बाजार में अस्थिरता बनी रहेगी। जैसे-जैसे होर्मुज से ट्रैफिक सामान्य होगा और मध्य पूर्व का बंद पड़ा उत्पादन धीरे-धीरे बाजार में लौटेगा, साल की चौथी तिमाही तक कीमतें घटने का अनुमान है। आईईए और ईआईए दोनों का अनुमान है कि साल 2027 की पहली तिमाही तक अधिकांश बंद उत्पादन पूरी तरह बहाल हो जाएगा। भंडार दोबारा भरने शुरू होंगे, जिससे साल 2027 में ब्रेंट क्रूड का औसत भाव गिरकर 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकता है।

## अनिल अंबानी व रिलायंस इंफ्रा को सेबी से झटका

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की उस सेटलमेंट अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें कंपनी के करीब 6,526 करोड़ के कथित दुरुपयोग मामले को निपटाने की मांग की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, यस बैंक निवेश मामले के बाद यह दूसरा मौका है, जब सेबी ने अनिल अंबानी की अर्जी खारिज की है। सेबी ने सितंबर 2025 में जारी अंतरिम आदेश में कहा था कि रिलायंस इंफ्रा के धन का उपयोग कुछ इस तरह किया गया कि अनिल अंबानी से जुड़े पक्षों को लाभ पहुंचने की आशंका है।



रिलायंस इंफ्रा ने इंजीनियरिंग फर्म सीएलई प्राइवेट लि. के लिए लगभग 6,526 करोड़ के एक्सपोजर की जानकारी दी थी और उसे स्वतंत्र कंपनी बताया था। सेबी का आरोप है कि 2024 तक रिलायंस इंफ्रा ने कुल 17,670 करोड़ रुपये सीएलई को ट्रांसफर किए। बाद में सीएलई ने करीब 11,200 करोड़ अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह से जुड़ी कंपनियों में निवेश किए। एजेंसी

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts amarujala.com/jobs

### यूपीएससी ने जारी किया विज्ञापन

मेडिकल ऑफिसर, लीगल ऑफिसर आदि पद रिक्त




**450 पद**

आवेदन की अंतिम तिथि : 17 जुलाई, 2026
पात्रताएं : पोस्ट-ग्रेजुएशन, लॉ व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : upsc.gov.in

### यूपीपीसीएस-2026 ■ 500 पद

अधिकारी बनने का सुनहरा मौका
आवेदन की अंतिम तिथि : 27 जुलाई, 2026
पात्रताएं : स्नातक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : uppsc.up.nic.in

### डीआरडीओ में संभावनाएं ■ 77 पद

अप्रेंटिसशिप के लिए करें आवेदन
आवेदन की अंतिम तिथि : 22 जुलाई, 2026
स्टाइपेंड : रुपये 10,500 से रुपये 12,300 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : drdo.gov.in

### ईएसआईसी में निकली भर्ती ■ 48 पद

विशेषज्ञ और सीनियर रेजिडेंट के पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि : 07 जुलाई, 2026
पात्रताएं : संबंधित स्पेशलिटी में पीजी डिग्री या डिप्लोमा
यहां आवेदन करें : esic.nic.in

### आरसीएफएल में करें आवेदन ■ 32 पद

ऑफिसर, सीनियर मैनेजर व अन्य पद रिक्त
आवेदन की अंतिम तिथि : 13 जुलाई, 2026
पात्रताएं : एमबीए, बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें : rcfltd.com

### सीईआरएसएआई में मौके ■ 16 पद

डिप्टी मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि : 20 जुलाई, 2026
वेतनमान : रुपये 30,000 से लेकर रुपये 2,20,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें : cersai.org.in/CERSAI/home.prg

### यहां भी हैं रोजगार के अवसर...

राइट्स लिमिटेड : असिस्टेंट मैनेजर के पदों पर आवेदन आमंत्रित।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 22 जुलाई, 2026
■ rites.com

आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान : प्रोजेक्ट रिसर्च साइंटिस्ट के पदों पर निकली भर्ती।
■ आवेदन की अंतिम तिथि : 01 जुलाई, 2026
■ ivri.nic.in/

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

## एजुकेशन & कॅरिअर

आपकी आदतें ही आपका भविष्य लिखती हैं।

## नर्सिंग क्षेत्र में तेजी से बढ़ती नौकरियां

यदि आप बारहवीं भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों से उत्तीर्ण हैं, तो बीएससी नर्सिंग एक अच्छा विकल्प हो सकता है

**विपुल शर्मा**
कॅरिअर सलाहकार



यदि आपने अभी-अभी भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (पीसीबी) विषयों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण की है और एक सुरक्षित तथा सार्थक कॅरिअर की तलाश में हैं, तो बीएससी नर्सिंग आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आज के समय में कुशल नर्सों की मांग लगातार बढ़ रही है, न केवल भारत में बल्कि कनाडा, यूके और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं।

■ **लाइसेंस की अनिवार्यता**

बारहवीं में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी विषयों के साथ न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। भारत के शीर्ष संस्थानों में प्रवेश के लिए एम्स नर्सिंग, नीट यूजी, पीजीआईएमईआर या राज्य स्तरीय नर्सिंग प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण की हो। चार वर्षीय कोर्स में छह महीने की व्यावहारिक इंटर्नशिप शामिल होती है। इसे किसी अच्छे मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में करें, ताकि असली मरीजों को संभालने का अनुभव मिले। कोर्स पूरा होने के बाद स्टेट नर्सिंग काउंसिल में अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। इसके बिना आप कानूनी रूप से नर्स के रूप में अभ्यास नहीं कर सकते।

■ **बढ़ती रिक्तियां, बढ़ते मौके**

सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकारी अस्पतालों का विस्तार, आयुष्मान भारत एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, आईसीयू, ट्रॉमा और क्रिटिकल केयर यूनिट्स की स्थापना, डिजिटल हेल्थ एवं टेली-मेडिसिन सेवाओं का विस्तार तथा वृद्धजन एवं होम-केयर सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन पहलों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन की मांग लगातार बढ़ रही है, विशेष रूप से नर्सिंग सेवाओं की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यही कारण है कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे अधिक रिक्तियां नर्सिंग कैडर में ही निकाली जा रही हैं।

■ **बेहतर वेतन और पदोन्नति**

बीएससी नर्सिंग के बाद सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में कई कॅरिअर के अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी क्षेत्र में एम्स, ईएसआईसी, केंद्रीय अस्पताल, डीएसएसएसबी, एचएसएससी, राज्य स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल कॉलेज, एनएचएम, एनयूएचएम, नॉरसेट, सेना, रेलवे और पीएसयू अस्पतालों में नौकरी मिल सकती है, जो स्थायित्व और बेहतर पदोन्नति प्रदान करते हैं। निजी क्षेत्र में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, कॉरपोरेट हेल्थ-केयर, आईसीयू, नर्सिंग एजुकेशन, रिसर्च और मैनेजमेंट में अवसर मिलते हैं। यह डिग्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्य है, जिससे यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में भी रोजगार के अवसर मिलते हैं, जहां एनसीएलईएक्स, आईईएलटीएस/ओईटी जैसी परीक्षाओं के बाद काम किया जा सकता है। वेतन की बात करें, तो फ्रेशर को लगभग रुपये 25,000 से रुपये 30,000 और सरकारी अस्पतालों में शुरुआती वेतन लगभग रुपये 70,000 प्रतिमाह तक हो सकता है।

■ **यहां ले सकते हैं प्रवेश**

पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। कम वार्षिक शुल्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्रशिक्षण सुविधाओं के कारण यह देश के प्रमुख नर्सिंग कार्यक्रमों में से एक है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आवेदन आमंत्रित

**आईएससी यंग जर्नलिस्ट प्रोग्राम**

- **पात्रताएं :** वर्तमान में पत्रकार के रूप में कार्यरत हों तथा सामाजिक या जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग का अनुभव रखते हों।
- **आयु-सीमा :** 35 वर्ष
- **कार्यक्रम की जिम्मेदारियां :** प्रतिभागियों को कॉन्फ्रेंस में भाग लेना, एक रिपोर्ट तैयार करना आदि नियमों का पालन करना होगा।
- **अंतिम तिथि :** 15 जुलाई, 2026
- **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/mv4f72ap

### आवेदन आमंत्रित

**आरबीएल बैंक शिक्षा स्कॉलरशिप**

- **पात्रताएं :** कक्षा दसवीं, बारहवीं व डिप्लोमा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों व अन्य निर्धारित योग्यताएं ।
- **पारिवारिक आय :** 4,00,000 रुपये से कम
- **राशि :** अधिकतम 20,000 रुपये तक
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 31 अगस्त, 2026
- **आवेदन लिंक :** tinyurl.com/ynjh4mt9

### एग्जाम अलर्ट

**आरआरबी जूनियर इंजीनियर जेई सीबीटी-2 परीक्षा**

- **परीक्षा की तिथि :** 02 जुलाई, 2026
- इस परीक्षा में भौतिकी और रसायन विज्ञान, कंप्यूटर और एप्लिकेशन की बुनियादी बातें, तकनीकी क्षमताएं आदि विषयों से 150 अंकों के 150 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** rrbapply.gov.in

### अंतरराष्ट्रीय पहल

**यूपीटीईटी परीक्षा-2026**

- **परीक्षा की तिथि :** 02 से 04 जुलाई, 2026
- इस परीक्षा में पेपर-1 में बाल विकास एवं शिक्षण विधि, भाषा और पर्यावरण अध्ययन से 150 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि पेपर-2 में गणित, सामान्य अध्ययन सहित अन्य विषयों से 150 अंकों के प्रश्न होंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** admitcards.upessc.org/

### खुद को परखें

1. हाल ही में, विस्फोट के कारण चर्चा में रहा 'वोल्कैन डी फुएगो' ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
(a) मेक्सिको (b) पनामा
(c) ग्वाटेमाला (d) होंडुरास

2. 'ब्युरेवेस्टनिक' मिसाइल किस देश ने विकसित की है?
(a) रूस (b) चीन
(c) इस्राइल (d) जापान

3. सहरिया जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?
(a) ओडिशा और झारखंड (b) मध्य प्रदेश और राजस्थान
(c) छत्तीसगढ़ और तेलंगाना (d) गुजरात और महाराष्ट्र

4. 'इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज' का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
(a) चेन्नई (b) हैदराबाद
(c) बंगलूरू (d) नई दिल्ली

उत्तर : 1.c, 2.a, 3.b, 4.b

## आज का दिन

27 जून 1871

जापान ने न्यू करेंसी एक्ट के तहत येन को आधिकारिक मुद्रा बनाया था, जिससे देश में एक आधुनिक और नई मौद्रिक प्रणाली की शुरुआत हुई।



■ **1839 :** पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह का निधन लाहौर में हुआ था।
■ **1922 :** 'द स्टोरी ऑफ मैनकाइंड' को बाल साहित्य का पहला न्यूबेरी मेडल मिला था।
■ **1964 :** भारतीय एथलीट पी.टी. उषा का जन्म केरल के कोझिकोड जिले में हुआ था।
■ **1977 :** जिबूती को फ्रांस से स्वतंत्रता मिली थी।

### व्रत त्योहार

**आज :** द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी।
**कल :** वर्षा ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
**राहुकाल :** सायं 16.30 से 18.00 तक।

■ सूर्योदय : 05.30
■ सूर्यास्त : 19.18
(भारतीय मानक समयानुसार)

### कल का पंचांग

**विक्रमी संवत** 2083, 07 आषाढ़ मास शक 1948, आषाढ़ मास 14 प्रविष्टे, 12 मुहर्रम हिजरी 1448, द्वितीय ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी 27.06 तक उपरांत पूर्णिमा, ज्येष्ठा नक्षत्र 25.08 तक उपरांत मूल नक्षत्र, शुभ योग 13.29 तक उपरांत शुक्ल योग, गर करण 13.54 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा धनु राशि में 25.08 बजे।

### राशिफल

amarujala.com/astrology
■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** आर्थिक क्षेत्र में सावधानी बरतें। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** व्यवहार कुशलता बनाए रखें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मिथुन :** मानसिक उत्तेजना से बचें। राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। नए कार्य बन सकते है।

**कर्क :** शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा। विरोधी शांत रहेंगे। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**सिंह :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में उन्नति हो सकती है। प्रभावी व्यक्ति का सान्निध्य मिलेगा।

**कन्या :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। विकास की नई योजना बन सकती है। भू-संपत्ति में वृद्धि होगी।

**तुला :** मानसिक तनाव से बचें। नौकरी में उन्नति का अवसर मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृश्चिक :** वाद-विवाद से दूरी बनाए रखें। बनते कार्य में विलंब होगा। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

**धनु :** कार्य विशेष में सफलता मिलेगी। अटका धन मिल सकता है। अनुकूल सूचना मिल सकती है।

**मकर :** नई योजना सफल होगी। आर्थिक दृष्टि से दिनमान सामान्य रहेगा। व्यवसाय विस्तार होगा।

**कुंभ :** आत्मबल बनाए रखें। इच्छा पूर्ति में विलंब होगा। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन :** उतावलेपन पर नियंत्रण रखें। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 5 | 1 | | 9 | 8 |
| | | | 2 | | | 3 | | |
| | | 3 | 8 | | 7 | | | |
| | | 2 | 7 | 9 | | | 6 | |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | 8 | | | 3 | 5 | 2 | | |
| | | | 9 | | 6 | 4 | | |
| | | 1 | | | 2 | | | |
| 5 | 6 | | 4 | 1 | | 9 | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 9 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 |

उत्तर

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 27 जून, 2026

## कल्पमेधा

*जो लोग उच्च विचारों की सुखद संगति में रहते हैं,
वे कभी भी एकाकी नहीं हो सकते।*
*– फिलिप सिडनी*

# शुल्क पर सवाल

विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने, रोजगार पाने या फिर भ्रमण का सपना संजोने वाले को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। सरकार ने पासपोर्ट के लिए आवेदन शुल्क की राशि बढ़ा दी है, जिसके तहत अब 36 पन्नों के सामान्य पासपोर्ट के लिए 1,500 रुपए की जगह 2,500 रुपए का भुगतान करना पड़ेगा, जबकि तत्काल सेवा के लिए 3,500 रुपए के बजाय 5,000 रुपए देने होंगे। सरकार की ओर से शुल्क बढ़ोतरी का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन इसका असर निश्चित तौर पर उन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ेगा, जिनके बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने के अवसर मिलते हैं। साथ ही उन श्रमिकों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो विदेश में रोजगार के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना चाहते हैं। इसी के साथ पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण न मानने को लेकर भी विवाद पैदा हो गया है। सड़क से लेकर राजनीतिक गलियारों में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर नागरिकता साबित करने के लिए कौन सा दस्तावेज जरूरी है?

इसमें दोराय नहीं कि भारतीय विद्यार्थियों का विदेश जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने में खासा रुझान देखा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 में बारह लाख से अधिक भारतीय विद्यार्थी विभिन्न देशों में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे थे। मगर अब इन छात्रों की संख्या कम होने लगी है। विदेशी शिक्षा संस्थानों में बढ़ती फीस और वीजा नियमों में की जा रही सख्ती से देश के छात्रों के कदम ठिठक रहे हैं। ऐसे में पासपोर्ट के लिए आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी भारतीय छात्रों के इरादों को और कमजोर करेगी। इसी तरह विदेश में रोजगार के लिए जाने वाले श्रमिक वर्ग पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में करीब साढ़े तीन लाख भारतीय श्रमिक विदेश गए थे। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या आर्थिक स्थिति के आधार पर पासपोर्ट के आवेदन शुल्क में रियासत नहीं दी जा सकती है? सरकार का मकसद सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही नहीं, बल्कि आम लोगों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान देना भी होना चाहिए।

यही नहीं, पासपोर्ट के नागरिकता का प्रमाण न होने को लेकर भी एक नई बहस छिड़ गई है। विपक्ष दलों का कहना कि पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड या फिर मतदाता पहचान पत्र अगर नागरिकता को साबित नहीं करते हैं, तो फिर इसके लिए कौन सा दस्तावेज जरूरी है। यह विचित्र बात है कि एक तरफ सरकार का दावा है कि पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है और यह कभी भी नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं रहा है, तो दूसरी तरफ निर्वाचन आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए अपनी पात्रता साबित करने के वास्ते मतदाताओं को जिन बारह वैध दस्तावेजों की जरूरत होती है, उनमें पासपोर्ट अब भी शामिल है। यह बात छिपी नहीं है कि देश भर में हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की ओर से नागरिकता की आंशिक रूप से जांच की जा रही है। ऐसे में अब यह मांग भी उठ रही है कि सरकार को कानूनी ढांचे में संशोधन कर पासपोर्ट और आधार कार्ड दोनों को भारतीय नागरिकता का वैध और निर्णायक प्रमाण घोषित करना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज भी कई देशों में पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाणिक दस्तावेज माना जाता है।

# त्रासदी का सबक

दक्षिणी अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए भूकम्प के सात से भी अधिक तीव्रता के दो झटकों से हुई भारी क्षति ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। इस त्रासदी का दायरा इतना बड़ा है कि हजारों नागरिक अब भी लापता हैं। फिलहाल पांच सौ से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि हजारों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। जाहिर है कि जान-माल की क्षति से इस देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। गौरतलब है कि वेनेजुएला के नजदीक 'कैरिबियन प्लेट' और 'साउथ अमेरिकन प्लेट' आपस में मिलती हैं। बीते बुधवार को इन प्लेटों के पास भारी हलचल के कारण तीव्र भूकम्प आया। भू-गर्भ विज्ञानियों ने देश में आगामी दिनों में फिर से भूकंप के तेज झटके आने की आशंका जताई है। यह प्राकृतिक आपदा भारत समेत दुनिया के उन तमाम देशों को सचेत करने वाली है, जिन्हें भूकम्प की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। हालांकि इनमें से कई देशों में भूकम्परोधी तकनीकों के जरिए बचाव के उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन भारत में इस दिशा में कोई खास तैयारी धरातल पर नजर नहीं आती है।

भारत की बात की जाए, तो नेशनल सेंटर फार सिसमोलाजी के मुताबिक, यहां के उनतीस शहर भूकम्प की लिहाज से संवेदनशील हैं। देश के उनसठ फीसद भू-भाग को भूकम्प संभावित क्षेत्र माना गया है। सिस्मिक जोन-चार में आने वाले देश के सभी बड़े शहरों के मुकाबले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाके अधिक जोखिम में हैं। जबकि कोलकाता, बंगलुरु, मुंबई और चेन्नई जोन-तीन श्रेणी में आते हैं। भारतीय शहरों में तबाही का खतरा इसलिए भी अधिक है, क्योंकि यहां ज्यादातर इमारतें कमजोर हैं। हालांकि, सरकार की ओर से भवन निर्माण में भूकम्परोधी तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन असल में जमीनी स्तर पर बचाव के इन उपायों को आज भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। गुजरात के भुज से लेकर चमोली और उत्तरकाशी में आए भूकम्प की त्रासदी देश ने झेली है। हमें इन सब घटनाओं से सबक लेकर व्यापक स्तर पर बचाव के उपायों को अपनाना होगा, ताकि इस तरह की प्राकृतिक आपदा में नुकसान को कम किया जा सके।

# दुनिया में बढ़ता वर्चस्व का संघर्ष



**विश्व की कुछ शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाएं आज भी साम्राज्यवाद की विचारधारा में जकड़ी हुई हैं। अमेरिका-ईरान और रूस-यूक्रेन युद्ध इसी मानसिकता के परिचायक हैं।**

**पूर्णेंदु रंजन**

हम ऐसे युग में जी रहे हैं, जो लोकतंत्र को मानव शासन का अंतिम विकास मान कर जोर-शोर से उसका उत्सव मनाता है। दुनिया भर में लिखित संविधानों की प्रतिष्ठा है। कई देशों में उसी के आधार पर नीतियों की दिशा तय होती है। संसदों को लोक सत्ता का केंद्र माना जाता है। मतदान की आवधिक प्रक्रिया को इस बात का सबूत समझा जाता है कि आधुनिक देश या राज्य अपने नागरिकों की इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है। यदि हम इस समकालीन राजनीतिक रंगमंच की सतह को थोड़ा टटोलें, तो एक परेशान करने वाली निरंतरता सामने आती है। ऐसा लगता है कि कुछ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का अंतर्निहित तर्क मध्यकालीन राजाओं की प्रवृत्तियों से जकड़ा हुआ है, जिनकी वैधता जनता की सहमति से नहीं, बल्कि विजय, क्षेत्रीय प्रभुत्व और असीम शक्ति के प्रदर्शन से सिद्ध होती थी। आज की महाशक्तियां चाहे उनकी वैचारिकता कुछ भी हो, अक्सर बहुलतावादी समाजों के संरक्षक के रूप में कम और आधुनिक संस्थागत आवरण में छिपे साम्राज्यवादी शासकों की तरह अधिक व्यवहार करती हैं। मतदान की प्रक्रिया ने सत्ता के मुकुट को समाप्त नहीं किया है, बल्कि उसे केवल छिपा दिया है।

यह समझने के लिए कि आधुनिक देश प्राचीन साम्राज्यों की तरह क्यों दिखते हैं, हमें देखना होगा कि वे युद्ध कैसे लड़ते हैं और शक्ति का प्रदर्शन कैसे करते हैं। अमेरिका की बात की जाए, तो वेनेजुएला के प्रति उसका आक्रामक रुख, क्यूबा पर दशकों लंबा प्रतिबंध और मध्य-पूर्व में उसकी सैन्य व खुफिया गतिविधियां केवल ठंडी रणनीतिक जरूरतें नहीं हैं। वे वैश्विक प्रभुत्व के भव्य प्रदर्शन हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों को अमेरिका की जीवंतता दिखाने के लिए मंचित किया जाता है। इसी तरह, रूस का यूक्रेन पर आक्रमण, जिसे क्रेमलिन ने अपने ऐतिहासिक 'प्रभाव क्षेत्र' की रक्षा बताया और ईरान की क्षेत्रीय चालें प्राचीन प्रतिशोध चक्र की याद दिलाती हैं। वैश्विक मंच पर ये संघर्ष अक्सर प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान की प्रतिशोधी लड़ाई जैसे लगते हैं– 'तुमने मेरे साथी को मारा, तो मैं तुम्हें मारूंगा।' मगर इस हिंसा के क्या मायने हैं। यह प्रतिद्वंद्वियों को डराने की तरह भी है।

यह सब पुराने राजाओं की किताब से उठाया गया है। कई सुल्तान, चीनी सम्राट और यूरोपीय राजा केवल जमीन या संसाधनों के लिए युद्ध नहीं करते थे। वे युद्ध में उतरते थे, ताकि अपनी सामरिक और राजनीतिक ताकत साबित कर सकें। जो राजा अपने सीमाओं का विस्तार करने या दुश्मनों को दंडित करने में विफल रहता, वह कमजोर दिखता और यह कमजोरी विद्रोह को आमंत्रित करती। आज के निर्वाचित या केंद्रीकृत नेता, चाहे वे कितने ही आधुनिक दिखें, उसी संरचनात्मक दबाव में हैं। वैधता पाने के लिए उन्हें बाहरी आक्रामकता और भू-राजनीतिक प्रदर्शन करना पड़ता है। यह प्रवृत्ति किसी एक राजनीतिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है। यह लोकतंत्र, तानाशाही और मिश्रित शासन सभी में समान रूप से काम करती है। यदि लोकतंत्र को केवल एक यांत्रिक प्रक्रिया और मतगणना की आवधिक रस्म के रूप में परिभाषित किया जाए, तो दुनिया की कई महाशक्तियां आसानी से परीक्षा पास



कर लेती हैं। मगर लोकतंत्र की असली आत्मा मतदान की यांत्रिकी में नहीं है। वह सह-अस्तित्व, गहरी बहुलता और विविध समुदायों की गरिमा में है। जब शासक चुनावी जनादेश, नौकरशाही तंत्र या निगमित संपत्ति का उपयोग करके सत्ता केंद्रीकृत करते हैं, असहमति को कुचलते हैं या वैश्विक साम्राज्यों

> **यह समझने के लिए कि आधुनिक देश प्राचीन साम्राज्यों की तरह क्यों दिखते हैं, हमें देखना होगा कि वे युद्ध कैसे लड़ते हैं और अपनी शक्ति का प्रदर्शन कैसे करते हैं। अमेरिका की बात की जाए, तो वेनेजुएला के प्रति उसका आक्रामक रुख, क्यूबा पर दशकों लंबा प्रतिबंध और मध्य-पूर्व में उसकी सैन्य व खुफिया गतिविधियां केवल ठंडी रणनीतिक जरूरतें नहीं हैं। वे वैश्विक प्रभुत्व के भव्य प्रदर्शन हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों को अमेरिका की जीवंतता दिखाने के लिए मंचित किया जाता है। इसी तरह, रूस का यूक्रेन पर आक्रमण, जिसे क्रेमलिन ने अपने ऐतिहासिक 'प्रभाव क्षेत्र' की रक्षा बताया और ईरान की क्षेत्रीय चालें प्राचीन प्रतिशोध चक्र की याद दिलाती हैं।**

के अधीन हो जाते हैं, तो लोकतंत्र खोखला हो जाता है। जो बचता है वह केवल प्रदर्शन है। यानी आधुनिक शब्दावली में छिपा हुआ राजतंत्र। आज की घटनाएं इस प्रवृत्ति को और स्पष्ट करती हैं। पश्चिम एशिया में इजराइल और लेबनान के बीच हालिया संघर्ष ने दिखाया कि कैसे चुनावी वैधता और साम्राज्यवादी ताकत एक-दूसरे में घुलमिल जाती हैं। इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में भारी सैन्य कार्रवाई की, जिसके बाद एक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा हुई। मगर हिज्बुल्लाह ने इसे अस्वीकार कर दिया और पूर्ण वापसी की मांग की। इजराइल के रक्षा मंत्री ने साफ कहा कि अभियान जारी रहेगा।

इस बीच अमेरिका ने ईरान पर दबाव बढ़ाया, जबकि तेहरान ने खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर हमले को 'आत्मरक्षा' बताया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मार्च 2026 से अब तक 3,500 से अधिक लोग मारे गए और 10,700 लोग घायल हुए हैं, जबकि 12 लाख से अधिक नागरिक विस्थापित हो चुके हैं। यह मानवीय संकट किसी भी लोकतांत्रिक आदर्श से परे जाकर साम्राज्यवादी शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा बन गया है। वाशिंगटन में भी राजनीतिक तनाव बढ़ा है। अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध शक्तियों को सीमित करने के लिए मतदान किया, जिसमें कुछ रिपब्लिकन भी डेमोक्रेट्स के साथ खड़े हुए। राष्ट्रपति ने उन्हें दिखावटी कह कर निंदा की। इस बीच तेल की कीमतें 98 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गईं, जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी। यह वही साम्राज्यवादी दबाव है, जो कभी मध्यकालीन राजाओं की विजय यात्राओं से जुड़ा था।

रूस-यूक्रेन युद्ध भी इसी तर्क को उजागर करता है। मई 2026 में यूक्रेन ने उस क्षेत्र को मुक्त कराया, जिस पर रूस ने कब्जा कर लिया था। यह 2023 के बाद पहली बार हुआ है। रूस की आक्रामकता थोड़ी थम गई है, जबकि यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में गहरे हमले शुरू कर दिए हैं। दो जून को रूस ने एक बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 22 नागरिक मारे गए और करीब 130 घायल हुए। यूक्रेन ने जवाबी कार्रवाई में सेंट पीटर्सबर्ग के पास क्रोनस्टाड्ट नौसैनिक अड्डे पर रूसी युद्धपोत में आग लगा दी और तेल ठिकानों पर हमला किया। वहीं, जापोरिज्जिया के बिजली संयंत्र पर हमलों ने परमाणु सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। फरवरी 2026 में 'न्यू स्टार्ट संधि' की समाप्ति के बाद अब अमेरिका और रूस के परमाणु शस्त्रागार पर कोई सीमा नहीं बची है। यह स्थिति दिखाती है कि आधुनिक साम्राज्यवादी युद्ध केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं, बल्कि वैश्विक अस्तित्व का खेल बन चुके हैं।

इन घटनाओं को देखें, तो वाशिंगटन और मास्को दोनों ही लोकतांत्रिक या अधिनायकवादी मुखौटे के पीछे वही पुराना मुकुट पहने हुए हैं। अमेरिका अपने अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेपों से वैश्विक प्रभुत्व दिखाता है, जबकि रूस चुनावी आवरण में तानाशाही को वैध ठहराता है। चीन जनलोकतंत्र की भाषा में अपने साम्राज्यवादी केंद्रीकरण को छिपाता है। भारत में भी हाल की प्रवृत्तियां अत्यधिक केंद्रीकरण और बहुसंख्यकवाद की ओर इशारा करती हैं। यूरोप अपने औपनिवेशिक प्रभाव के क्षेत्रों पर वित्तीय और तकनीकी दबाव बनाए रखता है। खाड़ी की राजशाहियां आधुनिक निगमित का मुखौटा पहन कर वंशानुगत सत्ता चलाती हैं। प्राचीन और आधुनिक दुनिया के बीच समानता साफ है। मध्यकालीन राजा ईश्वरीय अधिकार का दावा करता था। आधुनिक नेता बहुमत या तकनीकी जनादेश का। दोनों का उद्देश्य एक ही है– असीमित सत्ता और आलोचकों का मौन। सच्चा लोकतंत्र केवल मतगणना नहीं हो सकता, बल्कि वह सह-अस्तित्व, समान अधिकार और संप्रभुता के सम्मान की जीवंत प्रतिबद्धता है।

# पूर्णता की मृगतृष्णा

**मनीषा मंजरी**

जीवन एक सतत प्रवाहमान यात्रा है। जन्म के प्रथम क्षण से लेकर अंतिम सांस तक मनुष्य किसी न किसी रूप में गतिशील रहता है। इस यात्रा में वह अनेक अनुभवों, चुनौतियों, सफलताओं और विफलताओं से होकर गुजरता है। यदि इस संसार में कोई ऐसी अनुभूति है, जिससे अधिकांश मनुष्य भयभीत होते हैं, तो वह है विफलता। सफलता का स्वागत तो हर कोई हर्ष और उत्साह के साथ करता है, मगर विफलता का अंदेशा मन में निराशा, भय और विषाद का संचार कर देता है। यही कारण है कि अधिकांश लोग सफलता के पीछे भागते हुए जीवन व्यतीत कर देते हैं और विफलता से बचने का हर संभव प्रयास करते हैं। मगर क्या वास्तव में विफलता इतनी भयावह होती है, जितना हम उसे मान लेते हैं? यदि हम जीवन को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि सफलता और विफलता दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरे का कोई अस्तित्व नहीं है। जिस प्रकार दिन और रात मिलकर समय का चक्र पूर्ण करते हैं, उसी तरह सफलता और विफलता मिलकर जीवन की संपूर्णता का निर्माण करती हैं।

सफलता हमें आत्मविश्वास देती है, हमारे प्रयासों को मान्यता प्रदान करती है और हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना सिखाती है। मगर विफलता का योगदान इससे कहीं अधिक गहरा और स्थायी होता है। सफलता हमें यह बताती है कि हमने क्या सही किया, जबकि विफलता हमें यह सिखाती है कि हमें क्या सीखना अभी शेष है। सफलता हमारे व्यक्तित्व को चमक देती है, पर विफलता उसे तराशती है। वह हमारे भीतर छिपी कमजोरियों को उजागर करती है और हमें स्वयं से परिचित कराती है। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवन में मनुष्य ने सफलता को ही जीवन का पर्याय बना लिया है। वह स्वयं को निरंतर दूसरों से तुलना के तराजू पर तौलता रहता है। किसी के पास अधिक धन है, किसी के पास अधिक प्रतिष्ठा है, कोई अधिक सफल दिखाई देता है। इन सबके बीच मनुष्य अपने अस्तित्व का मूल्यांकन करने लगता है। धीरे-धीरे जीवन एक अनुभव न रहकर एक प्रतियोगिता बन जाता है। वह जीने के बजाय जीतने में व्यस्त हो जाता है।

इसी दौड़ में मनुष्य पूर्णता की तलाश करने लगता है। वह चाहता है कि उसके जीवन में कोई कमी न हो, कोई त्रुटि न हो, कोई विफलता न आए। वह हर कार्य में सर्वोत्तम होना चाहता है। मगर शायद वह इस बात को भूल जाता है कि पूर्णता स्वयं में एक भ्रम है, एक मृगतृष्णा। जैसे मरुस्थल में दूर चमकता हुआ जल वास्तव में जल नहीं होता, वैसे ही पूर्णता का आदर्श भी एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे प्राप्त करना संभव नहीं है। मनुष्य होने का अर्थ ही अपूर्ण होना है। हमारी सीमाएं, हमारी गलतियां, हमारी कमियां और हमारी विफलताएं ही हमें मनुष्य बनाती हैं। यदि जीवन में कोई त्रुटि न हो, कोई संघर्ष न हो और कोई विफलता न हो, तो सीखने की प्रक्रिया ही समाप्त हो जाएगी। तब जीवन केवल एक यांत्रिक अस्तित्व बनकर रह जाएगा।

वास्तव में विफलताएं हमारे जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक हैं। वे हमें विनम्र बनाती हैं, धैर्य का महत्त्व समझाती हैं और यह सिखाती हैं कि गिरना अंत नहीं है, बल्कि उठने की संभावना का प्रारंभ है। जिस व्यक्ति ने कभी विफलता का स्वाद नहीं चखा, वह सफलता का वास्तविक मूल्य भी नहीं समझ सकता। इतिहास के पन्ने ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरे पड़े हैं, जहां महान व्यक्तियों ने असंख्य विफलताओं का सामना करने के बाद ही सफलता प्राप्त की। यदि वे अपनी पहली या दूसरी विफलता के बाद रुक गए होते, तो शायद संसार उनके योगदान से वंचित रह जाता। उनकी महानता इस बात में नहीं थी कि वे कभी विफल नहीं हुए, बल्कि इस बात में थी कि उन्होंने विफलताओं को अपने मार्ग की अंतिम सीमा नहीं बनने दिया।

आध्यात्मिक दृष्टि से भी देखें, तो जीवन का उद्देश्य केवल उपलब्धियां अर्जित करना नहीं है। आत्मा का वास्तविक उद्देश्य सीखना, विकसित होना और अनुभवों के माध्यम से स्वयं को परिष्कृत करना है। प्रत्येक अनुभव, चाहे वह सुखद हो या दुखद, सफलता हो या विफलता, हमारे विकास की प्रक्रिया का एक आवश्यक हिस्सा है। जीवन हमें हर मोड़ पर कुछ सिखाने का प्रयास करता है। जो व्यक्ति इस शिक्षा को स्वीकार कर लेता है, वह भीतर से अधिक परिपक्व और प्रकाशमान होता जाता है। जब हम विफलताओं को शत्रु मानना छोड़ देते हैं और उन्हें अपने शिक्षक के रूप में स्वीकार करते हैं, तब जीवन का दृष्टिकोण ही बदल जाता है। तब हम प्रत्येक हार में एक नई संभावना देखने लगते हैं और प्रत्येक ठोकर में एक नई दिशा।

अंततः जीवन की सार्थकता इस बात में नहीं कि हमने कितनी बार विजय प्राप्त की, कितनी उपलब्धियां अर्जित कीं या कितनी ऊंचाइयों को छुआ। जीवन की वास्तविक सफलता इस बात में निहित है कि हमने अपने भय, कमजोरियों और विफलताओं के साथ कितनी निडरता से जीवन जिया। क्या हमने परिस्थितियों के सामने हार मान ली, या फिर गिरकर भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते रहे? जब हम जीवन को पूर्णता की मृगतृष्णा से मुक्त होकर स्वीकार करना सीख जाते हैं, तब हमें ज्ञात होता है कि विफलताएं कोई अभिशाप नहीं हैं। वे तो जीवन के मार्ग में जलते हुए दीपक हैं, जो अंधकार के बीच हमें आगे बढ़ने का साहस देते हैं। इसलिए जरूरी नहीं कि हम हर बार सफल हों। आवश्यक यह है कि हम हर अनुभव से कुछ सीखें, गिरने के बाद उठें और हर विफलता को अपने विकास का एक चरण मानें।

## दुनिया मेरे आगे

> **वास्तव में विफलताएं हमारे जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक हैं। वे हमें विनम्र बनाती हैं, धैर्य का महत्त्व समझाती हैं और यह सिखाती हैं कि गिरना अंत नहीं है, बल्कि उठने की संभावना का प्रारंभ है। जिस व्यक्ति ने कभी विफलता का स्वाद नहीं चखा, वह सफलता का वास्तविक मूल्य भी नहीं समझ सकता।**




## जवाबदेही की जरूरत

सभ्य समाज में पुलिस और प्रशासन लोकतंत्र के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। उनका काम अपराध को रोकना, लोगों की सुरक्षा करना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है, लेकिन इसी के साथ यह भी जरूरी है कि हर कार्रवाई संविधान और कानून के दायरे में हो। व्यवस्था की मजबूती केवल शक्ति से नहीं, बल्कि जवाबदेही से भी आती है। संविधान किसी भी व्यक्ति को बिना उचित प्रक्रिया के दंडित करने की अनुमति नहीं देता। इसका मतलब यह नहीं कि अपराध करने वालों को बचाया जाए, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोषी को सजा मिले और निर्दोष के अधिकारों की भी रक्षा हो। बिहार जैसे राज्य में जहां आम लोग अपने अधिकारों और समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं, वहां कानून व्यवस्था पर विश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है। पुलिस सुधार, निष्पक्ष जांच और समय पर न्याय ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जो लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाती हैं। भरत तिवारी मामले जैसे प्रसंग हमें यह सोचने का अवसर देते हैं कि हमारी कानून व्यवस्था को और संवेदनशील, मजबूत और जवाबदेह कैसे बनाया जाए।

*– गंगा पांडेय, बाढ़, पटना*

## नियमों की अनदेखी

कोलकाता में एक निर्माणाधीन गोदाम के गिर जाने से कई लोगों की मौत हो गई। उससे पहले लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने से विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मृत्यु हो गई। सरकारी निरीक्षण के अभाव में पिछले दिनों ऐसी कई घटनाएं हुईं। पहले भी होती रही हैं, लेकिन यह सच है कि ऐसी घटनाएं कहीं न कहीं स्थानीय निकाय और प्रशासन की घोर लापरवाही की ओर इशारा करती हैं। इस तरह की घटनाएं न घटें, इसके लिए संबंधित सरकारी महकमों की सीधी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहने का कड़ा निर्देश दिया जाना चाहिए, ताकि खुले मेनहोल, अग्नि सुरक्षा उपाय, सड़कों पर जल-जमाव, गहरे गड्ढे, जर्जर मकानों और कमजोर पुलिया इत्यादि की समय रहते मरम्मत की जा सके। इससे किसी भी अनहोनी से नागरिकों को बचाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन आग लगने पर कुआं खोदने का काम न करे।

*– शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर*

## व्यवस्था पर प्रश्न

लखनऊ में एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की घटना बेहद दुखदायी है। इससे एक बार फिर अग्निशमन प्रबंधन में लापरवाही उजागर हुई है। सब कुछ स्वचालित होने के कारण, बायोमेट्रिक दरवाजा बंद होने से भी भी स्थितियां बदतर हो रही हैं। ये दरवाजे आपातकालीन स्थिति में खुल नहीं पाते। इस वजह से भी कई लोगों की मौत हो जाती है। लिफ्ट न चलने, आपातकालीन द्वार न होने और इमारत अवैध होने के बावजूद उस पर कार्रवाई न करने के लिए कौन जिम्मेदार है? केवल इमारत के मालिक, कोंचिग सेंटर और 'गेमिंग जोन' चलाने वालों की ही गलती नहीं है, बल्कि सरकारी कार्यप्रणाली पर भी अंगुली उठाती है। बार-बार इमारतों में आग लगने के हादसों से सरकार सबक नहीं ले रही है। वैध भवन का प्रमाणपत्र, अग्निशमन उपाय और आपातकालीन व्यवस्था की जानकारी हर दुकान, दफ्तर और कोचिंग सेंटर के बाहर लगाई जानी चाहिए।

*– अभिलाषा गुप्ता, मोहाली*

## ऊर्जा के विकल्प

'संकट के बीच' (संपादकीय, 18 जून) पढ़ा। मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए अब हमें ऊर्जा के नए वैकल्पिक स्रोत तलाशने होंगे। पश्चिम एशिया में असामान्य स्थिति होने के कारण ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। भारत और दुनिया के कई देश गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऊर्जा संकट के कारण कोयला और कच्चा तेल महंगा हो गया है। तेलशोधक संयंत्रों में उत्पादन में गिरावट आई है। पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि से महंगाई बढ़ रही है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह कच्चे तेल के आयात पर ज्यादा निर्भर है। कच्चे तेल का अट्ठासी फीसद हिस्सा उसे आयात करना पड़ता है। यही वजह है कि आयात पर निर्भरता महंगाई को कम नहीं होने देती, जबकि सरकार आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित होने की बात कर रही है।

*– बीएल शर्मा 'अकिंचन' उज्जैन*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमीन खरीद के मामले में लगे आरोपों पर भाजपा के आइटी सेल के संयोजक अमित मालवीय ने एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा है-मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ विपक्ष और उसके सहयोगी इकोसिस्टम द्वारा चलाया जा रहा अभियान तथ्यों की कसौटी पर पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। जिस रिपोर्ट के आधार पर आरोप का पहाड़ खड़ा किया गया, उसकी बुनियाद खोखली साबित हुई है।

**बेबाक बोल**

बगावत को अगर बहादुरी का पैमाना माना जा सकता है तो हम अभी तक लगे आरोपों के मद्देनजर मुख्यमंत्री मोहन यादव की तारीफ करेंगे। वहां, भाजपा की वैचारिकी के खिलाफ खुली बगावत है। जो पार्टी परिवारवाद के विरोध के नारे के साथ सत्ता में आई थी अब उसके नेता पर आरोप है कि न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि अपने विस्तारित परिवार की उन्नति का भी ध्यान रख रहे हैं। मध्य प्रदेश से आई ताजा तस्वीर पर सोशल मीडिया कह रहा है 'बाकी तो सपने होते हैं, अपने तो अपने होते हैं'। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में राजनाथ सिंह की संतति भी खुला संदेश दे रही हैं कि अब परिवार ही प्रथम है। हिमाचल प्रदेश में धूमल परिवार बता ही चुका है कि मेरी राजनीति की उत्तराधिकारी मेरी संतति है। राजनीति में परिवारवाद का मतलब होता है हितों के टकराव में शुचिता के खिलाफ जाना। मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार से लेकर आंध्र प्रदेश तक भाजपा और उसके सहयोगी दल निज संतति के विकास में लगे हैं। 2014 में परिवारवाद पर वार और अब परिजन कल्याण परियोजनाओं के द्वंद्व को बताता बेबाक बोल।

# संतति प्रीत सदा चली आई

**मुकेश भारद्वाज**




इन दिनों 2014 बहुत याद आ रहा है। खास कर राजनीतिक टिप्पणीकारों को। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का एक सुकून था, प्रधानमंत्री को मौन कहने का जुनून था। तब एक जमाई था और विपक्ष के सवालों में उसकी कमाई थी। तब जमाई की जमीन, पूरी कांग्रेस और सत्ता-पक्ष की मानी जा रही थी। तब मनमोहन सिंह के पास यह कहने की सुविधा नहीं थी कि मेरे प्रधानमंत्री पद का कांग्रेस अध्यक्ष के जमाई से क्या लेना। अगर सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष हैं तो क्या उनके परिवार से जुड़े लोग कारोबार छोड़ दें?

एक जमीन से जुड़े मामले में आरोपी होने के बाद राबर्ट वाड्रा के जरिए पूरी कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय बना दी गई। विपक्ष की चुनावी सभाओं में जमाई की कमाई पर तंज और जुमलों की बाढ़ थी। राबर्ट वाड्रा कांग्रेस के सदस्य नहीं हैं और तब प्रियंका गांधी भी मौसमी राजनेता ही थीं। लेकिन उस वक्त के विपक्ष की यही मांग थी कि गांधी परिवार का जमाई होने के नाते राबर्ट वाड्रा को राजनीतिक शुचिता का पूरा बोझ अपने कंधों पर उठा लेना चाहिए। उस वक्त के हालात को याद कीजिए। राजनीतिक शुचिता इतनी चरम पर थी कि कारोबार तो छोड़ दीजिए, माहौल ऐसा था कि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष के जमाई होने के कारण राबर्ट वाड्रा को सड़क पर भी चलने का अधिकार नहीं है।

2014 में एक जुमला बहुत दोहराया जाने लगा। जनता को संदेश दिया गया कि रोटी पलटी नहीं गई है, इसलिए जल गई। भ्रष्टाचार के आरोपों की राख में कांग्रेस का अस्तित्व धुंधला हो गया। जनता ने रोटी क्या पलटी, देश का इतिहास पलट गया। जिस पार्टी की सरकार आई वो दावा करने लगी कि हमने जल-जंगल-जमीन पर काम किया है। लोगों को लगा कि कम से कम अब जल-जंगल-जमीन वाला भ्रष्टाचार तो खत्म हो जाएगा। तभी एक निजी कंपनी को आदिवासी जमीन आबंटित करने को लेकर अदालत में एक जज की आवाज गूंजती है, 'क्या यह कोई मजाक है? क्या आप एक पूरा राज्य/जिला दे रहे हैं।' अब मौनमोहन पर मीम बनाने वाली जनता मीम बना रही...एक पेड़ मां के नाम, पूरा जंगल फलां के नाम...।

सत्ता पक्ष के लिए अब अपनी जली को भली बताने का वक्त है। लोकतंत्र के रंगमंच के लिए पटकथा लिखी जाती है। गौर फरमाइए कि पटकथा और कथा में एक तकनीकी अंतर होता है। कथा और पटकथा में मुख्य अंतर यह है कि कथा क्या हुआ बताती है, जबकि पटकथा बताती है कि कथा मंच पर कैसी दिखेगी या सुनाई देगी। पटकथा में दृश्य, संवाद, स्थान, समय और पात्रों की गतिविधियों का ब्योरा होता है। ऐसी ही पटकथा लिखी गई अंतिम पंक्ति के आदमी की। व्यवस्था द्वारा पहले से ही चुन लिए गए कलाकार को अंतिम पंक्ति में बिठाया जाता है। निर्देशक के अनुसार मुख्यमंत्री या फलां पद के लिए उस नाम के अलावा हर किसी का नाम ले लिया जाता है। लेकिन अंत में अंतिम आदमी की 'कास्टयूम' पहने व्यक्ति को बुलाया जाता है और तुरूप का पत्ता कह कर उसका जोरदार स्वागत किया जाता है।

अब हमारी रोटी जली है फिर भी भली है वाले अध्याय में तर्क दिया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के परिवार से हैं तो क्या कारोबार करना छोड़ दें? क्या 2014 के पहले यह तर्क देने की सुविधा तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष के रिश्तेदार को थी? मध्य प्रदेश ने इसके पहले भी कई भ्रम तोड़े हैं। स्वच्छता का कीर्तिमान बनाने वाले इंदौर के भागीरथपुरा में जल संदूषण के कारण आधिकारिक और अदालती रिकार्ड के अनुसार 25 से 36 लोगों की मौत हुई। मुख्य पेयजल की पाइपलाइन में गटर के पानी का रिसाव हो गया था। सबसे साफ शहर के तमगे वाले शहर में पीने के पानी में गटर के पानी की मिलावट हो सकती है तो फिर कथित जमीनी नेता करोड़ों की जमीन के मालिक भी हो सकते हैं। पानी के प्रदूषण पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम के दोषी क्षेत्रीय अधिकारियों और इंजीनियरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित व बर्खास्त कर दिया गया था। सवाल है कि अब राजनीति में परिवारवाद के प्रदूषण पर चुप्पी क्यों साध ली गई है। हर तरफ नेताओं की संतति ही आगे क्यों आ रही है?

ए राजा, शशि थरूर, दयानिधि मारन, पवन कुमार बंसल, अश्विनी कुमार, वीरभद्र सिंह...यूपीए सरकार के ये वो नाम हैं जिन्हें भ्रष्टाचार या अन्य मामलों में नाम आने के बाद इस्तीफा देना पड़ा। शिवराज पाटिल आतंकवादी हमले के बाद कपड़े बदलने के आरोप में घिर गए थे। ये तब की बात है जब आरोप लगने पर इस्तीफे होते थे, फिर भी जनता ने भ्रष्टाचार को लेकर शून्य सहिष्णुता रखते हुए यूपीए की पूरी सत्ता का ही इस्तीफा ले लिया था।

दुनिया भर के लोकतंत्र में राजनीतिक पदों पर हितों के टकराव को शुचिता का पैमाना माना गया है। इन दिनों कई देशों में शीर्ष पदों पर इसलिए इस्तीफे हुए हैं, क्योंकि उत्तरदायित्व के प्रश्न को निरुत्तर नहीं किया गया। वहीं हमारे यहां अति गंभीर आरोपों पर सन्नाटे की रणनीति अपनाई गई है। किसी भी तरह के सवाल पूछने वालों को देशद्रोही, आतंकवादी का खिताब देने का चलन तो पहले से बना हुआ है। हितों के टकराव का इतना बड़ा मामला सामने आने के बाद यही लगता है कि व्यवस्था इस बात को लेकर निश्चिंत हो चुकी है कि जनता सत्ता बदलने के लिए किसी तरह का टकराव करेगी ही नहीं। सत्ताधारियों से जुड़ा कुनबा जल-जंगल जमीन का मालिक होता जाएगा और जनता जाति व धर्म के मसले पर उलझी रहेगी।

सत्ता व्यक्ति को भ्रष्ट करती है...इस युगीन सिद्धांत को आपने खुद पर कुछ ज्यादा ही लागू कर दिया। यह साबित हो चुका है कि आपका चाल, चलन और चेहरा मौके की ही बात थी। सत्ता और जनता के खजाने की चाबी मिलते ही आप पहले वालों से ज्यादा भ्रष्ट-से दिखने लगे हैं। पहले वालों से ज्यादा भ्रष्ट-से इसलिए क्योंकि तब रोटी पलटने का भ्रम तो बना रहता था। भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने के बाद सत्ता जनता से कहती थी, आप रोटी मत पलटिए, हम मुख्यमंत्री, मंत्री या संतरी पलट देते हैं। उस पलट से जनता लोकतांत्रिक विरेचन जैसा महसूस करती थी। आपने खुशफहमी पाल ली है कि जनता राजनीतिक आलस्य में जली रोटी खा लेगी, लेकिन उसे पलटेगी नहीं। इसलिए कोई संतरी, मंत्री या मुख्यमंत्री पलटाए जाने के लिए तैयार नहीं है।

एक तरफ देश की 81 करोड़ जनता अपना पेट भरने के लिए सरकार के मुफ्त राशन पर निर्भर है, दूसरी तरफ आरोप है कि सत्ता में भागीदारी मिलते ही मुख्यमंत्री के कुनबे की जमीन बढ़ती गई। इतनी बड़ी असमानता साफ दिखने के बाद लग रहा है कि भाजपा के नेताओं ने हमारा परिवारवाद जायज है वाले घोषणापत्र पर मुहर लगवा ली है। 2014 के पहले का मौन विपक्ष द्वारा निर्मित था, 2026 का मौन आपका अर्जित है। आरोप है कि अब सत्ता से जुड़े नेता अंतिम आदमी की 'कास्ट्यूम' को उतार कर जनता के खजाने के दरवाजे पर खुल जा सिम-सिम कह रहे हैं। अब पर्ची भी दूसरी तरफ से आ रही है, जिसमें लिखा होता है, इस पद पर मेरी संतति कृपया।

## राहुल की चुनौती

लगता है कि बिहार कांग्रेस आलाकमान की प्राथमिकता में है ही नहीं। पिछले आठ साल में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तो चार बदल गए, पर अपनी टीम कोई नहीं बना पाया। मौजूदा अध्यक्ष राजेश राम को भी अध्यक्ष बने एक साल हो चुका है, पर वे अभी तक अपनी कार्यकारिणी गठित नहीं कर पाए। राज्यसभा चुनाव में पार्टी के विधायकों ने राजद उम्मीदवार का साथ नहीं दिया, नतीजतन वह हार गया और महागठबंधन की किरकिरी हुई। अब राहुल गांधी ने 11 जुलाई को बिहार दौरे का कार्यक्रम बनाया है। वे पटना में छात्रों से संवाद करेंगे, लेकिन बेहतर होगा कि वे पहले पार्टी की गुटबाजी पर रोक लगाएं। बगावत का आलम यह है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रदेश के पार्टी प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, जिन्हें राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल ने मोहन प्रकाश को हटाकर अल्लावरु को बिहार का प्रभारी बनाया था, जबकि अखिलेश सिंह की जगह राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष। अखिलेश सिंह ने बयान दिया है कि अराजनीतिक लोगों को प्रभारी बनाने के कारण विधानसभा में पार्टी को नुकसान हुआ, जबकि लोकसभा में उनके अध्यक्ष रहते पार्टी ने चार सीटें जीती थीं। विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें नहीं हटाया जाता, तो नतीजे कहीं बेहतर होते। याद रहे कि बिहार में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को महज पांच सीटें ही मिल पाई थीं।



## हार से हारे

महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव की शिवसेना और शरद पवार की राकांपा का महा विकास अघाड़ी लगातार कमजोर हो रहा है। शिवसेना दूसरी बार टूटी है तो शरद पवार की राकांपा दूसरी बार टूट के कगार पर है। दुविधा चल रही है कि उसे तोड़ा जाए या सुनेत्रा पवार की राकांपा में विलय कर महायुति का हिस्सा बना जाए। समस्या है कि ये दल चुनाव नहीं जीत पा रहे। लगातार चुनाव हारने के कारण नेताओं का अपने नेतृत्व के प्रति भरोसा कमजोर हुआ है। महाराष्ट्र में तो वैसे भी सभी दलों के नेताओं को सत्ता की आक्सीजन की जरूरत पड़ती है। विधानसभा चुनाव में तो महा विकास अघाड़ी का सूपड़ा साफ हुआ ही था, विधान परिषद के चुनाव में भी बुरा हाल हुआ। स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों द्वारा चुनी जाने वाली 17 सीटों पर चुनाव हुआ तो 16 पर राजग ने जीत दर्ज की, जिसमें 11 सीटें भाजपा के खाते में गई।

## राजपाट

### प्रमाण पर घमासान

सरकारी एजंसियों द्वारा जारी प्रमाणों को लेकर एक बार फिर बहस छिड़ गई है। सरकार पर विपक्ष हमलावर है। हर मंच पर यही सवाल उठ रहा है कि आखिर नागरिकता के लिए सही प्रमाणिकता क्या है। सरकारी एजंसियों ने आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड और मतदाता पहचान-पत्र आम जनता को बतौर पहचान-पत्र उपलब्ध कराए हैं। इसमें विपक्ष सरकारी एजंसियों को उनके द्वारा ही मांगे जाने वाले नागरिकता प्रमाण के दस्तावेजों के आधार पर घेर रहा है। पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण नहीं माने जाने पर कांग्रेस ने केंद्र पर हमला बोला है कि आखिर नागरिकता का सही प्रमाण क्या है। वहीं केंद्र ने पासपोर्ट बनवाने के लिए वसूले जाने वाले शुल्क को बढ़ा दिया है।

### बागी कौन!

कर्नाटक में भाजपा की उलझन बढ़ गई है। पहले तो उसे अपने विधायकों से झटका लगा। पार्टी के 11 विधायकों ने विधान परिषद चुनाव में धोखा दे दिया। उनकी क्रास-वोटिंग के कारण राजग का तीसरा उम्मीदवार हार गया। जबकि कांग्रेस का पांचवां उम्मीदवार जीत गया। इसे मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के सियासी कौशल का परिणाम माना जा रहा है। भाजपा की समस्या ये है कि वह अपने बागी 11 विधायकों की पहचान कैसे करे। यह जानना जरूरी है कि राज्यसभा चुनाव में तो हर विधायक को मतदान के बाद अपना मत-पत्र अपनी पार्टी के पोलिंग एजंट को दिखाना होता है। पर विधान परिषद चुनाव में मतदान गोपनीय होता है। राज्यसभा चुनाव में अगर कोई विधायक अपनी पार्टी के एजंट को मत-पत्र नहीं दिखाता तो उसका मत अवैध हो जाता है। जबकि विधान परिषद में अगर मत-पत्र दिखा दिया तो मत अमान्य हो जाता है। लिहाजा कर्नाटक में जब राजग के सभी 82 विधायक अपने ही उम्मीदवार को वोट देने का दावा कर रहे हैं तो कैसे पहचाना जाए कि किसने नहीं दिया। बहरहाल भाजपा आलाकमान ने कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को दिल्ली तलब कर लिया। धोखा देने वाले विधायकों की पहचान के लिए कहा है उनसे नितिन नवीन ने। सूत्रों की मानें तो कुछ की पहचान हुई है पर कोई भी सुनकर उनका नाम नहीं बता रहा। नितिन नवीन ने विधायक दल के नेता आर अशोक को भी इस पड़ताल में लगाया है।

### पुराने रंग में थरूर

शशि थरूर फिर अपने पुराने रंग में लौट आए हैं। केरल में विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद कुछ दिन वे चुप रहे थे, कांग्रेस की तारीफ की। भाजपा पर भी हमलावर नजर आए थे। लेकिन अब वे फिर पार्टी का तनाव बढ़ा रहे हैं। तिरूवनंतपुरम के सांसद थरूर ने एक हफ्ते में दो बार चौंकाने वाले बयान दे दिए। मसलन उन्होंने मोदी की ट्रंप से हुई मुलाकात के बाद मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने भारतीय नाविकों का मुद्दा उठाया। हालांकि इस मुद्दे पर ट्रंप ने न माफी मांगी थी और न उसके बाद किसी तरह के मुआवजे की बात उठी। इसी तरह थरूर ने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करने के बाद फरमाया कि राज्य में हालात सामान्य हैं। यह बात भी सही नहीं है। अगर हालात सामान्य होते तो केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया होता। उमर अब्दुल्ला की पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग पर केंद्र की भाजपा सरकार का जवाब तो यही होता है कि हालात सामान्य होते ही यह दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।



*संकलन : मृणाल वल्लरी*

## आपके पत्र

### प्रतिरोध पर टिके रहें

दो बड़ी 'भारत जोड़ो' यात्राओं के बाद राहुल गांधी ने सड़कों पर उतर कर जनता के मुद्दों से जुड़ने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। इन दिनों परीक्षाओं और पेपर लीक को लेकर उठी राहुल गांधी की बुलंद आवाज ने युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। देश के युवा समझ रहे हैं कि जब परीक्षाएं ही अर्थहीन हो जाएं तो शिक्षा नीति और परीक्षा पर चर्चा के अर्थ क्या रह जाते हैं। आपकी बात सही है, राहुल गांधी अपने प्रतिरोध की अवधारणा को व्यापक अर्थ दें तो उसके परिणाम बहुत अच्छे होंगे। जेन-जी शरीर में रगों के समान देश में सर्वत्र फैली है, उसे शिक्षा और परीक्षा तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। एक डर बना रहता है कि प्रतिरोध के अभियान को बीच में छोड़ कर राहुल गांधी कहीं विदेश न निकल जाएं और वहां बुद्धिजीवियों की सभा में पेपर लीक होने पर चिंता व्यक्त करते नजर आएं। नहीं...नहीं...राहुल जी, इस बार नहीं ।

**-शोभना विज, पटियाला, पंजाब।**

### डरो मत...

'दूसरी दुनिया का रागा' सियासत की तूफानी हवाओं से टकराते चिराग की मुजाहमत के मायने तलाशता मजमून है। बहस वहां से शुरू होती है, जहां सोशल मीडिया पर निजाम का जानिबदार होने का इलजाम मढ़ा गया है। बेशक चाहनेवालों की तादाद को सियासत की कामयाबी का पैमाना मान लेना दूसरी दुनिया में जीने से अलग नहीं है। सुना है, लहरें खिलाफ हों तो मुजाहमत कश्ती को टकराने का हौसला देता है। लिहाजा 'डरो मत' का नजरिया ही वह हथियार है जो सियासत की धुंध को चीरने की ताकत देगा। हालिया पड़ोसी मुल्कों की जवान होती पीढ़ी के तेवर ने दुनिया के सामने बगावत का एक नया चेहरा रख दिया। दुनिया जिसे जेन-जी के नाम से जानती है, बगावत का हमनाम बन चुकी है। बदनसीबी कि स्कूल-कालेज के आखिरी पायदान पर खड़ी उम्र के मसलों और मुश्किलात में झुलसती जेन-जी पर सियासत की चादर डाल दी गई। बेशक हुकूमत के विरोधी खेमे के नेता ने सीबीएसई और नीट की बड़ी खामियों के बहाने जेन-जी की धड़कनों को सुनने की कोशिश की है। वहीं कोटा से ऊंची तालीम के ख्वाहिशमंदों के हुजूम के हर मां-बाप की उम्मीदों की आड़ में मची लूट से आगाह करने में कामयाबी पाई। उम्र की यह नई फसल अपने सवाल का जवाब चाहती है कि 'डरो मत' के कंटीले रास्ते पर मुजाहमत का परचम लहराना दूसरी दुनिया में जीना तो नहीं है?

**-एमके मिश्रा, रांची, झारखंड।**

### प्रतिबद्धता ही विकल्प

विपक्ष सिर्फ विरोध के लिए विरोध करता है, सत्ता के इस आरोप का तोड़ प्रतिरोध बन सकता है। शायद इसलिए राहुल गांधी विरोध की जगह प्रतिरोध की राजनीति करना चाह रहे हैं। अगर ऐसा हुआ, तो देश की राजनीति की दिशा हमेशा के लिए बदल जाएगी। विरोध को तो निजी विचार, विचारधारा से भटकाव, पाकिस्तान-परस्ती या विरोध के लिए विरोध कहकर खारिज किया जा सकता है, किंतु प्रतिरोध को नहीं। प्रतिरोध उकसावा न होकर व्यवस्था की असफलता या निरंकुशता के विरुद्ध एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो न्यूटन के गति के तीसरे नियम, हर क्रिया की प्रतिक्रिया पर चलता है। आप अच्छा काम करेंगे, तो अच्छी प्रतिक्रिया होगी, जिससे प्रतिरोध जन्म नहीं लेगा। काम गलत होगा, तो प्रतिक्रिया नकारात्मक होगी, जो प्रतिरोध को जन्म देगी। राहुल गांधी के 'प्रतिरोध काम करता है' वाले तर्क के अनुसार, कांग्रेस को 2014 में जनता के उसी प्रतिरोध ने हराया था, जो शासन की विफलता से उपजा था। लोकतंत्र में ऐसा प्रतिरोध हर उस सरकार के खिलाफ हो सकता है, जो अपनी कमियों में सुधार करने से परहेज करती है।

**-बृजेश माथुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।**

### परिवर्तित प्रतिबिंब

प्रतिरोध के पल-पल परिवर्तित होते प्रतिबिंब में जब प्रतिबद्धता का पटाक्षेप परिलक्षित होगा तो किसी भी आंदोलन के राग न तो कर्णप्रिय होंगे और न उसकी स्वरांजलि बीज वाक्य को वसुंधरा से युक्त कर पाएगी। मुद्दे के साथ 'छुआ-छुई' के खेल को अब जेन-जी भलीभांति समझ रही है सो सत्ता विरोध में वह किसी की बैसाखी स्वीकार नहीं करेगी क्योंकि उसे यह ज्ञान हो गया है कि तथाकथित प्रतिरोध के पांव में वह बल नहीं है जो युवा पीढ़ी की बुनियादी झंझावातों को दूर कर सके। आखिर प्रतिरोध का दायरा किस जादूगीरी से बढ़ पाएगा, जबकि विरासत की भूमि दिन-प्रतिदन क्षरण की भौगोलिक सीमा को सीमित करते हुए संगठन के राजनीतिक दुर्ग को ध्वस्त कर रही हो। बेहतर है कि दूसरी दुनिया की राग अलापने वाले नायक अपने ढहते किले के कारुणिक कारणों की नब्ज टटोलें, संगठन में प्राण फूंके, विपक्ष समूह का विश्वास अर्जित करें और आत्ममुग्धता के आवरण से मुक्त हो क्रोध सह आक्रोश-अग्नि के हवन कुंड से निकलकर पांच कदम आगे चलकर दस कदम पीछे लौटने की स्थिति की हृदय से समीक्षा करते हुए अपना नैसर्गिक राग छेड़ें। हां, यह भी सोलह आना सच है कि सिर्फ इंरनेट के संजाल से करोड़ों अनुयायी आंदोलन के मूलभूत मुद्दों को जनव्यापी नहीं बना सकते क्योंकि साक्ष्य दर्पण बता रहे हैं कि ऐसे समूह जमीन पर वास्तविक समर्थन से काफी दूर दिखते हैं।

**-अशोक कुमार, पटना, बिहार।**

### युवा पूरे देश के

भारत में समय-समय पर विभिन्न आंदोलनों का जन्म हुआ है। 2014 में दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में अण्णा हजारे के आंदोलन ने पूरे देश में नई जागृति पैदा की थी। इस बार एक नई पार्टी की उपज हुई है। काकरोच जनता पार्टी व्यंग्य से शुरू हुई, और लगता है कि अब वो राजनीति को गंभीरता से लेना चाहती है। वह युवाओं के मुद्दे उठा रही है, लेकिन भटकती हुई भी दिख रही है। उनका लक्ष्य अभी तो समझ में नहीं आ रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी युवाओं से जुड़ने का आंदोलन शुरू किया है। उन्होंने कोटा में नीट के परीक्षार्थियों से बात भी की। लेकिन इस मुद्दे पर पूरे देश को सतर्क रहना होगा। किसी भी राजनीतिक दल को युवाओं के मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। तात्कालिक लाभ लेने के लिए युवाओं को बरगलाने की कोशिश नहीं करें। युवा पूरे देश के हैं। सभी राजनीतिक दलों को इनके हितों का ख्याल रखना चाहिए, ताकि इनका भविष्य अच्छा हो।

**-मीना धानिया, नई दिल्ली।**

### विशेष पन्ना कैसा लगा

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है :
vishesh.jansatta@expressindia.com

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# मंदिर और दान की चिंता

राम मंदिर, अयोध्या में चढ़ावा चोरी मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट का दर्ज होना और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी सराहनीय है। मंदिर में चोरी से आहत करोड़ों श्रद्धालुओं को कार्रवाई का इंतजार था। आरोपियों के विरुद्ध विश्वासघात, धोखाधड़ी, चोरी और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। वैसे, यह जरूर कहना चाहिए कि जांच एजेंसियां बहुत सावधानी से चल रही हैं। इसी वजह से प्रथम सूचना रिपोर्ट काफी समय लेकर दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के एक नेता की शिकायत के बाद जब यह मामला गरमाया, तब राज्य सरकार ने 13 जून को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी ने मंदिर ट्रस्ट की समग्र भूमिका को परखा है और यह मानकर चलना चाहिए कि प्रथम सूचना रिपोर्ट इतनी पुख्ता होगी कि उसके आधार पर दोषी दंडित होंगे। हाल के वर्षों में हम यह देख रहे हैं कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज एक छोटी खामी भी पूरे मामले पर भारी पड़ जाती है। अतः कुछ देर से ही सही, अब जब रिपोर्ट दर्ज हो गई है, तो जांच में जुटी टीम को अदालत में आरोप साबित करके दिखाना चाहिए।

मंदिर में चोरी का यह संगीन मामला लोगों के बीच बहुत चर्चा में है। इस पर राजनीति भी खूब हो रही है। सत्तारूढ़ भाजपा के अंदर भी दुख और रोष के स्वर हैं। ऐसे में, उन विपक्षी नेताओं को स्वाभाविक ही मौका मिल गया है, जिनकी आस्था मंदिर से ज्यादा इससे जुड़ी राजनीति में रही है। शायद ऐसे ही लोगों को ही संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस मुद्दे का इस्तेमाल अयोध्या या भगवान राम के भक्तों को निशाना बनाने के लिए नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि अगर किसी के पास कोई सुबूत है, तो उसे एसआईटी के सामने पेश करें। मुख्यमंत्री श्रद्धालुओं में फैले रोष को जानते हैं और इसीलिए उन्होंने आश्वस्त किया है कि सरकार किसी को भी जन-आस्था का दुरुपयोग नहीं करने देगी। वाकई, दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। कोई दोराय नहीं कि मंदिर के दान या धन के दुरुपयोग की दुष्प्रवृत्ति पुरानी है। अनेक लोग मंदिरों को अपनी कमाई का साधन मानते हैं। ऐसे लोग ईश्वर की सेवा तो दूर की बात, मंदिर की सेवा लायक भी नहीं हैं। चोरी करने वालों को शायद पता नहीं था कि मंदिर में आने वाला कोई भी धन-दान ईश्वर की संपत्ति है। ईश्वर के घर में चोरी सामान्य बात नहीं है। ईश्वर की प्रतिमा या धार्मिक महत्व की किसी विशेष चीज की चोरी के लिए कड़े दंड हैं, पर दानपेटी में सेंधमारी के लिए अतिरिक्त दंड का कोई प्रावधान नहीं है। मंदिर-द्वार से जूते-चप्पल चुराना और दानपेटी में सेंधमारी, दोनों की गंभीरता में अंतर करने का समय आ गया है।

**चढ़ावा चोरी करने वालों को दंड मिलना ही चाहिए। राम के मंदिर में हर व्यवहार रामभाव से ओत-प्रोत होना चाहिए। रामजी की सेना या सेवा में चोरों का क्या काम?**

खैर, राम मंदिर में चोरी के लिए कुछ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं और ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने भी इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा शायद पहले ही हो जाना चाहिए था। मंदिर ट्रस्ट का यथोचित स्वरूप में पुनर्गठन होना चाहिए और ट्रस्ट की तमाम गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे या लगातार निगरानी के दायरे में रहनी चाहिए। भगवान राम के मंदिर में हर विचार-व्यवहार राम भाव से ओत-प्रोत होना चाहिए। रामजी की सेना या सेवा में चोरों का क्या काम? यहां समर्पित भाव वाले संतों-सेवकों की ही जरूरत है, वणिक भाव या लेन-देन करने वाले हल्के लोगों को मंदिर से दूर ही रखना चाहिए। सदियों तक चली तपस्या का फल यह भव्य राम मंदिर जन-मन के विश्वास का प्रतीक है और इस विश्वास को पुष्ट करने के लिए हरसंभव उपाय होने चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 27 जून, 1951

## चुनावों की तैयारी

आगामी आम चुनाव बहुत दूर नहीं अतएव उनके लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की तैयारियां स्वाभाविक ही नहीं, आवश्यक भी हैं। भारत के 'सर्वप्रभुत्व सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक गणराज्य' में सब दलों को शांतिपूर्ण तथा वैध उपायों से सत्ता प्राप्त करने के पूर्ण अवसर उपलब्ध हैं। इस देश में तानाशाही अथवा अधिनायक तंत्र के लिए कोई स्थान नहीं। सत्तारूढ़ दल को अपदस्थ करने के लिए विरोधी दल सदैव जनता से अपील कर सकते हैं। वास्तव में, लोकतंत्र के विकास के लिए विरोधी दलों का अस्तित्व आवश्यक है। इनके अभाव में सत्तारूढ़ दल एक अनियंत्रित रेलवे इंजन की भांति बेतहाशा भागकर कभी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। विरोधी दलों की उपस्थिति एक नियंत्रक यंत्र-ब्रेक का काम करती है।

जनता किस नीति अथवा कार्यक्रम को अपने लिए श्रेयस्कर समझती है और किसको हानिकर, इसका निर्णय चुनावों द्वारा ही हो सकता है। भारत के 18 करोड़ मतदाताओं में से 1 करोड़ भी ऐसे नहीं होंगे जो कि राजनीतिक तथा आर्थिक समस्याओं के बारे में सामान्यतः पर्याप्त ज्ञान रखते हों। डेढ़ सौ वर्ष का शोषक विदेशी शासन अपने पीछे दरिद्रता ही नहीं, बल्कि व्यापक अशिक्षा भी छोड़ गया है। जनता अपने मताधिकार का अधिकतम सदुपयोग तभी कर सकती है, जबकि वह भली-भांति शिक्षित हो, किन्तु तब तक चुनाव तो स्थगित रखे नहीं जा सकते। अतएव आवश्यकता इस बात की है कि सब राजनीतिक दल, जो चुनाव-संघर्ष में सम्मिलित होना चाहते हैं, स्पष्ट तथा सरल रूप में अपने कार्यक्रम घोषित करें, ताकि मतदाता अपने स्वाभाविक विवेक की कसौटी पर उन्हें परख सकें। पेचीदा तथा द्वयर्थक भाषा में अपना कार्यक्रम उपस्थित कर जनता को कूटनीतिक जाल में फंसाना अन्याय तथा अपराध है। साथ ही ऐसा कार्यक्रम भी सर्वथा आपत्तिजनक तथा वर्जित समझा जाना चाहिये जो शांति और संविधान को चुनौती देने वाला हो। यदि हम उपर्युक्त कसौटी पर हिन्दू महासभा के चुनाव-घोषणापत्र के प्रारूप को कसें, जो कि अभी सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, किन्तु जिसके मुख्य सिद्धांतों पर महासभा की कार्यकारिणी फैसला कर चुकी है, तो ज्ञात होगा कि उसमें कुछ बातें आपत्तिजनक, अस्पष्ट तथा द्वयर्थक हैं।

**बिहार के भोजपुर जिले में भरत भूषण तिवारी के कथित 'एनकाउंटर' ने देश में पुलिस मुठभेड़ों पर एक गंभीर बहस खड़ी कर दी है। क्या पुलिस को यह हक है कि वह हथियारबंद व्यक्ति की सीधे जान ले ले? मुठभेड़ की इस प्रवृत्ति से कानून का राज स्थापित होता है या शासन का इकबाल कमजोर पड़ता है? कानून ने एनकाउंटर के कायदे तय कर रखे हैं, तो फिर पुलिस-प्रशासन और नागरिक आमने-सामने क्यों दिख रहे?**

**आमने-सामने**

# अपनी सुरक्षा में गोली चलाने का पूरा हक



यहां स्कैन करें

**पी के ठाकुर** | पूर्व डीजीपी, बिहार

- अपराधियों में भय होना चाहिए कि अगर पुलिस पर हमला करेंगे, तो मारे जाएंगे।
- भरत भूषण के परिजन पिस्तौल पुलिस को सौंप देते, तो यह नौबत नहीं आती।
- मुठभेड़ से पहले पुलिस अपने नेटवर्क के जरिये सटीक जानकारी जुटाती है।

पुलिस की नौकरी काफी जोखिम भरी होती है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अपराधी कभी भी हथियार से हमला कर सकते हैं, इसलिए अपनी जान बचाने और असामाजिक तत्वों का मुकाबला करने के लिए ही पुलिस को सरकार द्वारा हथियार दिया जाता है।

'एनकाउंटर' के लिए कानून में अलग से प्रावधान नहीं है। कानून कहता है कि आत्मरक्षार्थ या किसी और की जान बचाने के लिए पुलिस वाले दूसरे की जान ले सकते हैं। किसी और की जान अर्थात सहयोगी, सहकर्मी या नागरिक की। मान लीजिए, अपराधी ने किसी व्यक्ति को पकड़कर उसके सिर पर पिस्तौल तान रखी है और पुलिस के आगे बढ़ने पर वह उस व्यक्ति को गोली मार देने की धमकी दे रहा है। उस परिस्थिति में पुलिस को अधिकार है कि वह बंधक बनाए गए व्यक्ति को बचाने के लिए उस अपराधी को गोली मार दे।

एक समय चंबल के डकैतों के साथ पुलिस की खूब मुठभेड़ होती थीं। उनको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की बड़ी-बड़ी टुकड़ियां जाती थीं। धर-पकड़ के क्रम में डकैतों की तरफ से फायरिंग होती थीं, तब पुलिस भी आत्मरक्षा में गोली चलाती थी। ऐसी ही स्थिति में मौत होती है। कानूनन स्थिति तो यही है। आम तौर पर सुरक्षा के लिए वैध हथियार रखे जाते हैं। हालांकि, ग्रामीण इलाकों में अपनी सुरक्षा के लिए लोगों द्वारा अवैध हथियार रखने का भी चलन है। कभी-कभी आरोप लगते हैं कि पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर कर दिया है। उस समय परिस्थितियां क्या होती हैं, यह देखने के लिए मौके पर न तो मीडिया उपस्थित रहता है और न कोई अन्य स्वतंत्र पक्ष।

बिहार के भरत भूषण तिवारी मुठभेड़ को देखें, तो सभी तथ्यों का सूक्ष्म परीक्षण न्यायिक आयोग द्वारा किया जाएगा और वस्तु स्थिति सामने आ ही जाएगी। इस प्रकरण में मीडिया से जानकारी मिली है कि एनकाउंटर के एक-दो दिन पहले से यह तमाशा चल रहा था। ऐसी परिस्थिति में मामले के पटाक्षेप के लिए पर्याप्त समय था। क्या इसके लिए गांव के प्रतिष्ठित लोगों को सामने नहीं आना चाहिए था? स्थानीय जन-प्रतिनिधियों ने दखल क्यों नहीं दिया? समाज में सबकी जिम्मेदारी होती है। परिवार के लोग यदि आरोपी से पिस्तौल छीनकर पुलिस को सौंप देते, तो संभवतः यह नौबत नहीं आती। हमारे समय में शातिर अपराधी या बैंक लुटेरों द्वारा पुलिस पर गोली चलाने के क्रम में ही मुठभेड़ हुआ करती थी और अपराधी मारे जाते थे। एनकाउंटर में मृत या जख्मी व्यक्तियों की आपराधिक पृष्ठभूमि को जानना जरूरी होता है, ताकि स्पष्ट हो सके कि उससे निपटने के लिए गोली चलाना जरूरी है या नहीं।

आम तौर पर किसी भी छापे में हथियारबंद पुलिसकर्मी ही जाते हैं। बड़ी छापेमारी में एसटीएफ जैसे प्रशिक्षित बल को उतारा जाता है। 1980 के दशक में चंपारण (बिहार) में दस्यु गिरोहों के उन्मूलन के लिए 'ब्लैक पैंथर' अभियान चलाया गया था, जिसमें भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को चंपारण में तैनात किया गया और डकैत गिरोहों का आतंक समाप्त किया गया। ऐसे अभियानों के दौरान परिस्थिति के मुताबिक तैयारी की जाती है। इलाके की भौगोलिक स्थिति, आने-जाने के रास्ते इत्यादि की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात तलाशी अभियान शुरू किया जाता है। इस क्रम में यदि छिपे हुए अपराधी पुलिस पर आक्रमण करते हैं, तो उनके विरुद्ध बल प्रयोग की कार्रवाई की जाती है, जिसमें गोली भी चल सकती है।

बड़े मुठभेड़ की घटनाओं से पहले पुलिस अपने नेटवर्क और स्थानीय मुखबिरों के जरिये सटीक जानकारी जुटाती है। फिर मैपिंग, ब्लू प्रिंट के साथ घेराबंदी करते हुए विशेष दस्ते को लेकर मुठभेड़ करती है। इसमें परिस्थिति को देखते हुए सुरक्षा-कवच धारण करना होता है। इन परिस्थितियों के बीच अगर पुलिस को अपनी जान पर खतरा दिखेगा, तो वह हमलावरों पर गोली चलाने में हिचकेगी नहीं।

एनकाउंटर 'कानून का राज' स्थापित करने के लिए होता है। पुलिस को समाज और व्यवस्था का संरक्षक माना जाता है। यही उसकी मुख्य भूमिका है। अपराधियों से समाज को खतरा होता है। ऐसे में, पुलिस संगठित आपराधिक गिरोहों के मनोबल को तोड़कर आम जनता में कानून व सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए अपराधियों से मुठभेड़ करती है। अपराधियों के अंदर यह भय होना ही चाहिए कि वे अगर वर्दीवाले पर हमला करेंगे या मुकाबला करेंगे, तो उनकी जान जा सकती है। अगर वे प्रतिरोध न करें और पुलिस को देखते ही आत्म-समर्पण कर दें, तो एनकाउंटर कहां होगा? जहां अपराधी ऐसा नहीं करते हैं और सुरक्षा बलों से लड़ना शुरू करते हैं, वहीं पर जवाबी कार्रवाई की जाती है।




राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मुठभेड़ को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके आलोक में आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए। यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे मामलों में किसी नागरिक के अधिकारों का हनन नहीं हो और न ही पुलिस बल का मनोबल गिरने पाए, ताकि जो जिम्मेदारी समाज में उसे निभानी है, उसका वह निर्वहन कर सके। फर्जी मुठभेड़ों के मामले में परिस्थिति से ही स्पष्ट होता है कि उसमें दोषी कौन लोग थे और उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। कुछेक मामले में मानवाधिकार आयोगों द्वारा पीड़ित पक्ष को मुआवजा भी देने का निर्देश दिया जाता है। साथ ही दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू करने की भी अनुशंसा की जाती है।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में पुलिस का कामकाज पारदर्शी होना चाहिए, ताकि लोग उसके द्वारा की गई कार्रवाइयों को संदेह की दृष्टि से न देखें। ऐसे मामले में यदि पुलिसकर्मियों पर मुकदमा होता है, तो उसका अनुसंधान भी किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे सीआईडी या सीबीआई से होनी चाहिए। मूलतः जांच उसी जिला के पुलिसकर्मियों द्वारा नहीं की जानी चाहिए, जहां के पुलिसकर्मी मुठभेड़ में शामिल रहे हों। यदि एसटीएफ जैसी एजेंसी शामिल हो, तो सीआईडी द्वारा मामले की जांच-पड़ताल की जानी चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# अपराधी को सजा देना पुलिस का काम नहीं



यहां स्कैन करें

**कुमार प्रशांत** | वरिष्ठ पत्रकार

- आज हमारे देश में एनकाउंटर के तमाम मामले गहरे शक के घेरे में हैं।
- संविधान साफ कहता है कि आप इस तरह किसी को मार नहीं सकते।
- नियमतः चलने वाली पुलिस के पीछे तो पूरा देश, संविधान खड़ा होता है।

बिहार की राजधानी पटना के निकट ही है भोजपुर; और भोजपुर का नया चर्चित चेहरा भरत तिवारी! कहानी की तरह जो बात हर कहीं कही और छापी जा रही है, वह कुछ यूं है कि कुछ लोग भरत को अपराधी करार दे रहे हैं, कुछ उन्हें रॉबिनहुड का अवतार बता रहे हैं, लेकिन इन सारी आवाजों और शोर के बीच जो बात उभर ही नहीं पा रही है, वह है राज्य द्वारा नागरिकों का शिकार। इसे 'एनकाउंटर' कहिए या 'फेक एनकाउंटर', सच्ची और ठोस हकीकत यह है कि एक भरत तिवारी नाम का युवक था, जो पुलिस के काबू में नहीं आ रहा था। पुलिस ने उसे गोली मारकर काबू में कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जो अपराधी था, वह नहीं रहा, तो कहानी तमाम होती है। क्या सच में कहानी तमाम होती है?

साल 2005 का गुजरात! पूरा देश सोहराबुद्दीन शेख नाम के आतंकी के एनकाउंटर की कहानी से गूंज रहा था। तब आलम ऐसा बनाया गया था, मानो आतंकियों का कोई अंतरराष्ट्रीय गैंग है, जिसने गुजरात में अपनी तमाम ताकत झोंक दी है। वहां से पुलिस-आतंकियों के मुठभेड़ की रोज एक कहानी सामने आती थी और कमाल यह था कि हर कहानी के अंत में आतंकी मारे जाते थे, पुलिस को खरोंच तक नहीं आती थी। आज एनकाउंटर के तमाम मामले गहरे शक के घेरे में हैं। कई मामले तो ऐसे हैं, जिसमें अदालत ने कथित अपराधियों को निर्दोष बता दिया है।

आतंकी कार्रवाई का चरम था मुंबई बम ब्लास्ट! उस केस में सालों मुकदमे के बाद भी पुलिस-प्रशासन अदालत को संतुष्ट नहीं कर सका कि वह जिन्हें आतंकवादी या आतंकी षड्यंत्र में शामिल बता रहा है, उसमें सत्य व तथ्य हैं। वर्षों जेल में रहने के बाद एक-एक कर वे सभी निरीह लोग रिहा होते गए, जिनका जीवन बर्बाद हो चुका था। क्या वे सब निर्दोष थे? कौन कहे? पुलिस ने किसी को ऐसा कहने लायक नहीं छोड़ा। अलबत्ता, यह बात दिन के उजाले की तरह साफ है कि पुलिस की भूमिका पर अदालत को गहरा संदेह है।

हैदराबाद का साल 2019 का वह मामला याद कीजिए, जब वहां की पुलिस ने चार लोगों का दिन-दहाड़े एनकाउंटर कर दिया था और कारण यह बताया था कि वे अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीनकर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह आरोपियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट की वह टिप्पणी पुलिस संगठन के लिए एक सबक होनी चाहिए थी।

हमारा संविधान कहता है कि आप इस तरह किसी की कहानी तमाम नहीं कर सकते! संविधान आगे कहता है, पुलिस का काम अपराध की रोकथाम करना है और जो अपराधी बेकाबू हो जाए, उसे गिरफ्तार करके न्यायालय में लाना है, ताकि न्यायालय उसे संविधान के मुताबिक सजा दे सके। अदालत ने उसे जो सजा दी, उसके साथ उस व्यक्ति को जेल तक पहुंचा देना पुलिस का काम है। संविधान इससे अधिक या इससे आगे पुलिस की किसी भूमिका को मान्य नहीं करता है। यहीं एक पेच भी है कि संविधान यह भी कहता है कि आत्मरक्षा में किसी की जान चली जाए, तो उसे अपराध नहीं माना जाएगा। संविधान के इसी अनुच्छेद की आड़ में वह सारी मनमानी चलती है, जिसे हम यहां एनकाउंटर, फेक एनकाउंटर या पुलिस-अपराधी मुठभेड़ कह रहे हैं।

संविधान की एक दिक्कत यह है कि उसके शब्द और हेतु के बीच एक खाई है। शब्द व अर्थ के बीच ऐसी खाई हरेक जगह है और यह एकदम स्वाभाविक भी है, क्योंकि शब्द हमेशा बेजान होते हैं। शब्द जो कहना चाहते हैं, वह वे तभी पूरी तरह कह पाते हैं, जब कोई उन शब्दों को आचरण में उतारता है। जब आप शब्दों को आचरण से दूर कर देते हैं, तो वे बेजान व अर्थहीन हो जाते हैं। संविधान ने कहा कि पुलिस अपराधी को पकड़े और अदालत के सामने पेश करे, यही उसका काम है। न आगे, न पीछे। अब पुलिस भी जानती है और हम सब भी जानते हैं कि अपराधी हाथ बांधकर तो सामने आएगा नहीं कि पुलिस भाई, हम यहां खड़े हैं। आओ और अपनी सांविधानिक जिम्मेदारी पूरी कर लो! वह भागेगा, धोखा देगा, धमकी देगा, कभी हमला भी कर सकता है, पर पुलिस को अपनी सांविधानिक भूमिका यदि याद है, तो वह ऐसी तमाम कोशिशों को नाकाम करते हुए, बगैर उत्तेजित हुए उसे घेरती रहेगी, बांधती-साधती, निरुपाय करती रहेगी। चूहे-बिल्ली का यह खेल लंबा नहीं चल सकता है।

अपराधी या आतंकी हमेशा कमजोर पिच पर खेलता होता है। नियमतः चलने वाली पुलिस के पीछे पूरा देश, संविधान खड़ा होता है, तो अंततः वह अपराधी टूटेगा ही। इधर वह टूटा, उधर पुलिस को अपना काम पूरा करने का मौका मिला। इसमें जितना वक्त लगेगा, पुलिस को जितना धैर्य रखना पड़ेगा, वह संविधान के पालन की कीमत है। लोकतंत्र की यह कम से कम कीमत है, जिसे सबको अदा करना चाहिए। पुलिस अपनी विफलता, भ्रष्ट आचरण, अपने ऊपर के अधिकारियों के अहं की तुष्टि, यानी सत्ताधीशों के स्वार्थ को पूरा करने का औजार बन जाती है, तब एनकाउंटर वाला रास्ता खुलता है।

स्वर्णाक्षरों में लिखी जाने वाली यह हिदायत हमें याद रखनी चाहिए कि भले अपराधी छूट जाएं, पर निरपराध को सजा नहीं मिले। यह हिदायत अपराधियों को छूट देने की बात नहीं करती है, यह बताना चाहती है कि अपराधी व निर्दोष के बीच एक अत्यंत पतली लकीर होती है, जिसे कोई पार न कर जाए, इसकी सावधानी प्रशासन को, सरकार को रखनी ही चाहिए। ऐसा नहीं हुआ, तो समाज एक ऐसे जंगल में बदल जाएगा जिसमें हर शक्तिवान अपने से कम शक्तिवान का शिकार खेलेगा। हम ऐसे जंगल में रहना चाहते हैं कि समाज में? इसके जवाब में आप जो कहेंगे, उससे ही तय होगा कि आप लोकतंत्र के नागरिक हैं या किसी के पोशीदा हेतु को पूरा करने के औजार?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**मनसा वाचा कर्मणा**

## पुड़िया में इलाज

खोजा एक अच्छा हकीम था। एक दिन एक सेठ उसके पास आया और बोला- खोजा, मैं अपने मोटापे से बहुत परेशान हूं। क्या तुम मेरा इलाज कर सकते हो? खोजा ने सेठ को ऊपर से नीचे तक गौर से देखा, फिर बोला- जरूर कर सकता हूं। सेठ बोला, मैं तुम्हें मुंहमांगा इनाम दूंगा, पर मेरी एक शर्त है। मैं इलाज तो कराऊंगा, मगर चुटकी भर दवा न खाऊंगा। मैं दवा खा-खाकर आजिज आ चुका हूं।

खोजा ने कहा, ठीक है। मैं जो नुस्खा लिख रहा हूं, उसे बस घर जाकर पढ़ लेना। इसके साथ ही खोजा ने एक कागज पर नुस्खा लिखा और उसे पुड़िया की तरह मोड़कर सेठ को थमा दिया। उस नुस्खे में लिखा था- आप पंद्रह दिन में मर जाएंगे।

खोजा की हिदायत के अनुसार, घर पहुंचकर सेठ ने जैसे ही वह नुस्खा पढ़ा, उसकी तो पैरों तले की जमीन ही खिसक गई। वह पलंग पर ढेर हो गया। घबराहट के मारे न तो वह कुछ खा पाता और न ही पी पाता। अगले पंद्रह दिनों में सेठ के मोटे शरीर की सारी चर्बी गल गई। उसकी काया कंकाल मात्र रह गई।

जब पंद्रह दिन बीत गए, तो वह खोजा के पास पहुंचा। सेठ को देखते ही खोजा बोला- आप जरूर मुझे मेरे इलाज का इनाम देने आए होंगे? सेठ ने झुंझलाकर कहा- खोजा! तुमने मुझे धोखा क्यों दिया? तुमने कहा था, मैं पंद्रह दिन के अंदर मर जाऊंगा। फिर मैं जिंदा कैसे हूं?

खोजा ने सेठ से कहा, ज्यादा चालाकी न दिखाइए हुजूर! मेरे नुस्खे की बदौलत ही आपने फालतू चर्बी से छुटकारा पाई है। लाइए, जल्दी से मेरी फीस निकालिए। मौत की फिक्र सबसे कारगर दवा है! यह हर मर्ज को ठीक कर देती है।

**मुल्ला नसीरुद्दीन**

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



नशा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास में बाधा है। यह व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और भविष्य, तीनों को कमजोर करती है। आइए, नशा-मुक्त समाज की दिशा में हर व्यक्ति को जागरूक कर एक बेहतर कल की ओर बढ़ें।

**अनुलोम-विलोम**
**लखनऊ अग्निकांड**



# इस अग्निकांड के लिए पूरा तंत्र जिम्मेदार

लखनऊ में अलीगंज इलाके के एक भवन में वर्षों से हो रही नियमों की अनदेखी ने पंद्रह निर्दोष और ऊर्जावान युवाओं की जान ले ली। आपराधिक लापरवाही के इस विस्फोट के लिए किसी एक-दो को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, बल्कि पूरा तंत्र इसके लिए जवाबदेह है। यह सवाल मौजूं है कि वर्षों से एक अवैध भवन में इतने सारे व्यावसायिक प्रतिष्ठान कैसे चल रहे थे? जब नियमों का उल्लंघन पहली बार हुआ, उसी वक्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इसके लिए हम किसी हादसे का इंतजार क्यों करते रहे? आखिर कब तक हम सांप के बिल में चले जाने पर लाठी पीटने का नाटक करते रहेंगे? क्या मुआवजे की राशि पीड़ित परिवारों को इंसाफ दे सकेगी? सरकारें फौरन जांच बैठा देती हैं, लेकिन यकीन मानिए, इनकी जांच- प्रक्रिया का भी अपना एक तरीका है, जो अंततः निष्प्रभावी साबित होता है। दिल्ली के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में दशकों तक केस चला, लेकिन किसी को मुकम्मल सजा नहीं हुई। संवेदनशील नागरिकों की चिंता तब बढ़ जाती है, जब सरकार के मुखिया एलान करते हैं कि दोषी बच नहीं पाएंगे। वह भूल जाते हैं कि दोषी पूरा तंत्र है। यह स्थिति उस दौर में है, जब बुलडोजर न्याय की तूती बोलती है?

**हर्षवर्द्धन कुमार,** टिप्पणीकार

**लखनऊ** की आग ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मृतकों में अधिकांश विद्यार्थी थे, जो भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और एनिमेशन सेंटर में अध्ययन कर रहे थे। इसका प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन प्रणाली से संचालित था, जो आपात स्थिति में समय पर नहीं खुल पाया। साथ ही, भवन में आपातकालीन निकास मार्ग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी और भवन की सीढ़ियां भी अत्यंत संकरी थीं। यदि भवन का निर्माण स्वीकृत नक्शे के विपरीत किया गया था, अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई थी, फायर सेफ्टी उपकरण पर्याप्त नहीं थे तथा हाइड्रेंट सिस्टम भी काम नहीं कर रहा था, तो यह निश्चित रूप से घोर लापरवाही का ही मामला कहा जा सकता है। आज कोचिंग संस्थानों, पुस्तकालयों, विद्यालयों और विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए अग्नि सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करना आवश्यक है। भवन निर्माण के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन तथा संबंधित विभागों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता रहे, तो आगजनी की घटनाओं और उनसे होने वाली जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

**सुनील कुमार महला,** टिप्पणीकार

# हम नागरिक जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे

लखनऊ के अलीगंज की आग अब शांत पड़ चुकी है। बस, उन पंद्रह परिवारों को धैर्य धारण करने में वक्त लगेगा। उन बदनसीब नौजवानों के माता-पिता का दर्द तो जिंदगी भर का है। प्रशासनिक लापरवाही का बचाव किसी सूरत नहीं की जा सकती, मगर इस दर्दनाक हादसे ने कुछ गंभीर सवाल खड़े किए हैं। हम हर हादसे, दुर्घटना के बाद सरकार को कोसते हैं, प्रशासन को गालियां देते हैं, लेकिन क्या हम कभी अपनी कारकर्दगी पर गौर कर पाते हैं? आखिर वह इमारत सरकारी तो नहीं थी। उसमें इतने सारे व्यावसायिक काम हो रहे थे, क्या उन सबको भी कठघरे में नहीं खड़ा करना चाहिए कि आपने इस इमारत में दुकानें, प्रशिक्षण केंद्र खोले ही कैसे, जब वह इसके लिए अधिकृत ही नहीं थी?

हम अपने बेटे-बेटी की शादियां करते हैं, तो पूरी छानबीन करते हैं, आस-पड़ोस, गांव, रिश्तेदारों से लड़के-लड़की और परिवार के बारे में सूचनाओं को ठोक-बजाकर संतुष्ट होने के बाद ही आगे बढ़ते हैं, फिर अपने बच्चों के शिक्षण संस्थानों की पड़ताल क्यों नहीं करते? आखिरकार, कोई भी शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्र मुफ्त में तो नहीं पढ़ाता? यह हरेक माता-पिता का दायित्व है कि वे सभी सुरक्षा पहलुओं की पूरी तरह जांच-पड़ताल करें। दरअसल, हमने यह मान लिया है कि हिन्दुस्तान में इतनी आबादी है कि कोई भी संस्थान सुरक्षा के सभी मानक पूरे नहीं कर सकता।

हमारी इसी उदासीनता का फायदा धनलोलुप शिक्षण संस्थान उठाते हैं और बच्चों को दड़बेनुमा कमरों में ठूंस देते हैं। ऐसे में, किसी आपात स्थिति में कई लोगों की जान पर बन आती है। यह तय मानिए, लखनऊ के हादसे के बाद भी लोग नहीं बदलेंगे, न अपने आचरण में और न जागरूकता में।

यह उस इमारत के पड़ोस में बसे निवासियों की भी गलती मानी जानी चाहिए कि उन्होंने अवैधानिक रूप से कमाई कर रहे भवन मालिक के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। अगर वे संगठित होकर विरोध करते, तो यह स्थिति ही पैदा नहीं होती। अगर देश के आधे नागरिक भी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो जाएं, तो नब्बे फीसदी समस्याएं दूर हो जाएं। मगर हम इतने आत्मकेंद्रित समाज होते जा रहे हैं कि दूसरों की कोई परवाह ही नहीं। बावजूद इसके हम अपने को सबसे बड़े राष्ट्रवादी बताते नहीं थकते। जो नागरिक अपने आस-पड़ोस के हालात के प्रति संवेदनशील नहीं, वह खाक देश के मामले में संजीदा होगा? इस हादसे का सबसे बड़ा सबक यही है कि अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को निभाना सीखें।

**वेदना सिंह राठौर,** टिप्पणीकार

# कारें हो जाएंगी स्मार्ट डिवाइस

**कारों की दुनिया अब सिर्फ इंजन, माइलेज और डिजाइन तक सीमित नहीं रही। एडीएएस, एआई, कनेक्टिविटी और ओटीए जैसे फीचर्स गाड़ियों को लगातार अपडेट होने वाले स्मार्ट डिवाइस में बदल रहे हैं। यही वजह है कि आधुनिक वाहनों को अब 'सॉफ्टवेयर ऑन व्हील्स' और 'सॉफ्टवेयर-डिफाइंड व्हीकल' कहा जाने लगा है। कैसे और क्यों? बता रही हैं रूपाली चतुर्वेदी**

भारतीय बाजार में स्मार्ट कारों का बढ़ता चलन आंकड़ों में भी साफ दिख रहा है। जाटो डायनेमिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में एडीएएस वाले यात्री वाहनों की हिस्सेदारी बढ़कर 8.3 प्रतिशत पहुंच गई, जो एक साल पहले 6.2 प्रतिशत थी। वहीं, एडीएएस से लैस वाहनों में वेरिएंट्स की संख्या में 80 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक स्तर पर भी सॉफ्टवेयर-आधारित वाहनों का दायरा बढ़ रहा है। एक सर्वे में 67 प्रतिशत ऑटो इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने बताया कि उनकी गाड़ियों में ओटीए अपडेट की सुविधा पहले से मौजूद है।

### भविष्य की दिशा कैसी होगी

आने वाले वर्षों में कार, स्मार्टफोन और स्मार्ट होम के बीच की दूरी और कम हो सकती है। वाहन चालक की जरूरतों को समझकर सुझाव देने, नजदीकी चार्जिंग स्टेशन की जानकारी देने और कई डिजिटल कार्य खुद करने में सक्षम होंगे। आईबीएम के एक वैश्विक अध्ययन में 74 प्रतिशत ऑटो उद्योग अधिकारियों ने माना कि 2035 तक वाहन बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर-डिफाइंड और एआई-संचालित हो जाएंगे। यानी भविष्य में कारें केवल परिवहन का साधन नहीं रहेंगी, बल्कि लोगों के डिजिटल जीवन का अहम हिस्सा बन जाएंगी।

### एआई बना रहा कार को समझदार

आज की कारों में वॉयस असिस्टेंट, स्मार्ट नेविगेशन, पर्सनलाइज्ड सेटिंग्स और प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस जैसी सुविधाएं ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बना रही हैं। एआई की मदद से ये वाहन चालक की पसंद याद रख सकते हैं, ट्रैफिक के हिसाब से रास्ता सुझा सकते हैं और संभावित खराबी का पहले ही संकेत दे सकते हैं।

### कनेक्टेड कार का बढ़ता दायरा

कारें अब सिर्फ परिवहन नहीं, बल्कि कनेक्टेड डिजिटल इकोसिस्टम बनती जा रही हैं।

- मोबाइल एप के जरिए कई कारों में वाहन को लॉक-अनलॉक करना, लोकेशन देखना, रिमोट स्टार्ट करना और उसकी स्थिति की जानकारी पाना संभव हो गया है।




**8.3** फीसदी रही एडीएएस से लैस यात्री वाहनों की हिस्सेदारी बीते साल पहली छमाही में।

- रियल-टाइम ट्रैफिक अपडेट, सर्विस रिमाइंडर, इमरजेंसी अलर्ट और चोरी होने पर ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं कारों को इंटरनेट व क्लाउड सेवाओं से जोड़ रही हैं।
- नई गाड़ियों में एम्बेडेड सिम और टेलीमैटिक्स सिस्टम दिए जा रहे हैं, जो वाहन की परफॉर्मेंस, बैटरी और संभावित खराबी की जानकारी पहले ही दे सकते हैं, जिससे समय रहते सुधार किया जा सकता है।

**एडीएएस है ड्राइविंग में सुरक्षा कवच :** लंबी यात्रा या भीड़भाड़ वाली सड़कों पर छोटी-सी चूक भी बड़ा हादसा बन सकती है। ऐसे में एडीएएस तकनीक अतिरिक्त सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। कैमरे, सेंसर और सॉफ्टवेयर की मदद से यह सिस्टम खतरे की पहचान कर समय रहते चेतावनी देता है और दुर्घटना की संभावना कम करता है। ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग, लेन-कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग और एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स आधुनिक कारों की सुरक्षा को नई ऊंचाई दे रहे हैं।

**कार के भीतर 'डिजिटल स्पेस' :** बड़े टचस्क्रीन, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और स्मार्ट कनेक्टिविटी ने कार के केबिन को डिजिटल स्पेस में बदल दिया है। एप्पल कारप्ले, एंड्रॉयड ऑटो और एप इंटीग्रेशन की मदद से नेविगेशन, मनोरंजन और जरूरी जानकारी एक ही जगह मिल जाती है।

**डाटा से बदलती ऑटो दुनिया :** आधुनिक कारें अपने परफॉरमेंस, ड्राइविंग पैटर्न और तकनीकी स्थिति से जुड़ा बड़ा डाटा लगातार तैयार कर रही हैं। इस डाटा की मदद से बेहतर सर्विसिंग, संभावित खराबियों की पूर्व पहचान और ड्राइवर के लिए पर्सनलाइज्ड सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसलिए डाटा को आज ऑटो उद्योग का नया ईंधन माना जा रहा है।

**सबस्क्रिप्शन मॉडल का बढ़ता चलन :** भविष्य में कुछ वाहन सुविधाएं जरूरत के अनुसार चालू की जा सकेंगी। कई फीचर्स कार में पहले से मौजूद होंगे, लेकिन उन्हें इस्तेमाल करने के लिए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। इससे कंपनियां कार बिक्री ही नहीं, बल्कि डिजिटल सेवाओं से भी कमाई बढ़ाने की दिशा में बढ़ रही हैं।

**इलेक्ट्रिक वाहनों ने बढ़ाई रफ्तार :** इलेक्ट्रिक वाहन सिर्फ पेट्रोल-डीजल का विकल्प नहीं हैं। इनमें बैटरी मैनेजमेंट, चार्जिंग और ऊर्जा प्रबंधन जैसी कई प्रक्रियाएं सॉफ्टवेयर पर आधारित होती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में ईवी सेगमेंट में एडीएएस की हिस्सेदारी 36 फीसदी से अधिक रही। यह दिखाता है कि ई-वाहन न सिर्फ परिवहन का तरीका बदल रहे हैं, बल्कि ऑटो उद्योग के डिजिटल बदलाव को भी तेज कर रहे हैं।

### इन कारों में मिल रही एडवांस टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर

- महिंद्रा एक्सयूवी700 –एडीएएस, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी और ओटीए अपडेट जैसे स्मार्ट फीचर्स मिलते हैं।
- महिंद्रा बीई 6 – डिजिटल कॉकपिट, एआई आधारित फीचर्स दिए गए हैं।
- टाटा कर्व ईवी – एडीएएस, कनेक्टेड फीचर्स, डिजिटल डिस्प्ले मौजूद हैं।
- हुंडई क्रेटा – एडीएएस, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी मिलती है।
- किया सेल्टोस – एडीएएस, रिमोट कंट्रोल व कनेक्टेड फीचर दिए गए हैं।
- एमजी विंडसर ईवी – ओटीए अपडेट, स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ।
- बीवाईडी सील – एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस व डिजिटल फीचर से लैस।

### विशेषज्ञ की राय

पिछले कुछ दशकों में ऑटोमोबाइल तकनीक में तेजी से बदलाव आया है। आज की कारें सिर्फ मैकेनिकल मशीनें नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स से लैस स्मार्ट वाहन बन चुकी हैं। एबीएस, ईबीडी और एडीएएस जैसी तकनीकों ने सुरक्षा को बेहतर बनाया है, जबकि एआई और ईसीयू कई कामों को अधिक सटीक और सुरक्षित तरीके से संचालित कर रहे हैं। इंजन, ब्रेक, ट्रांसमिशन, एयरबैग और ड्राइवर असिस्ट सिस्टम जैसे कई महत्वपूर्ण फीचर अब इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट्स के जरिए काम करते हैं। आने वाले समय में वाहन और अधिक कनेक्टेड, स्वचालित और पर्यावरण-अनुकूल होंगे।

**टूटू धवन, ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट एवं एनालिस्ट**

### सावधानियां भी रखें

कनेक्टेड वाहनों में सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें, केवल आधिकारिक सॉफ्टवेयर अपडेट इंस्टॉल करें और एप्स की प्राइवेसी सेटिंग जांचते रहें। संदिग्ध लिंक व अनजान एप से बचें।

### खरीद के बाद भी अपग्रेड

अब कार खरीदने के बाद भी सॉफ्टवेयर अपडेट से नई सुविधाएं जोड़ी जा सकती हैं। कंपनियां ओटीए अपडेट के जरिए नेविगेशन, इंफोटेनमेंट और कुछ सुरक्षा फीचर्स अपग्रेड कर रही हैं। यानी कार का डिजिटल सफर खरीद के बाद भी जारी रहता है।

### साइबर सिक्योरिटी भी जरूरी

कारें जितनी तेजी से इंटरनेट से जुड़ रही हैं, उतना ही डिजिटल सुरक्षा का महत्व बढ़ रहा है। सुरक्षित वाहन का मतलब मजबूत बॉडी, एयरबैग व ब्रेकिंग सिस्टम के साथ डाटा और साइबर सुरक्षा भी होगा।

**विविध**

## चैट जीपीटी से संवाद होगा अब और बेहतर




**ओपन** एआई का नया वॉइस मॉडल जीपीटी-बिडी-1 चैटजीपीटी को अधिक स्वाभाविक तरीके से बातचीत करने में सक्षम बना सकता है। चर्चा है कि इस मॉडल की टेस्टिंग अंदरूनी तौर पर कंपनी में चल रही है। इसकी मदद से चैट जीपीटी अपने यूजर की बात सुनते हुए उसी समय जवाब दे सकेगा। हालांकि, ओपन एआई ने अभी तक इस नए वॉइस मॉडल की आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की है।

**बातचीत में नहीं आएगा ठहराव :** अभी एआई यूजर की पूरी बात सुनता है, फिर उसे समझकर जवाब देता है। इस प्रक्रिया में कुछ सेकंड का अंतर आ जाता है, जिससे बातचीत थोड़ी कृत्रिम लग सकती है। जीपीटी-बिडी1 का मकसद इसी अंतर को कम कर एआई और इंसानों के बीच संवाद पहले से कहीं ज्यादा स्वाभाविक बनाना है।

**सुनते हुए देगा तुरंत प्रतिक्रिया :** नए मॉडल की सबसे बड़ी खासियत इसकी 'लिसन एंड टॉक सिमल्टेनियसली' क्षमता बताई जा रही है। यानी चैट जीपीटी आपकी पूरी बात खत्म होने का इंतजार किए बिना बातचीत को समझते हुए प्रतिक्रिया दे सकेगा। अगर आप बीच में कोई बात जोड़ते हैं या अपनी राय बदलते हैं, तो मॉडल तुरंत खुद को उसके अनुसार ढाल सकेगा।

**मिल सकते हैं अलग-अलग मोड :** चर्चा है कि नए मॉडल में अलग-अलग मोड मिल सकते हैं। यह मॉडल 'हाई', 'मीडियम' और 'इंस्टेंट' जैसे विकल्पों में आ सकता है। यूजर जरूरत के हिसाब से मोड चुन सकेंगे। **-रिया**

**स्मार्टफोन**

## लंबे बैकअप वाले नए 5जी स्मार्टफोन

**स्मार्टफोन** के भारतीय ब्रांड एआई+ ने भारत में अपने दो नए 5जी स्मार्टफोन, एआई+ नोवा 2 प्रो5जी और एआई+ नोवा 2 नियो 5जी पेश किए हैं। दोनों डिवाइस बड़ी बैटरी, एलईडी लाइट डिजाइन और 5जी कनेक्टिविटी जैसी खूबियों के साथ आए हैं। कंपनी ने इन्हें उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश किया है, जो कम कीमत में लंबे बैकअप और आकर्षक डिजाइन वाला स्मार्टफोन चाहते हैं। दोनो ही फोन सुरक्षा, रिफ्रेश रेट में उम्दा हैं और एआई-की से लैस हैं।




### नोवा 2 प्रो 5जी

यह इस सीरीज का अधिक प्रीमियम और पावरफुल फोन है। इस फोन में 6.9 इंच का फुल एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। फोन के बैक पैनल पर एलईडी लाइट्स मिलती हैं, जो कॉल और नोटिफिकेशन के दौरान चमकती हैं और इसे अलग रूप देती हैं।

**लंबी चलेगी बैटरी :** फोन में 6500एमएएच की बैटरी दी गई है, जो लंबे समय तक बैकअप का दावा करती है।

**कीमत :** एआई+ नोवा 2 प्रो5जी को 12,000-15,000 रुपये के बजट सेगमेंट में पेश किया गया है।

### नोवा 2 नियो 5जी

एआई+ नोवा 2 नियो 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर दिया गया है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 48 एमपी का प्राइमरी रियर कैमरा मिलता है, जो रोजमर्रा के इस्तेमाल और 5जी अनुभव पर फोकस करता है।

**6000एमएएच की बैटरी :** फोन में 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो लंबे बैकअप में मदद कर सकती है।

**कितने काम की :** मल्टीटास्किंग, मनोरंजन और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए यह फोन किफायती दर पर एक संतुलित विकल्प देने की कोशिश है।

**कीमत :** इस फोन की शुरुआती कीमत 12,999 रुपये रखी गई है। दोनों स्मार्टफोन दो-दो रैम और स्टोरेज विकल्पों में उपलब्ध होंगे।

**कहां से खरीदें:** ऑनलाइन मंच जैसे कि फ्लिपकार्ट पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा।

### जल्द आएगा नथिंग फोन 4बी, बाजार में बढ़ेगी होड़

नथिंग अपने नए स्मार्टफोन नथिंग फोन 4बी को जुलाई के पहले हफ्ते में पेश कर सकती है। फोन में कंपनी का सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट लुक, ग्लिफ लाइटिंग सिस्टम और फ्लैट एज डिजाइन देखने को मिल सकता है।

**पुराने अंदाज में नया डिजाइन :** नथिंग फोन 4बी में कंपनी का पारदर्शी डिजाइन पहले जैसा ही रह सकता है। तस्वीरों में फोन के फ्लैट किनारे, गोल कोने और पीछे की तरफ दिखने वाले स्क्रू नजर आए हैं। कैमरा, सर्च और रोजमर्रा के इस्तेमाल को आसान बनाने के लिए नए एआई फीचर्स दिए जा सकते हैं।

**कैमरा और बैटरी:** 50 मेगापिक्सल के मुख्य कैमरा और 8 मेगापिक्सल का दूसरा रियर कैमरा मिल सकता है। वहीं, लंबे बैकअप के लिए 5000 एमएएच से 6000एमएएच तक की बड़ी बैटरी मिल सकती है।



**कब आएगा :** यह फोन 7 जुलाई को भारत में पेश होने की उम्मीद है।

**कीमत कितनी :** इसकी अनुमानित कीमत करीब 25,000 से 30,000 रुपये रखी जा सकती है।

**कहां से खरीदें :** बिक्री के लिए ई-कॉमर्स मंच, जैसे कि फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा।

**फीचर डेस्क**

## दोपहिया पर लंबे सफर से पहले समझ लें कुछ सुरक्षा उपाय

**खुली सड़क और मोटरबाइक पर नई जगहों को देखने का रोमांच ही बाइक टूरिंग की असली पहचान है। हालांकि, लंबी बाइक यात्रा पर निकलने से पहले कुछ तैयारियां जरूरी हैं, ताकि सफर सुरक्षित और यादगार बने**

**टिप्स**

**अपनी** दमदार मोटरसाइकिल पर लंबा सफर आज युवाओं की पसंद बन चुका है, लेकिन हर रास्ते की अपनी चुनौतियां होती हैं। पहाड़, हाईवे और बारिश में बाइक चलाते समय कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर सफर को आसान और सुरक्षित बनाया जा सकता है-

**पहाड़ी रास्तों पर निकलें तो :** मनाली-लेह और स्पीति जैसे पहाड़ी रूट पर अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। ऊंचाई बढ़ने के साथ ऑक्सीजन कम होती है, इसलिए बीच-बीच में रुककर पानी पिएं और आराम करें। ब्लाइंड मोड़, ढलान या संकरी सड़कों पर बाइक न रोकें। पहाड़ों में मौसम तेजी से बदलता है, इसलिए रेन गियर, गर्म कपड़े व जरूरी सामान साथ रखें। तेज रफ्तार से बचें।

**तटीय रास्तों पर अलग नियम :** मुंबई-गोवा व चेन्नई-पुडुचेरी जैसे तटीय रूट पर गर्मी और नमी जल्दी थका सकती है। इसलिए, हल्का सामान रखें, पानी पीते रहें और सफर की शुरुआत जल्दी करें, जब ट्रैफिक कम और मौसम सुहावना हो।

**कम सुविधाओं वाले रूट पर :** गुवाहाटी-तवांग जैसे रूट पर पेट्रोल पंप, मोबाइल नेटवर्क और मरम्मत सुविधाएं सीमित हो सकती हैं। इसलिए ऑफलाइन मैप, दवाएं और बेसिक टूल किट साथ रखें। यात्रा की योजना पहले बना लें। पहाड़ों के लिए हिमालयन 450 और लंबे हाईवे के लिए मीटिओर 350 व अपाचे आरटीआर 310 जैसी मोटरसाइकिलें बेहतर विकल्प हैं।

### रास्ता बदलें, तैयारी भी बदलें

- पहाड़ी रास्तों पर हर डेढ़-दो घंटे में छोटा ब्रेक लें, लेकिन ब्लाइंड मोड़ या ढलान पर बाइक न रोकें।
- पड़ाव के लिए हमेशा सुरक्षित और समतल जगह चुनें।
- लंबे हाईवे पर नियमित अंतराल पर आराम करें और टैंक आधा होते ही अगले पेट्रोल पंप की योजना बना लें।
- रात में रुकने पर रोशनी और आबादी वाली जगह को प्राथमिकता दें।
- हेलमेट, राइडिंग जैकेट, ग्लव्स व मजबूत जूते जैसे सुरक्षा गियर जरूर पहनें।
- नेटवर्क कमजोर होने की स्थिति में ऑफलाइन मैप और जरूरी संपर्क नंबर पहले से सेव कर लें।
- पहाड़ी रूट पर इंजन को ठंडा होने का समय दें।

**- श्वेता**



## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी, परंतु यात्रा लाभप्रद रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** मन परेशान रहेगा। सेहत के प्रति सचेत रहें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कर्क :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। परिवार में सुख-शांति रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** संयत रहें। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** लंबे समय के बाद किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**तुला :** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में भी वृद्धि होगी। वाहन सुख में भी वृद्धि हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ में वृद्धि हो सकती है।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। मित्रों का सहयोग भी मिल सकता है। खर्चों में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं। माता की सेहत का भी ध्यान रखें।

**मीन :** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव आ सकता है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

27 जून, शनिवार, **शक संवत् :** 06,आषाढ़ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग :** 13, आषाढ़ मास प्रविष्टे 2083 ,**इस्लाम :** 11, मोहर्रम, 1448, **विक्रमी संवत् :** द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि रात्रि 12.44 मिनट तक पश्चात चतुर्दशी तिथि, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 10.11 मिनट तक पश्चात ज्येष्ठा नक्षत्र, साध्य योग दोपहर 12.33 मिनट तक पश्चात शुभ योग, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में (दिन रात)

**सूर्य उत्तरायण।** प्रातः 09 बजे से प्रातः 10.30 मिनट तक राहुकालम्। शनि प्रदोष व्रत। वट सावित्री व्रतारम्भ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**ऐसे कौन-कौन से काम हैं, जिन्हें करना शुभ नहीं माना जाता।**

- कभी भी केसर, हल्दी एवं रूमाल दूसरों को भेंट नहीं करना चाहिए। दूसरों के पहने हुए वस्त्र नहीं पहनने चाहिए। कोशिश करें कि दूसरों के बिस्तर पर भी न सोएं।
- दूसरों के हाथ से लोहा, चमड़ा, नमक , कोयला नहीं लेना चाहिए, वरना उसके संकट अपने ऊपर आने की संभावना बन सकती है।
- हर किसी के यहां भोजन नहीं करना चाहिए। यदि वह व्यक्ति आपराधिक प्रवृत्ति का है तो आप को भी फर्क पड़ेगा। घर का कबाड़ बेचकर उसके पैसे किसी धर्म कार्य में लगाना चाहिए। कोशिश करें कि कबाड़ के पैसे प्रयोग न करें।

### वर्ग पहेली : 8372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | | |
| 5 | | | | 6 | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | ■ | 10 | ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | |
| | ■ | | ■ | 13 | ■ | | ■ | |
| 14 | | | | | 15 | ■ | 16 | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 17 | | | | |
| 18 | | | | ■ | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
3. उद्धार होना; छुटकारा पाना; निस्तार पाना; बचना; मुक्त होना; ऊपर आना; तल पर आना (4)
5. ज्यादा से ज्यादा; अधिक से अधिक (5)
7. तड़कने की प्रक्रिया होना; छौंक लगना (3,3)
11. किसी के सत्कार्यों, सद्गुणों आदि की स्तुति करते हुए दिया जाने वाला पत्र; अभिनंदन पत्र (4)
12. जिसका कोई मानक न हो; स्तर के बिना (4)
14. युद्धकाल का; समरकाल से संबंधित (6)
17. मतलब पूरा होना; युक्ति चल जाना; दाल पक जाना (2,3)
18. अमानत; थाती (4)

**ऊपर से नीचे**
1. कानून संबंधी; विधिसम्मत; वैध (3)
2. जिसमें रुकावट हों; अवरुद्ध; बाधाग्रस्त; विलंबित (3)
4. ज्यों का त्यों करना; पुराने हालात पैदा करना; पुनर्नियुक्त करना; पूर्व स्थिति बनाना (3,3)
6. तिक्त; 'मीठे' का उलटा (3)
8. गज; गजानन; हाथी; हाथी जैसे मुख वाला (4)
9. पूर्ण अंधेरी रात; कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि; अमावस्या (4)
10. अस्पताल; इलाज करने का स्थान; उपचार स्थल; चिकित्सा केंद्र (6)
13. कसार; चूरमा; मसला (3)
15. छोटी नली; नलिका (3)
16. घोंसला; नीड़; बसेरा (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8371

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | ■ | 2 चा | ■ | 3 आ | धा | 4 अ | धू | 5 रा |
| 6 ल | ज्जि | त | हो | ना | ■ | त्या | ■ | ई |
| ब | ■ | क | ■ | ■ | 7 य | व | नि | का |
| 8 न | दी | ■ | ■ | 9 ब | ■ | श्य | ■ | प |
| क | ■ | 10 लो | क | से | व | क | ■ | हा |
| र | ■ | क | ■ | रा | ■ | ■ | 11 भी | ड़ |
| 12 बे | ल | गा | ड़ी | ■ | ■ | 13 ग | ■ | ब |
| ठ | ■ | य | ■ | 14 क | स | म | दे | ना |
| 15 ना | म | क | र | ण | ■ | ला | ■ | ना |

### सुडोकू : 8333

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 3 |
| | 4 | | | 9 | | | 6 | |
| 7 | | | 8 | | 1 | | | 4 |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| 8 | | | 5 | | 6 | | | 1 |
| | | | 3 | | 2 | | | |
| 3 | | | 2 | | 8 | | | 9 |
| | 8 | | | 6 | | | 4 | |
| 1 | | 2 | | | | 5 | | 6 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 |

# Get Exclusive Access to My Private Channel

## ✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

### ♦️ Indian Newspaper

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

### ♦️ International Newspapers channel

[Europian, American, Gulf & Asia]

### ♦️ Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

### ♦️ English & Hindi Editorials

[National + International Editorials]

**Click here to join**